

■ पश्चिम एशिया में तनाव से शेयर बाजार में गिरावट जारी सेंसेक्स 852 अंक टूटा- 12



■ ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्याग पत्र - 13



■ होर्मुज के बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त : पेंटागन - 13



■ 'मैदान पर आने से पहले होटल में ही छोड़ देता हूं अहंकार' - 14


आज का मौसम
42.0° अधिकतम तापमान
27.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.37
सूर्यास्त 06.35

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष अष्टमी 07:22 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 76, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# हाईस्कूल में कशिश-अंशिका संयुक्त टॉपर, इंटर में शिखा अव्वल

## यूपी बोर्ड परीक्षाफल

### बेटियों का जलवा, 10वीं में 90.42% और 12वीं में 80.38% छात्र-छात्राएं सफल, 12वीं में दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के वर्ष 2026 के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिए गए। इस वर्ष भी बेटियों का शानदार प्रदर्शन कायम रहा। हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा और बाराबंकी की अंशिका वर्मा संयुक्त रूप से टॉपर बनीं, जबकि इंटरमीडिएट में सीतापुर की शिखा वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान, जबकि दूसरे व तीसरे स्थान पर बरेली और बाराबंकी की बेटियां संयुक्त टॉपर रहीं।

हाईस्कूल का कुल उत्तीर्ण प्रतिशत 90.42 रहा, जबकि इंटरमीडिएट में 80.38 प्रतिशत छात्र-छात्राएं सफल घोषित किए गए। परीक्षा 22 फरवरी से 9 मार्च के बीच 8,265 केंद्रों पर आयोजित हुई थी और मूल्यांकन कार्य भी रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया। हालांकि पंजीकरण कराने के बावजूद लगभग 1.2 लाख छात्र (सभी वर्गों को मिलाकर) परीक्षा देने ही नहीं पहुंचे। अकेले विज्ञान वर्ग में ही 45,000 छात्रों ने परीक्षा छोड़ी। इस वर्ष हाईस्कूल में सीतापुर की कशिश वर्मा व बाराबंकी की अंशिका वर्मा ने 97.83 % अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। दूसरे पर बाराबंकी की अदिति (97.50%) रहीं, जबकि तीसरे पर सीतापुर की अर्पिता, झांसी के ऋषभ साहू और बाराबंकी की परी वर्मा रहे। 12वीं में भी सीतापुर का दबदबा कायम रहा। यहां शिखा वर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर बरेली की नंदिनी गुप्ता और बाराबंकी की श्रेया वर्मा (97.20%) रहीं, जबकि तीसरे स्थान पर बरेली की सुरभि यादव और बाराबंकी की पूजा पाल (97%) ने जगह बनाई।



**प्रयागराज :** 10वीं और 12 वीं के परिणाम घोषित होने के बाद खुशी से झूम उठीं छात्राएं।

### मुख्यमंत्री योगी ने दी बधाई

परिणाम जारी होते ही मुख्यमंत्री योगी ने सभी टॉपर और सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। 'एक्स' पर अपने संदेश में लिखा कि यह सफलता विद्यार्थियों के परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। उन्होंने छात्रों से भविष्य में भी इसी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### बेटियों ने मारी 'हैट्रिक'

आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि हर वर्ग में बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत बालकों से काफी बेहतर है। मानविकी वर्ग में जहां 81.06% लड़कियां पास हुईं, वहीं लड़कों का आंकड़ा महज 67.11% रहा। विज्ञान वर्ग में भी लड़कियों ने 90.44% रिजल्ट देकर लड़कों (76.79%) को पछाड़ दिया है। आंकड़ों ने स्पष्ट कर दिया है कि छात्राओं का दबदबा हर क्षेत्र में बरकरार है, जबकि स्ट्रीम के लिहाज से विज्ञान और कृषि विषयों में सफलता का प्रतिशत सबसे शानदार रहा है। परीक्षा परिणामों में कृषि भाग-2 के छात्रों ने 93.55% सफलता दर के साथ सबको पीछे छोड़ दिया है। वहीं, मुख्य स्ट्रीम्स की बात करें तो विज्ञान 82.15% छात्र सफल रहे।

### हाईस्कूल में टॉप-3



| 97.83% | 97.83% | 97.50% | 97.33% | 97.33% | 97.33% |
|---|---|---|---|---|---|
| कशिश वर्मा<br>सीतापुर | अंशिका वर्मा<br>बाराबंकी | अदिति<br>बाराबंकी | अर्पिता<br>सीतापुर | ऋषभ साहू<br>झांसी | परी वर्मा<br>बाराबंकी |

### इंटरमीडिएट में टॉप-3



| 97.60% | 97.20% | 97.20% | 97.00% | 97.00% |
|---|---|---|---|---|
| शिखा वर्मा<br>सीतापुर | नंदनी गुप्ता<br>बरेली | श्रिया वर्मा<br>बाराबंकी | सुरभि यादव<br>बरेली | पूजा पाल<br>बाराबंकी |


10वीं 12वीं परिणाम की खबरें भीतर पढ़े


## पश्चिम बंगाल में 91.78% मतदान, आजादी के बाद सर्वाधिक, कई जगह हुई हिंसा

कोलकाता/चेन्नई, एजेंसी

प. बंगाल और तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में गुरुवार को बंपर वोटिंग हुई। बंगाल की 294 सीटों में से 152 सीटों पर पहले फेज में 91.78% मतदान हुआ। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 84.29% वोटिंग हुई। चुनाव आयोग के आंकड़े शाम 8 बजे तक हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि प. बंगाल में आजादी के बाद से अब तक का सर्वाधिक मतदान प्रतिशत दर्ज किया गया है। बंगाल में 2011 में 84.72% मतदान दर्ज किया गया था। राज्य में दूसरे चरण के चुनाव में 142 सीट पर 29 अप्रैल को मतदान होगा। विधानसभा चुनाव के नतीजे 4 मई को एकसाथ आएंगे। बंगाल में मतदान के दौरान बीरभूम, मुर्शिदाबाद, दिनाजपुर, आसनसोल में झड़प की घटनाएं हुई। कम से कम तीन उम्मीदवारों पर हमले हुए। निर्वाचन आयोग ने हिंसा के संबंध में अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। बीरभूम जिले के खारिसोल में अंतिम घंटों के दौरान तनाव काफी बढ़ गया, जब मतदाताओं ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के पक्ष में डाले गए वोट भाजपा के खाते में दर्ज हो रहे हैं। चुनाव अधिकारियों और नाराज मतदाताओं के बीच बहस छिड़ने के बाद स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद स्थानीय लोगों का एक समूह मतदान केंद्र के बाहर इकट्ठा हो गया और प्रदर्शन करने लगा। यहां स्थानीय लोगों और सुरक्षाकर्मियों के बीच झड़प हो गई। इससे पहले, दक्षिण दिनाजपुर के कुमारगंज में भाजपा उम्मीदवार शुभेंदु सरकार के साथ उस समय हाथापाई की गई जब वह गड़बड़ी की खबरों के बाद एक मतदान केंद्र की ओर जा रहे थे। शुभेंदु सरकार ने दावा किया कि पुलिस की मौजूदगी में उनकी पिटाई की गई और उनके वाहन में तोड़फोड़ की गई।

## व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी की जानकारी स्वीकार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह सभी प्रतिष्ठित लेखकों और विचारकों के विचारों का सम्मान करता है, लेकिन वह 'व्हाट्सएप यूनिवर्सिटी' से मिली जानकारी स्वीकार नहीं कर सकता। नौ जजों की संविधान पीठ ने यह टिप्पणी उस समय की, जब वह केरल के सबरीमाला मंदिर सहित धार्मिक स्थलों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और विभिन्न धर्मों द्वारा अपनाई जाने वाली धार्मिक स्वतंत्रता की सीमा एवं दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। दाऊदी बोहरा समुदाय के प्रमुख की ओर से पेश अधिवक्ता नीरज किशन कौल ने कांग्रेस नेता शशि थरूर द्वारा लिखे गए एक लेख का हवाला दिया, जिसमें धार्मिक राहत से जुड़े मामलों में न्यायिक संयम की बात कही गई थी। इस पर सीजेआई सूर्यकांत ने कहा, हम सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों, विधिवेत्ताओं आदि का सम्मान करते हैं, लेकिन व्यक्तिगत राय, व्यक्तिगत राय ही होती है। कौल ने कहा कि सभी स्रोतों से जानकारी लेने में कोई बुराई नहीं है।




# जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उड़ानों को लगा 'सुरक्षा नियम' का ब्रेक

## सीईओ की नागरिकता बनी अड़ंगा, अधर में लटका प्रोजेक्ट, गृह मंत्रालय ने सुरक्षा नियम में ढील से किया इनकार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीसीएएस की मंजूरी अटकी जहाजों की उड़ान शुरू होने की समयसीमा अनिश्चित



**अमृत विचारः** बहुप्रतीक्षित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ानें शुरू होने में अब तकनीकी नहीं, बल्कि नीतिगत अड़चन सबसे बड़ी बाधा बन गई है। कागजों पर तैयार दिख रहा यह प्रोजेक्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय के एक सुरक्षा नियम में उलझकर फिलहाल अधर में लटक गया है।

दरअसल, ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्योरिटी के 2011 के नियम के अनुसार, किसी भी ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) भारतीय नागरिक होना जरूरी है, क्योंकि वही सुरक्षा समन्वयक की भूमिका निभाता है। इसी नियम में ढील देने का प्रस्ताव गृह मंत्रालय ने खारिज कर दिया, जिसके बाद जेवर एयरपोर्ट की उड़ानों की समयसीमा फिर अनिश्चित हो गई है। जेवर एयरपोर्ट का संचालन यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. कर रही है, जो स्विस कंपनी जुरिच एयरपोर्ट इंटरनेशनल एजी की सहायक है। कंपनी के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन स्विस नागरिक हैं। यहीं से पूरा विवाद खड़ा हुआ, क्योंकि नियम के तहत सुरक्षा समन्वयक के रूप में भारतीय नागरिक की अनिवार्यता तय है।

एयरपोर्ट को वाणिज्यिक संचालन शुरू करने के लिए सबसे अहम मंजूरी एयरड्रोम सिक्योरिटी प्रोग्राम (एएसपी) की होती है, जो बीसीएएस जारी करता है। हालांकि तकनीकी रूप से एयरपोर्ट लगभग तैयार है और उसे डीजीसीए से एयरोड्रोम लाइसेंस भी मिल चुका है, लेकिन सीईओ की नागरिकता को लेकर सुरक्षा मंजूरी लंबित होने से एएसपी की स्वीकृति अटक गई है। इसका सीधा असर संचालन तैयारियों पर पड़ा है। एयरलाइंस अपनी योजना को अंतिम रूप नहीं दे पा रही हैं और यात्रियों के लिए उड़ान शुरू होने की कोई स्पष्ट तारीख सामने नहीं है।

एयरपोर्ट से जुड़े अधिकारी यह भी मानते हैं कि क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने इस प्रोजेक्ट के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, इसलिए उन्हें पूरी तरह हटाना कंपनी के लिए आसान फैसला नहीं होगा। यही वजह है कि बीच का रास्ता निकालने की कोशिश चल रही है। कंपनी ने यह तर्क भी दिया है कि प्रबंधन ढांचे में राज्य सरकार और नेएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लि. के अधिकारी भी शामिल हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इस पर सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि सुरक्षा समन्वयक का पद अत्यंत संवेदनशील होता है, इसलिए इसमें किसी प्रकार की ढील संभव नहीं है।

### ये हैं विकल्प

- सीईओ पद पर भारतीय नागरिक की नियुक्ति
- सुरक्षा समन्वयक की भूमिका अलग अधिकारी को सौंपना
- नियमों में संशोधन की संभावनाएं (फिलहाल कम)

### विदेशी निवेश में राष्ट्रीय सुरक्षा का पेंच

नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था और उम्मीद थी कि जल्द ही उड़ानें शुरू होंगी। लेकिन एक महीने बाद भी स्थिति जस की तस है, क्योंकि अंतिम सुरक्षा मंजूरी नहीं मिल सकी है। यह मामला अब केवल एक एयरपोर्ट तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विदेशी निवेश और राष्ट्रीय सुरक्षा के बीच संतुलन की बड़ी बहस को भी सामने ला रहा है। फिलहाल समाधान की कोशिशें जारी हैं, लेकिन जब तक गृह मंत्रालय और बीसीएएस से अंतिम मंजूरी नहीं मिलती, जेवर एयरपोर्ट से उड़ानों की शुरुआत इंतजार में ही रहेगी।

# जमीनी विवादों के निस्तारण को बनें विशेष टीमें : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 200 फरियादियों की सुनी समस्याएं

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जमीनी विवादों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया है कि ऐसे मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए विशेष टीमें गठित की जाएं। उन्होंने साफ कहा कि किसी भी व्यक्ति की जमीन पर दबंगों का कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी।

गोरखनाथ मंदिर में गुरुवार को आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं। महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार परिसर में पहुंचे सीएम ने एक-एक फरियादी से मुलाकात कर उनकी शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल व संतोषजनक निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जमीन का स्वामित्व उसके वास्तविक मालिक के पास ही रहना चाहिए। यदि कहीं अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो प्रशासन तत्काल कार्रवाई कर जमीन को कब्जामुक्त कराए और दोषियों को सख्त सजा दिलाए।

## न्यूज ब्रीफ

### संस्कृत बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट आज शाम को

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद की वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम शुक्रवार को शाम 4 बजे घोषित किया जाएगा। परिषद की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10), उत्तर मध्यमा प्रथम (कक्षा 11) और उत्तर मध्यमा द्वितीय (कक्षा 12) का रिजल्ट एक साथ जारी होगा। परिणाम लखनऊ स्थित शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय से घोषित किया जाएगा। परीक्षार्थी अपना रिजल्ट परिषद की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन देख सकेंगे। परिषद ने सभी परीक्षार्थियों को परिणाम के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि वे आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ही सही और प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करें। रिजल्ट देखने के लिए आधिकारिक वेबसाइट www.upmssp.com पर जाएं, रोल नंबर दर्ज करें और परिणाम स्क्रीन पर देखें और डाउनलोड करें।

### प्रदेश को जल्द मिलेंगे पांच नए स्टेडियम

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में खेल अवसंरचना को मजबूत करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। जल्द ही गाजीपुर, चंदौली, हापुड़, संभल और शामली में पांच नए स्पोर्ट्स स्टेडियम तैयार होने जा रहे हैं। इससे खिलाड़ियों को अपने ही जिलों में बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगिता की सुविधाएं मिलेंगी। प्रदेश में वर्तमान में 71 जिलों में 84 स्टेडियम संचालित हैं, जबकि नए स्टेडियमों का निर्माण तेजी से जारी है। गाजीपुर में निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, हापुड़ में करीब 70 प्रतिशत, संभल में 26 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है, जबकि शामली में निर्माण शुरू हो गया है। चंदौली में टेंडर प्रक्रिया चल रही है। खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह के अनुसार, इन परियोजनाओं से क्षेत्रीय प्रतिभाओं को उभरने का अवसर मिलेगा और खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। नए स्टेडियमों में मल्टीपर्पज हॉल, स्विमिंग पूल, बैडमिंटन-टेनिस कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट, जिम, हॉकी-फुटबॉल मैदान और एथलेटिक्स ट्रैक जैसी सुविधाएं विकसित की जा रही हैं।

### सड़कों की मरम्मत को 106 करोड़ मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत ग्रामीण सड़कों के अनुरक्षण और मरम्मत कार्यों के लिए 106 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि वित्तीय वर्ष 2026-27 में सड़कों की स्थिति सुधारने और आवागमन को सुगम बनाने में मदद करेगी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर ग्राम्य विकास विभाग ने कुल 21282.52 लाख रुपये के प्रावधान के सापेक्ष पहली किश्त के रूप में 10641.26 लाख रुपये जारी किए हैं। संबंधित शासनादेश भी जारी कर दिया गया है।

### 'रश्मिरथी पर्व' की शुरुआत आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति रश्मिरथी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर राजधानी लखनऊ में 24 से 26 अप्रैल तक तीन दिवसीय 'रश्मिरथी पर्व' आयोजित किया जाएगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले इस आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान मुख्य वक्ता होंगे। उद्घाटन सत्र में 'रश्मिरथी संवाद' स्मारिका का लोकार्पण होगा। इसके बाद राष्ट्रीय परिसंवाद में विद्वान दिनकर के साहित्य, राष्ट्रवाद और समकालीन प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे। शाम को रश्मिरथी पर आधारित नाटक का मंचन मुख्य आकर्षण रहेगा।

# राहत : बारिश से खराब गेहूं भी एमएसपी पर खरीदेगी सरकार

## 15 जून तक चलेगी खरीद, 18 मंडलों में नोडल अधिकारी होंगे तैनात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 70% तक चमकविहीन और 20% तक सिकुड़े व टूटे गेहूं की होगी खरीद



**अमृत विचारः** बेमौसम बारिश से प्रभावित गेहूं किसानों को बड़ी राहत देते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार ने विशेष प्रावधान लागू किए हैं। रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद अब प्रदेश में चमकविहीन और सिकुड़े गेहूं की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जाएगी।

सरकार के इस निर्णय के तहत किसानों का 70 प्रतिशत तक चमकविहीन गेहूं और 20 प्रतिशत तक टूटा या सिकुड़ा गेहूं सरकारी क्रय केंद्रों पर बिना किसी कटौती के खरीदा जाएगा। यह फैसला उन किसानों के लिए राहत भरा है, जिनकी फसल बारिश के कारण गुणवत्ता में प्रभावित हुई है। प्रदेश में हाल की बारिश से गेहूं के दानों में सिकुड़न और चमक में कमी आई है, जिससे किसानों को बाजार में उचित दाम मिलने में कठिनाई हो रही थी। ऐसे में राज्य सरकार के अनुरोध पर केंद्र ने यह विशेष अनुमति दी है, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सके। सरकार ने सभी 18 मंडलों के लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती भी की है, जो खरीद प्रक्रिया की निगरानी करेंगे और किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करेंगे। यह पहल किसानों को आर्थिक सुरक्षा देने और उनकी आय को सुरक्षित रखने की दिशा में अहम कदम मानी जा रही है।

### सत्यापन न होने पर भी खरीद

नई व्यवस्था के तहत जिन किसानों का पंजीकरण सत्यापन अभी पूरा नहीं हुआ है, उनसे भी गेहूं खरीदा जाएगा। क्रय केंद्र प्रभारी राजस्व और चकबंदी अभिलेखों के आधार पर खरीद सुनिश्चित करेंगे। प्रदेश के सभी जनपदों में 15 जून तक गेहूं खरीद जारी रहेगी। अधिक भीड़ होने पर किसानों को टोकन प्रणाली के तहत निर्धारित तिथि पर गेहूं बेचने की सुविधा दी जाएगी।

# तीन वर्ष में कहां लगे कितने पौधे, होगी डिजिटल निगरानी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रदेश सरकार सैटेलाइट-ड्रोन से पौधरोपण का कराएगी वेरिफिकेशन
- गड़बड़ी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश, तकनीक से बढ़ेगी पारदर्शिता

**अमृत विचारः** योगी सरकार ने प्रदेश में किए गए बड़े पैमाने के पौधारोपण अभियानों की सख्त निगरानी का फैसला किया है। अब पिछले तीन वर्षों में लगाए गए पौधों की वास्तविक स्थिति का आकलन सैटेलाइट और ड्रोन तकनीक के जरिए किया जाएगा।

सरकार ने थर्ड पार्टी जांच के साथ-साथ विभागीय स्तर पर भी विस्तृत सत्यापन कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए मुख्य वन संरक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो अपने-अपने क्षेत्रों में पौधारोपण स्थलों का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। प्रदेश में बीते वर्षों में 242 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने का दावा किया गया है, जबकि इस वर्ष मानसून में 35 करोड़ से अधिक पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। ऐसे में सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि लगाए गए पौधों का वास्तविक लाभ धरातल पर दिख रहा है या नहीं।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने स्पष्ट किया है कि जांच में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आधुनिक तकनीक से होगी निगरानी

जांच प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ड्रोन सर्वे, सैटेलाइट इमेजिंग और डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। पौधारोपण स्थलों का चयन रेंडम तकनीक से होगा, जिससे किसी भी प्रकार की पक्षपात की संभावना खत्म होगी।

### थर्ड पार्टी के साथ विभागीय जांच

पिछले वर्ष पौधारोपण की थर्ड पार्टी जांच का जिम्मा वन अनुसंधान संस्थान को सौंपा गया था। अब इसके साथ विभागीय जांच भी कराई जाएगी, जिससे रिपोर्ट की विश्वसनीयता और बढ़ेगी।

# हाईस्कूल में सत्यम ने चौथा, इंटर में ईशान ने प्रदेश में हासिल किया 10वां स्थान



सत्यम यादव (हाईस्कूल)।



ईशान शुक्ला (इंटरमीडिएट)।



परीक्षा परिणाम देखकर उत्साहित जेआरडी गर्ल्स इंटर कॉलेज मानधाता की छात्राएं।

## परीक्षा परिणाम

- प्रदेश के टॉप टेन सूची में प्रतापगढ़ के तीन छात्रों ने बनाया स्थान

संवाददाता, प्रतापगढ़

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा का परिणाम गुरुवार शाम करीब चार बजे घोषित किया गया। प्रदेश की टॉप-टेन सूची में प्रतापगढ़ के तीन छात्रों ने अपना स्थान बनाया। 10वीं में सत्यम यादव 97.17 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में चौथे और जनपद में पहले स्थान पर रहे। शिवांश ने 96.33 प्रतिशत अंक हासिल करके सूबे में नौवां और जिले में दूसरे स्थान प्राप्त किया। 12वीं में माडर्न साइंस इंटर कालेज के ईशान शुक्ला ने 95.40 प्रतिशत अंक लेकर प्रदेश में 10वां स्थान व जिले में पहला स्थान हासिल किया। परीक्षा का परिणाम आते ही मेधावी खुशी से चहक उठे।

यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के घोषित परिणाम में हाईस्कूल में 90.51 तथा इंटरमीडिएट में 70.81 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। प्रतापगढ ने हाईस्कूल में मंडल मे तीसरा जबकि प्रदेश में 39वां स्थान प्राप्त किया है। इंटरमीडिएट में प्रदेश में 74वां एवं जिला मंडल में चौथे स्थान पर रहा। यूपी बोर्ड के हाईस्कूल में मां भगवती इंटर कालेज भवानी का पुरवा डीह बलई कुंडा के सत्यम यादव ने 97.17 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में चौथा और जिले में पहला स्थान हासिल किया। कुंडा के ही जेआईसी आलापुर के शिवांश साहू ने 96.33 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश सूची में नौवां स्थान बनाया। वहीं, इंटरमीडिएट की परीक्षा में माडर्न साइंस इंटर कालेज जोगापुर के ईशान शुक्ला ने 95.40 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश की सूची में दसवां स्थान बनाया। मेधावियों की सफलता से उनके स्वजन तथा स्कूलों में खुशी का माहौल रहा। माडर्न साइंस इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राकेश शुक्ल ने प्रदेश सूची में स्थान बनाने वालों के साथ ही जिले की टॉपर सूची में स्थान बनाने वाले छात्र- छात्राओं को मिठाई खिलाकर बधाई दी। डीएम शिव सहाय अवस्थी, डीआईओएस ओमकार राणा सहित आधिकारियों ने परीक्षा में सफलता पाने वाले मेधावियों को बधाई दी है।

# प्रदेश सरकार की 11 विशेष अपीलें एक साथ खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ

- देरी से दाखिल की गई अपीलों पर हाईकोर्ट सख्त, पीडब्ल्यूडी के कई जूनियर इंजीनियरों को मिली राहत
- कहा, सरकारी विभागों की लापरवाही और उदासीनता को नहीं दिया जा सकता बढ़ावा

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने गुरुवार को एक महत्वपूर्ण फैसले में प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल 11 विशेष अपीलों को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि सरकार अपीलें दाखिल करने में हुई देरी के लिए पर्याप्त कारण प्रस्तुत नहीं कर सकी। सरकार की विशेष अपीलें खारिज होने के बाद पीडब्ल्यूडी के तमाम जूनियर इंजीनियरों को बड़ी राहत मिली है।

उक्त आदेश मुख्य न्यायमूर्ति अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति जसप्रीत सिंह की खंडपीठ ने राम गोपाल गुप्ता व अन्य के विरुद्ध राज्य सरकार द्वारा अलग-अलग दाखिल विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। ये सभी अपीलें 9 सितंबर 2025 को एकल पीठ द्वारा दिये गए फैसले के खिलाफ दाखिल की गई थीं। एकल पीठ ने पीडब्ल्यूडी में 1984 से 1989 के बीच डेली वेजेज अथवा वर्क चार्ज कर्मचारी के रूप में बड़ी संख्या में नियुक्त याची जूनियर इंजीनियरों को 2006 के बजाय 2001 से विनियमित करने का आदेश दिया था, जिसके परिणाम स्वरूप इन जूनियर इंजीनियरों को अन्य तमाम लाभों के साथ-साथ पुरानी पेंशन स्कीम का लाभ मिलना भी तय हो गया है। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश को विशेष अपीलें दाखिल कर, दो जजों की खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी थी। अपीलों पर सुनवाई करते हुए खंडपीठ ने पाया कि सभी अपीलें समय सीमा समाप्त होने के बाद दाखिल की गई थीं, जिनमें देरी 93 दिन से लेकर 195 दिन तक की थी। राज्य सरकार की ओर से अपीलों के दाखिल में देरी के लिए फाइलों के मूवमेंट, विभागीय प्रक्रिया, छुट्टियों और विधानमंडल सत्र जैसे कारण बताए गए, लेकिन खंडपीठ ने इन्हें पर्याप्त नहीं माना। कोर्ट ने टिप्पणी की कि सरकार के पास सुव्यवस्थित तंत्र और संसाधन होते हैं, ऐसे में सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रियाओं का हवाला देकर देरी को उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह भी स्पष्ट किया कि देरी माफी के आवेदन पर विचार करते समय मुख्य प्रश्न यह होता है कि देरी के लिए उचित कारण है या नहीं, सरकारी विभागों की सुस्ती को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता, यदि ऐसी देरी को स्वीकार किया गया, तो यह न्याय व्यवस्था में अनिश्चितता पैदा करेगा और आम वादकारियों के अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। इन टिप्पणियों के साथ कोर्ट ने सभी विलंब माफी प्रार्थना पत्र खारिज कर दिए, जिसके परिणामस्वरूप सभी 11 विशेष अपीलें भी स्वतः निरस्त हो गईं।

## 14 केंद्रो पर होगी होमगाड्‌र्स भर्ती परीक्षा

**प्रतापगढ़ः** 25, 26 और 27 अप्रैल को प्रस्तावित होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए प्रशासन की ओर से चिन्हित किए गए परीक्षा केंद्रों का गुरुवार को निरीक्षण कर डीएम-एसपी ने तैयारियां देखी। केंद्रों पर खामियां मिलने पर सुधार करने के निर्देश दिए। जनपद में होमगार्ड भर्ती परीक्षा कराने के लिए कुल 14 केंद्र चिन्हित किए गए हैं। गुरुवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी और एसपी दीपक भूकर ने होमगाड्‌र्स की लिखित परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित परीक्षा की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजकीय इंटर कॉलेज, केपी हिन्दू इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज व तिलक इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का गहन निरीक्षण किया।

## कांग्रेसियों ने स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था का जताया विरोध, सौंपा मांगपत्र

**प्रतापगढ़, अमृत विचार :** स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था के विरोध में गुरुवार को जिलाध्यक्ष नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने प्रदर्शन किया। आंबेडकर चौराह स्थित कांग्रेस कार्यालय से पैदल मार्च करते हुए कांग्रेसी कलक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। राज्यपाल को संबोधित मांग पत्र डीएम के माध्यम से सौंपा। मांग पत्र में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन करते हुए जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए जाने का विरोध दर्ज कराया गया। इस योजना को पूर्णतः समाप्त करने की मांग की गई। डॉ. नीरज त्रिपाठी ने कहा कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर व्यवस्था प्रदेश की आम जनता पर जबरन थोपा जा रहा है जो उपभोक्ताओं के अधिकारों का हनन है। कांग्रेस सेवादल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम शंकर द्विवेदी व जिला उपाध्यक्ष विजय शंकर त्रिपाठी ने भी संबोधित किया। इस दौरान नगर अध्यक्ष मो. इश्तियाक, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला, जिला प्रवक्ता सुरेश कुमार मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह प्रिंशू, रवि भूषण सिन्हा, चंद्रनाथ शुक्ल, दया गुप्ता, मो. फरीद, आलम, देवमणि पांडेय, नूर आलम, रामधन यादव, बिलाल अंसारी, मोहम्मद राहुल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## फरार इनामिया गैंगस्टर गिरफ्तार

**संग्रामगढ़, अमृत विचार :** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नेवानी नरई संग्रामगढ़ गांव निवासी अशोक यादव के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट समेत चार अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था। एसपी ने आरोपी अशोक यादव की गिरफ्तारी के लिए 10 हजार का इनाम घोषित किया है। उसी मामले के आरोपी अशोक यादव को एसओ मनोज कुमार तोमर, स्पेशल टीम प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह पुलिस टीम के साथ नरई चौराहा लालगंज रोड के पास से गिरफ्तार कर लिया। विधिक प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने भेजा।

**बढ़ते कदम** 'विकसित कृषि—विकसित भारत @2047' के लिए उप्र. कृषि अनुसंधान परिषद की पहल

# एआई–ड्रोन तकनीकों से खेती को मिली नई ताकत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



महानिदेशक डॉ. संजय सिंह।

**अमृत विचारः** उ.प्र. कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने कहा कि एआई, ड्रोन, प्राकृतिक व जैविक खेती जैसी आधुनिक तकनीकों से कृषि को अधिक लाभकारी बनाया जा रहा है। यह जानकारी उन्होंने "विकसित कृषि–विकसित भारत @2047" विषय पर आयोजित छठी कृषि विज्ञान कांग्रेस की सिफारिशों को लेकर दी।

उन्होंने बताया कि 8-10 अप्रैल 2026 को हुई इस कांग्रेस में 700 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें वैज्ञानिक और छात्र शामिल थे। पिछले चार वर्षों में उपकार ने काला नमक चावल और मक्के की उन्नत किस्मों के विकास सहित कई उपलब्धियां हासिल की हैं। किसानों को बेहतर मूल्य दिलाने के लिए उन्हें सीधे बाजार से जोड़ने पर भी जोर दिया गया है।

कृषि में एआई और ड्रोन के उपयोग से फसल प्रबंधन, रोग नियंत्रण और उत्पादन में सुधार हो रहा है। मंडलीय स्तर पर प्रयोगशालाएं स्थापित करने की योजना है। आईसीआरआईएसएटी के सहयोग से प्रशिक्षण कार्यक्रम भी चल रहे हैं।

पशुपालन और बागवानी में भी नवाचार किए जा रहे हैं, जबकि किसानों की आर्थिक स्थिति के आकलन के लिए सर्वे कराया जा रहा है।

## कांफ्रेंस में कृषि विकास पर बनेगी ठोस रणनीति



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही।

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी लखनऊ में 24 अप्रैल को "जोनल एग्रीकल्चर कॉन्फ्रेंस-2026" का आयोजन होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में उत्तर भारत के 9 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश भाग लेंगे। सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान करेंगे, जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी संबोधित करेंगे।

सम्मेलन में कृषि ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी), एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ), दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल-तिलहन मिशन और डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसे अहम विषयों पर मंथन होगा। इसमें भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ, एफपीओ, स्टार्टअप्स और नाबार्ड सहित कई संस्थाएं भाग लेंगी। विभिन्न राज्य अपनी सफल कृषि मॉडल साझा करेंगे।

# 30 तक बनवा लें फार्मर आईडी नहीं तो होंगे योजनाओं से वंचित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 15 मई 2026 से फार्मर आईडी हो जाएगी अनिवार्य

**अमृत विचारः** जायद 2026 सीजन की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री अभियान तेज कर दिया है। निर्देश दिए गए हैं कि 30 अप्रैल तक सभी भूमिधर किसानों का शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। जिन गांवों में अब तक कम रजिस्ट्रेशन हुआ है, वहां विशेष फोकस किया जा रहा है।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि 15 मई 2026 से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दी जाएगी। इसके बिना किसानों को सरकारी योजनाओं, उर्वरक और बीज का लाभ नहीं मिल सकेगा। ऐसे में किसानों को समय रहते पंजीकरण कराने की सलाह दी गई है।

जायद सीजन के तहत डिजिटल क्रॉप सर्वे भी तय समय में पूरा किया जाएगा। इसके लिए 28 अप्रैल को जिला स्तरीय टीमों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि 1 से 31 मई तक प्रदेशभर में सर्वे अभियान चलाया जाएगा। किसानों की भागीदारी बढ़ाने के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। लाउडस्पीकर, अखबारों और ग्राम प्रधानों के माध्यम से किसानों को फार्मर आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।



यूपी बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही जश्न मनाती द मार्डन एकेडमी इंटर कॉलेज की सफल छात्राएं, साथ में शिक्षक व अभिभावक।



सफलता पाकर खुशी मनाते महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज के टॉपर्स। ● अमृत विचार

# मेधावियों का जलवा: बेटियों ने प्रदेश टॉप कर रचा इतिहास

## हाईस्कूल में अंशिका वर्मा, आदिति और परी वर्मा ने छोड़ी छाप, इंटर में श्रिया, पूजा, अर्पिता और आदित्य ने किया कमाल

**यूपी बोर्ड**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** गुरुवार को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम घोषित होने के साथ ही जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। बाराबंकी के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खास बात यह रही कि हाईस्कूल में प्रदेश के पहले तीनों स्थान ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं ने हासिल कर इतिहास रच दिया। जैदपुर क्षेत्र स्थित द मार्डन एकेडमी इंटर कॉलेज की छात्रा अंशिका वर्मा ने 97.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। अंदका गांव निवासी कुंदलाल की पुत्री अंशिका की सफलता पर विद्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अंशिका इंजीनियर बनना चाहती हैं। इसी विद्यालय की अदिति वर्मा ने 97.50 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बरयारपुर गांव निवासी विशाल वर्मा की पुत्री अदिति भविष्य में न्यूरोलॉजिस्ट बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। मौथरी गांव निवासी किसान शैलेंद्र कुमार की पुत्री परी वर्मा ने 97.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। परी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को देते हुए इंजीनियर बनने की इच्छा जताई। इंटरमीडिएट में भी छात्राओं का दबदबा कायम रहा। शहर के महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा श्रिया वर्मा ने 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल किया। हरख गांव निवासी श्रिया प्रतिदिन 9 किलोमीटर बस से विद्यालय आती थीं। उनके पिता सत्यवान वर्मा निजी नौकरी करते हैं, जबकि मां रंजना वर्मा गृहणी हैं। दशहराबाग निवासी पूजा पाल ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया। वह कंप्यूटर इंजीनियर बनना चाहती हैं।

उनके पिता सुनील पाल निजी नौकरी करते हैं तथा माता रामकुमारी गृहणी हैं। इसी विद्यालय की अर्पिता जायसवाल ने 96.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं श्री साईं इंटर कॉलेज, बड़ेल के छात्र आदित्य वर्मा ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया।

हाईस्कूल में जिले के प्रमुख मेधावियों में दिव्या एवं संध्या शिखा ने 96.67% अंक प्राप्त कर प्रदेश में सातवां और जिले में चौथा स्थान हासिल किया। निधि ने 96.50% के साथ प्रदेश में आठवां व जिले में पांचवां स्थान पाया। मोनिका यादव एवं शिक्षा मिश्रा ने 96.33% अंक प्राप्त कर प्रदेश में नौवां व जिले में छठा स्थान हासिल किया। आराध्या राज ने 96.17% के साथ प्रदेश में दसवां व जिले में सातवां स्थान पाया। अर्पिता एवं शगुन वर्मा ने 96% अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान हासिल किया।

संस्कार वर्मा ने 95.67% के साथ नौवां स्थान पाया। अपर्णा गुप्ता, आदित्य पटेल एवं अम्बुज यादव ने 95.50% अंक प्राप्त कर जिले में संयुक्त रूप से दसवां स्थान हासिल किया। वहीं इंटर में आकांक्षा वर्मा ने 95.20% अंक प्राप्त कर जिले में पांचवां स्थान हासिल किया। अंशुमान सिंह ने 94.80% के साथ छठा स्थान पाया। नायला उबैद ने 94.40% अंक प्राप्त कर सातवां स्थान हासिल किया। अनुष्का वर्मा ने 93.60% के साथ आठवां स्थान प्रा प्त किया। दीपांशी एवं सिदरा वारसी ने 93.40% अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से नौवां स्थान हासिल किया। अतुल कुमार वर्मा ने 92.60% के साथ जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया।



परीक्षा परिणाम में सफलता पाने पर खुशी मनाते श्री साईं इंटर कॉलेज बड़ेल के छात्र। ● अमृत विचार

### बोर्ड परीक्षा परिणाम

| | |
|---|---|
| हाईस्कूल | 90.65% |
| पंजीकृत | 42725 |
| उत्तीर्ण | 36991 |
| इंटरमीडिएट | 83.56% |
| पंजीकृत | 36125 |
| उत्तीर्ण | 29602 |

### होनहार मोनिका ने बढ़ाया जिले का मान

देवा क्षेत्र के इस्माईलपुर स्थित किसान उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा मोनिका यादव ने यूपी की मेरिट लिस्ट में नौंवा स्थान पाकर न सिर्फ स्कूल और माता पिता बल्कि बाराबंकी का मान बढ़ाया, बल्कि जिला विद्यालय निरीक्षक मिशन पहचान पहल को भी सार्थक सिद्ध किया है। मामापुर गांव के रहने वाले उमेश कुमार व मंजू देवी की बेटी मोनिका ने हाईस्कूल में 96.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर यूपी की मेरिट लिस्ट में नौवां स्थान पाया। मोनिका ने मिशन पहचान परीक्षा और राष्ट्रीय आय परीक्षा में भी टॉप किया था। वहीं स्कूल के प्रधानाचार्य अशोक त्रिपाठी ने इसे गौरवान्वित करने वाला पल बताते हुए मोनिका व सभी बेहतर अंक लाने वाले छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं दी हैं। कहा कि सफलता का यह क्रम आगे भी जारी रहेगा।

### हाईस्कूल टॉपर्स लिस्ट

1- **अंशिका वर्मा**, अंक : 587/600 (97.83%) विद्यालय : द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर, प्रदेश में स्थान- पहला। जिले में स्थान- पहला। 2- **अदिति**, 585/600 (97.50%) द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर, प्रदेश में स्थान- दूसरा जिले में स्थान- दूसरा। 3- **परी वर्मा** 584/600 (97.33%) द मॉडर्न एकेडमी इंटर कॉलेज, जैदपुर, प्रदेश में स्थान- तीसरा। जिले में स्थान- तीसरा। 4- **दिव्या** 580/600 (96.67%) महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी। प्रदेश में स्थान- सातवां, जिले में स्थान- चौथा। 5- **संध्या शिखा** 580/600 (96.67%) महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी। प्रदेश में स्थान- सतवां, जिले में स्थान- चौथा। 6- **निधि** 579/600 (96.50%) महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- आठवां, जिले में स्थान- पांचवां। 7- **मोनिका यादव** 578/600 (96.33%) किसान उमा विद्यालय, इस्माइलपुर, प्रदेश में स्थान- नौवां, जिले में स्थान- छठा। 8- **शिक्षा मिश्रा** 578/600 (96.33%) महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- नौवां, जिले में स्थान- छठा। 9- **आराध्या राज** 577/600 (96.17%) महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- दसवां, जिले में स्थान- सातवां। **अर्पिता** 576/600 (96.00%) महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, जिले में स्थान- आठवां। 11- **शगुन वर्मा** 576/600 (96.00%) श्री छोटेलाल इंटर कॉलेज, खानपुर इनायतुल्लाह। जिले में स्थान- आठवां। 12- **संस्कार वर्मा** 574/600 (95.67%) श्री साईं इंटर कॉलेज, बड़ेल, जिले में स्थान- नौवां। 13- **अपर्णा गुप्ता** 573/600 (95.50%) महारानी लक्ष्मी बाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, जिले में स्थान- दसवां। 14- **आदित्य पटेल** 573/600 (95.50%) सुभाष आदर्श इंटर कॉलेज, कुरौली, जिले में स्थान- दसवां। 15- **अम्बुज यादव** 573/600 (95.50%) श्री साईं इंटर कॉलेज, बड़ेल, जिले में स्थान- दसवां।

### इंटरमीडिएट टॉपर्स लिस्ट

1- **श्रिया वर्मा** अंक 486/500 (97.20%) महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- दूसरा, जिले में स्थान- पहला। 2- **पूजा पाल** 485/500 (97.00%) महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- तीसरा जिले में स्थान- दूसरा। 3- **अर्पिता जायसवाल** 484/500 (96.80%) महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- चौथा, जिले में स्थान- तीसरा। 4- **आदित्य वर्मा** 480/500 (96.00%) श्री साईं इंटर कॉलेज, बड़ेल, बाराबंकी, प्रदेश में स्थान- आठवां, जिले में स्थान- चौथा। 5- **आकांक्षा वर्मा** 476/500 (95.20%) महारानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज, बाराबंकी, जिले में स्थान- पांचवां। 6- **अंशुमान सिंह** 474/500 (94.80%) एबीएसएन इंटर कॉलेज, भिटरिया, बाराबंकी, जिले में स्थान- छठा। 7- **नायला उबैद** 472/500 (94.40%) विद्यालय : श्री साईं इंटर कॉलेज, जैदपुर, बाराबंकी, जिले में स्थान- सातवां। 8- **अनुष्का वर्मा** 468/500 (93.60%) श्री साईं इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी, जिले में स्थान- आठवां। 9- **दीपांशी** 467/500 (93.40%) सरस्स्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, केशव नगर, बाराबंकी जिले में स्थान- नौवां। 10- **सिदरा वारसी** 467/500 (93.40%) प्रतिभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज, नरैनी, देवा, जिले में स्थान- नौवां। 11- **अतुल कुमार वर्मा** 463/500 (92.60%) विद्यालय : श्री साईं इंटर कॉलेज, लखपेड़ाबाग, बाराबंकी, जिले में स्थान- दसवां।

### मेधावियों ने बढ़ाया मान



अंशिका वर्मा।



अदिति।



परी वर्मा।



दिव्या।



निधि।



मोनिका यादव।



शिक्षा मिश्रा।



आराध्या राज।



शगुन वर्मा।



आदित्य पटेल।



श्रिया वर्मा।



पूजा पाल।



अर्पिता जायसवाल।



आदित्य वर्मा।



आकांक्षा वर्मा।



अंशुमान सिंह।

### बेटियों ने बढ़ाया मान

इस वर्ष के परिणामों में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला। ग्रामीण परिवेश से निकलकर प्रदेश स्तर पर शीर्ष स्थान प्राप्त करने वाली बेटियों ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिस्थितियां भी सफलता की राह में बाधा नहीं बन सकतीं। जिले के इन मेधावियों की सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।



दीपांशी।



सिदरा वारसी।

## नवनिर्मित माती थाना का उद्घाटन



पूजन-अर्चन करते एडीजी लखनऊ जोन। ● अमृत विचार

**देवा, बाराबंकी, अमृत विचार :** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन लखनऊ प्रवीण कुमार ने देवा क्षेत्र में नवनिर्मित थाना माती का उद्घाटन विधि-विधान से किया। एडीजी प्रवीण कुमार द्वारा शिलापट का अनावरण एवं पूजन अर्चन भी किया गया। इसी क्रम में उन्होने थाना परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर डीएम ईशान प्रताप सिंह, एसपी अर्पित विजयवर्गीय, एएसपी उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, सीओ यातायात आलोक पाठक, सीओ सिटी संगम कुमार, सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक माती अजय कुमार त्रिपाठी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना माती अन्तर्गत नवनिर्मित डॉ. केएनएस मिम्स पुलिस चौकी का लोकार्पण किया गया।

## जनगणना तैयारियों की समीक्षा, स्व-गणना पर जोर





जनगणना को लेकर समीक्षा करते डीएम। ● अमृत विचार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनगणना-2027 के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना) की तैयारियों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीएम ने जनगणना को अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य बताते हुए कहा कि इसके आंकड़े भविष्य की योजनाओं और नीतियों का आधार बनते हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से संपादित किया जाए। बताया गया कि जनपद में प्रगणकों और सुपरवाइजरों का लगभग 60 प्रतिशत प्रशिक्षण पूरा हो चुका है। इस पर डीएम ने शेष प्रशिक्षण को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने के निर्देश दिए, ताकि फील्ड स्तर पर कार्य में कोई बाधा न आए। जनजागरूकता पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि 7 से 15 मई तक चलने वाले स्व-गणना अभियान के दौरान आमजन को इसकी प्रक्रिया और महत्व के प्रति जागरूक किया जाए। साथ ही जनप्रतिनिधियों, प्रतिष्ठित व्यक्तियों और विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करने को कहा। बैठक में फार्मर रजिस्ट्री की प्रगति की भी समीक्षा हुई। उन्होने निर्देश दिए कि पात्र किसानों का पंजीकरण अभियान मिशन मोड में चलाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## संजय सेतु की मरम्मत जारी

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** सरयू नदी पर बनाए गए अस्थायी पीपा पुल से इन दिनों छोटे वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से जारी है। आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने करीब 6.28 करोड़ रुपये की लागत से इस पुल का निर्माण कराया है। यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन की ओर से लगातार व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही है। पुल के दोनों किनारों पर धूल से राहत दिलाने के लिए नियमित रूप से पानी का छिड़काव कराया जा रहा है। वहीं, रात्रि में सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने के लिए समुचित प्रकाश व्यवस्था की गई है। किनारों पर हाईमास्ट और हैलोजन लाइटें लगाई गई हैं, जिससे अंधेरे में भी पर्याप्त दृश्यता बनी रहती है। उधर सरयू नदी पर बने संजय सेतु की मरम्मत का कार्य इन दिनों तेज गति से चल रहा है। पुल की स्थिति सुधारने के लिए कर्मचारी युद्ध स्तर पर जुटे हैं और मशीनों की मदद से अप्रोच मार्गों को हटाकर नए सिरे से तैयार किया जा रहा है। इस कार्य में जेसीबी मशीनें लगातार लगाई गई हैं। जानकारी के अनुसार, पुल के सभी अप्रोच मार्गों का पुनर्निर्माण किया जाएगा और साथ ही बैरिंग बदलने का कार्य भी किया जा रहा है। प्रशासन ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि करीब दो माह के भीतर मरम्मत कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए।

## 5वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता का शुभारम्भ

**बाराबंकी, अमृत विचार :** सतरिख स्थित टीआरसी लॉ कॉलेज में 23 से 25 अप्रैल तक आयोजित तीन दिवसीय 5वीं राष्ट्रीय मूट कोर्ट प्रतियोगिता 2026 का गुरुवार को शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अश्वनी कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, विशिष्ट अतिथि प्रो. एके राय अधिष्ठाता, विधि संकाय, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। प्राचार्य डॉ. अश्वनी कुमार गुप्ता ने कॉलेज की स्थापना के उद्देश्य और सतरिख के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता के इस पाँचवें संस्करण में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड, दिल्ली, महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न राज्यों से 22 टीमों के प्रतिभागी शामिल हो रहे हैं। अतिथि अरुण पाण्डेय ने एससीसी ऑनलाइन के उपयोग पर जानकारी देते हुए इसे मूट कोर्ट की तैयारी और शोध कार्य में उपयोगी बताया। वहीं, विशिष्ट अतिथि प्रो. राय ने कहा कि मूट कोर्ट विधि छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण मंच है, जो उनके तार्किक कौशल, आत्मविश्वास और नैतिक मूल्यों का विकास करता है। कॉलेज के शासी निकाय अध्यक्ष डॉ. सुजीत चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता को बाराबंकी जिले के लिए ऐतिहासिक बताते हुए प्रतिभागियों को नवाचार और उत्कृष्टता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत रिसर्चर परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न टीमों के शोधार्थियों ने भाग लिया। साथ ही, छात्रों के लिए एससीसी ऑनलाइन पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें शोध एवं मूट कोर्ट तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अंत में सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## म्यूल एकाउंट के जरिए डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

**बाराबंकी, अमृत विचार :** बाराबंकी के एक बैंक खाताधारक को लालच देकर उसके एकाउंट का इस्तेमाल ठगी के लिए किया गया। बिहार व दिल्ली के दो लोगों को डिजिटल अरेस्ट कर एकाउंट पर रुपये मंगवाए गए। साइबर क्राइम पुलिस ने दंपत्ति समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के अनुसार, पुलिस मुख्यालय साइबर क्राइम लखनऊ से प्राप्त निर्देशों के क्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सोमैय्या नगर शाखा के एक खाते की जांच की गई। यह खाता अली हसन निवासी नवाबगंज के नाम पर पाया गया। जांच में खुलासा हुआ कि इस खाते के माध्यम से दो शिकायतकर्ताओं से ठगी की गई। दिल्ली निवासी राजीव जैन से 39,999 रुपये तथा बिहार के औरंगाबाद निवासी ब्रजदेव सिंह से 55,000 रुपये ऑनलाइन ठगी के जरिए वसूले गए। दोनों मामलों में "डिजिटल अरेस्ट" जैसी साइबर ठगी तकनीक का इस्तेमाल किया गया। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि खाताधारक अली हसन ने लालच में आकर अपना बैंक खाता विपिन नामक व्यक्ति को बेच दिया था। विपिन ने खाते की पासबुक, एटीएम और चेकबुक भी अपने कब्जे में ले लिए। खाते से जुड़ा मोबाइल नंबर विपिन की पत्नी सरोज कुमारी के नाम पर पंजीकृत मिला। विपिन व उसकी पत्नी सरोज कुमारी लोगों को लालच देकर उनके नाम से म्यूल अकाउंट खुलवाते थे और उन खातों में साइबर ठगी की रकम मंगवाकर लाभ अर्जित करते थे।

# होमगार्ड परीक्षा केन्द्रों का डीएम ने लिया जायजा

**बाराबंकी, अमृत विचार :** आगामी होमगार्ड स्वयंसेवक भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह और पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज बालक व बालिका, जवाहर लाल नेहरू महाविद्यालय सहित अन्य केंद्रों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पारदर्शिता और शुचिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों के लिए पेयजल, छायादार प्रतीक्षास्थल, शौचालय, बिजली, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि भीषण गर्मी में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि परीक्षा 25, 26 और 27 अप्रैल 2026 को दो पालियों में आयोजित होगी। जनपद के 8 परीक्षा केंद्रों पर कुल 17,856 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को सुचारु रूप से कराने के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती के साथ 198 पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल पुलिस बल भी तैनात रहेगा। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रवेश द्वार पर सघन जांच, अभ्यर्थियों की पहचान सत्यापन, संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी और प्रश्नपत्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने को कहा और चेतावनी दी कि अनुचित साधनों के प्रयोग पर सख्त कार्रवाई होगी।

# 18 वाहनों पर लगाया जुर्माना

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मॉडिफाइड साइलेन्सर व प्रैशर हार्न की बिक्री के खिलाफ परिवहन व यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने दुकानों, गैराजों का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला व यातायात प्रभारी रामयतन यादव की टीम द्वारा बुलेट मोटरसाइकिल के वर्कशाप, सहित अन्य ऑटो पार्ट्स की दुकानों की तलाशी लेते हुये दुकानदारों को दिशा-निर्देश दिये गए तथा नियमों का उल्लघन मिलने पर जुर्माना व विधिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी भी दी गई। अभियान के दौरान एआरटीओ व टीआई ने शहर के पटेल तिराहा पर चेकिंग के दौरान साउंड लेवल मीटर से 15 बुलेट वाहनों की ध्वनि की तीव्रता मापते हुये भारी जुर्माना किया गया। वही यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी ने अधिक आवाज करने वाले 3 बुलेट वाहनों के साइलेंसरो को उतरवाते हुए चालान किया।

# हादसों में निजी चिकित्सक समेत दो लोगों की मौत

**रफ्तार की मार**

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार :** दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक निजी चिकित्सक समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

सिद्धौर प्रतिनिधि के अनुसार घटना कोठी थाना क्षेत्र में हैदरगढ़-बाराबंकी मार्ग पर हुई। इसरौली सारी गांव निवासी रजनीश वर्मा 30 जो पेशे से फिजियोथेरेपिस्ट थे, गुरुवार सुबह अपनी प्लैटिना बाइक से हैदरगढ़ जा रहे थे। तभी कोठी कस्बे के पास एक अज्ञात दूध टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और उन्हें रौंदते हुए निकल गया। हादसा इतना भीषण था कि रजनीश करीब 20 फीट दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और यातायात बहाल कराया। इंस्पेक्टर धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं दूसरी घटना बाराबंकी लखनऊ मार्ग पर बुधवार देर रात हुई। लखनऊ के थाना चिनहट क्षेत्र में गोयला निवासी विजय सिंह गौतम (40) देर रात करीब साढ़े 10 बजे गदिया से मुबारकपुर पैदल जा रहे थे, भुईहारा मोड़ के पास उन्हे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वह मजदूरी करते थे और दो दिन पहले गदिया गांव में अपने साढ़ू रामबिलास की बेटी की शादी में आए थे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया।

# आग से छप्पर के पांच घर जले

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार :** क्षेत्र के ढेखवामाफी गांव में गुरुवार दोपहर आग लगने से पांच छप्परनुमा मकान जल गए। इस घटना में जसकरण और उनके चार बेटों के घरों का हजारों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। एक भैंस का पड़वा भी झुलस गया। आग तेजी से फैली और जसकरण तथा उनके बेटों मखनु, छोटू, कमलू और रमेश के छप्परनुमा मकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से इन सभी परिवारों का राशन, घर-गृहस्थी का सामान, जेवर और अन्य कीमती वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। पीड़ित परिवारों को हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड टीम के प्रभारी रामसनेही ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया।

# यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम: बेटियों ने फिर से छुआ आसमान, बेटे हुए धड़ाम

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में पहले व दूसरे स्थान पर बेटियों का रहा कब्जा, हाईस्कूल में तीसरे स्थान पर पहुंच सका एक छात्र, इंटर में वह भी नहीं



परिणाम आने के बाद पास होने की खुशी मनाते छात्र। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव**

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा गुरुवार शाम जारी किये गए हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में जिले के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों की बालिकाओं ने परचम फहराया। परिणाम आने के साथ ही उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

हाईस्कूल में जिले के श्री चंडिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर की राखी रावत 96.50 प्रतिशत अंक लाकर प्रदेश में आठवें और जिले में प्रथम स्थान पर रही। जबकि इसी विद्यालय की खुशी सिंह 95.17 प्रतिशत अंक लाकर जिले में दूसरे स्थान पर रही। इसके अलावा पतिराजा महिपाल इंटर कालेज घाटमपुर की मनु ने भी 95.17 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा स्थान पाया। वहीं पतिराजा महिपाल इंटर कालेज घाटमपुर खुर्द की दिव्यांशी 95 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे व परम पूज्य महावीर इंटर कॉलेज टेढ़ा उन्नाव के छात्र आयुष शर्मा भी 95 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहे। वहीं, इंटर में सविता इंटर कॉलेज हिंदपाल खेड़ा की आराध्या पटेल 91.80 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही। वहीं पतिराजा महिपाल इंटर कॉलेज घाटमपुर की श्रेया वर्मा 91.60 प्रतिशत अंक लाकर जिले में द्वितीय स्थान पर रहीं। इसके अलावा चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज आवास विकास कॉलोनी उन्नाव की आरोही सिंह ने 91.20 प्रतिशत अंक के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### किसान की बेटी आराध्या ने इंटर में किया जिला टॉप



आराध्या पटेल

बोर्ड परीक्षा में सविता इंटर कॉलेज हिंदपाल खेड़ा उन्नाव की इंटर की छात्रा आराध्या पटेल निवासी बगहा ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ जिले में पहला स्थान प्राप्त किया है। उसके पिता हरिकृष्ण पटेल किसान व मां गृहिणी हैं। वह प्रशासनिक पद पर जाना चाहती है। वह अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व गुरुजनों को देती है। विद्यालय संरक्षक श्रीराम सिंह पूर्व प्रधानाचार्य व प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ने उसे माला पहनाकर बधाई दी।

### प्रदेश में 8वां स्थान पाने वाली राखी बनना चाहती हैं इंजीनियर



राखी रावत

श्री चंडिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर उन्नाव की छात्रा राखी रावत ने हाईस्कूल में प्रदेश में 8वां व जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, गांव व जिले का नाम रोशन किया है। उसने हिंदी में 96, अंग्रेजी में 94, संस्कृत में 98, गणित में 100, विज्ञान में 96 व सामाजिक विज्ञान में 95 अंक प्राप्त किये हैं। पिता राजोले प्रसाद प्राथमिक विद्यालय सीतापुर में शिक्षक व मां आशा देवी गृहंणी हैं। राखी ने बताया कि वह इंजीनियर बनना चाहती है।

### अनुराग का साफ्टवेयर इंजीनियर बनने का है सपना



अनुराग

बांगरमऊ नगर के मोहल्ला न्यू कटरा स्थित आरआरडीएस इंटर कालेज में हाईस्कूल के छात्र अनुराग ने 600 में 565 अंक लाकर जिले में 7वां स्थान प्राप्त किया। छात्र ने बताया कि इंटर में वह इससे भी अच्छा प्रदर्शन करेगा। उसका लक्ष्य इंटर के बाद साफ्टवेयर इंजीनियर बनना है। गुरुवार को परिणाम घोषित होते ही माता-पिता ने बच्चे का मुंह मीठा कराकर उत्साह वर्धन किया।

### जिला टॉप-10 में जगह बनाने वाले मेधावी



एसवीएम हाईस्कूल की छात्रा अमिशी द्विवेदी।



गंगा प्रसाद महते हाई स्कूल का छात्रा देवांश अस्थाना।



एसवीएम हाईस्कूल की छात्रा प्रियंका वर्मा।



पूर्णिमा हाईस्कूल की छात्रा शुभी रावत।



महर्षि इंटर की छात्रा निधि निषाद।



महर्षि इंटर का छात्र आयुष पाल।



गंगा प्रसाद महते इंटर की छात्रा अर्चना शर्मा।



गंगा प्रसाद महते इंटर की छात्रा अपर्णा शुक्ला।

### सौंदर्या ने इंटर में पाए 83 .80 अंक



नेशनल पब्लिश स्कूल अचलगंज की छात्रा सौंदर्या शुक्ला ने इंटरमीडिएट की परीक्षा 83 :80 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। विज्ञान वर्ग की छात्रा ने सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की है। केमेस्ट्री में सर्वाधिक 94 अंक प्राप्त किए हैं। सफलता पर विद्यालय के शिक्षकों ने छात्रा को उज्जवल भविष्य की शुभकमनाएं दी हैं।

### हाईस्कूल में जिले के टॉप टेन छात्र-छात्राएं

1. राखी रावत 96 .50 श्री चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर उन्नाव
2. खुशी सिंह 95 .17 श्री चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर उन्नाव
3. मनु 95 .17 पतिराजा महिपाल इंटर कालेज घाटमपुर खुर्द उन्नाव
4. दिव्यांशी 95 . पतिराजा महिपाल इंटर कालेज घाटमपुर खुर्द उन्नाव
5. आयुष शर्मा 95 .परम पूज्य महावीर इंटर कॉलेज टेढ़ा उन्नाव
6. दिव्या 94 .83 स्वं उमेश बालिका इंटर उमेश नगर चक हनुमान कॉलेज उन्नाव
7. अमीषी द्विवेदी94 .67 एसवीएम इंटर कॉलेज शुक्लागंज।
8. तन्मय सिंह 94 .33 त्रिवेणी काशी इंअर कॉलेज बिहार उन्नाव
9. अंशिका 94 .33 श्री चंद्रिका देवी इंटर कॉलेज तनगापुर उन्नाव
10. अनुराग 94 .17 आरआरडी सैनी इंटर कॉलेज बांगरमऊ उन्नाव
11. अभिराज गौतम 94 .एसवीएम इंटर कॉलेज पूरन नगर उन्नाव
12. देवांश अस्थाना 94 .गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शुक्लागंज।
13. अश्वनी 94 .बालाजी इंटर नेशनल उच्च माध्यमिक विद्यालय मवईया माफी अचलगंज।
14. अवि शर्मा 93 .83 मैचलेश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गदनखेड़ा उन्नाव
15. प्रियंका वर्मा 93 .67 एसवीएम इंटर कॉलेज शुक्लागंज।

### इंटरमीडिएट में जिले के टॉप टेन छात्र-छात्राएं

1. आराध्या पटेल 91 .80 सविता इंटर कॉलेज हिंदपाल खेड़ा उन्नाव
2. श्रेया शर्मा 91 .60 पतिराजा महिपाल इंटर कॉलेज घाटमपुरखुर्द उन्नाव
3. आरोही सिंह 91 .20 चंद्रशेखर आजाद इंटर कॉलेज आवास विकास कॉलोनी उन्नाव
4. अभय अवस्थी 90 .80 त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार उन्नाव
5. श्रेया पाल 90 .60 पतिराजा महिपाल इंटर कॉलेज घाटमपुरखुर्द उन्नाव
6. शिवम सैनी 90 .20 ज्वाला देवी इंटर कॉलेज लगलेसरा उन्नाव
7. निधि निषाद 90 .20 एमडीएसएम इंटर कॉलेज शुक्लागंज।
8. आकर्षी सिंह 90 .20 पतिराजा महिपाल इंटर कॉलेज घाटमपुरखुर्द उन्नाव
9. आयुष पाल 89 .60 एमडीएसएम इंटर कॉजेल शुक्लागंज
10. कंचन देवी 89 .60 एसबीएसआर इंटर कॉलेज केदारखेड़ा सुमेरपुर
11. अर्चना शर्मा 89 .40 गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शुक्लागंज।
12. प्रशांत अवस्थी 89 .20 लक्ष्मी नारायण पब्लिक इंटर कॉलेज बीघापुर।
13. जिया चौधरी 89 .20 लाल बहादुर इंटर कॉलेज पतारी भगवंतनगर उन्नाव
14. तनिष्का सिंह 89 00 त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार उन्नाव
15. अपर्णा शुक्ला 89 .0 गंगा प्रसाद महते सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शुक्लागंज।

### नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव) :** गुरुवार को हाईस्कूल और इंटर का परीक्षा परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न केवल उच्च अंक प्राप्त किए, बल्कि जिले की मेरिट सूची में भी स्थान बनाया। विद्यालयों में मिठाई बांटकर और छात्रों का सम्मान कर उनकी सफलता का जश्न मनाया गया।

**गोपीनाथपुरम की अमिशी ने जिले में प्राप्त किया पांचवा स्थान**

गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्रा अमिशी द्विवेदी ने हाईस्कूल में 94 .67 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पांचवां स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रियंका वर्मा ने 93 .67 प्रतिशत अंक के साथ दसवां स्थान हासिल किया। अन्य छात्रों में आकांक्षा रावत 92 .5, अनुष्का दुबे 91 .5, अंकिता रावत 91 .3, अनन्या पांडे 90 .5, हर्षित पाल व यशी तिवारी 89 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट में तुलसी पांडेय 86 .6, मोनिका शाह 86 .4, विष्णु मिश्रा 85 .4 और आर्यन पाल 84 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। प्रबंधक राकेश कुमार और प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**कंचन नगर महर्षि की निधि निषाद 6वां, आयुष को मिला 7वां स्थान**

कंचन नगर स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती मिशन स्कूल में भी छात्रों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। हाईस्कूल में अनुष्का बाजपेई 90 .16, नव्या कुशवाहा 90, शोभित सिंह 89 .83 और कर्तिका शुक्ला 89 .33 ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में निधि निषाद ने 90 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में छठवां स्थान प्राप्त किया, जबकि आयुष पाल ने 89 .6 प्रतिशत के साथ सातवां स्थान पाया। मानसी साहू 86 .4 और जया गौतम 86 .2 ने भी अच्छे अंक प्राप्त किए। विद्यालय के संस्थापक पीएन शुक्ला, प्रबंधक प्रभात शुक्ला और विराट शुक्ला ने बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



दयानंद स्कूल में मेधावियों को किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

**जीपीएमएसआई के देवांश ने जिले में मिला आठवां स्थान**

गंगा नगर स्थित गंगा प्रसाद महते सरस्वती इंटर कॉलेज के हाईस्कूल छात्र देवांश अस्थाना ने 94 प्रतिशत अंक के साथ जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया। अन्य छात्रों में प्रभात त्रिपाठी 92 .3, आराध्य पांडेय 92, काव्य जायसवाल 92 .1, वरुण गौतम 90 .6 तथा प्रखर पांडेय और अर्चना शुक्ला ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए। इंटरमीडिएट में अर्चना शर्मा 89 .4, अपर्णा शुक्ला 89, वंदना शर्मा 88, आस्था गुप्ता 86 .2 सहित कई छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रबंधक राकेश कुमार और प्रधानाचार्य बृजेन्द्र मिश्रा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**एसपीजेडी और दयानंद ने भी मारी बाजी**

राजधानी मार्ग स्थित श्री प्रकाश ज्वाला देवी गर्ल्स इंटर कॉलेज में हाईस्कूल में मानसी देवी और इंटर में राफिया कौसर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक भरत त्रिवेदी ने बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं पोनी रोड स्थित दयानंद सरस्वती इंटर कॉलेज में इंटर की छात्रा आलिमा, विशेष मौर्य, प्रगति गुप्ता, मुत्युंजय चतुर्वेदी, कृष्णा तिवारी, अमित यादव के अलावा हाईस्कूल में अंश गुप्ता, आदित्य निषाद, रिया गुप्ता, उनैजा अशरफ, अनिका गुप्ता, नितिन वर्मा ने विद्यालय में टॉप किया। जिस पर विद्यालय के प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्य सुधा तिवारी, अभिषेक तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**ग्रामीण क्षेत्र में पूर्णिमा विद्या मंदिर के छात्रों ने लहराया परचम**

देवारा कलां स्थित पूर्णिमा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल में शुभी रावत ने 92 .5, आशुतोष ने 88 .6 और सूरज ने 87 .16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं इंटरमीडिएट में शिखर त्रिवेदी (81 .4), अंशिका तिवारी 81 और आशीष 80 .6 ने अच्छे अंक हासिल किए। विद्यालय के संरक्षक उमेश चंद्र मिश्रा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**किसी ने आईएएस तो किसी ने इंजीनियर बनने का रखा लक्ष्य**

कंचन नगर की निधि निषाद ने इंटर में जिले में छठवां स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता और शिक्षकों का नाम रोशन किया। वह भविष्य में आईएएस बनकर देश सेवा करना चाहती हैं। वहीं आयुष पाल, जिन्होंने सातवां स्थान प्राप्त किया, कंप्यूटर इंजीनियर बनने का सपना देख रहे हैं। रामनगर की अमिशी द्विवेदी और बिंदा नगर के देवांश अस्थाना, जिन्होंने क्रमश : पांचवां और आठवां स्थान प्राप्त किया, इंजीनियर बनना चाहते हैं। अन्य सफल छात्रों ने भी आईएएस, पीसीएस और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में करियर बनाने की इच्छा जताई है।




एसपीजेडी में प्रबंधक के साथ विद्यालय की टॉपर छात्राएं। ● अमृत विचार



एसवीएम में मेधावियों को माला पहनाकर किया गया सम्मानित। ● अमृत विचार

# गैंगस्टर महेश की लाखों की संपत्ति कुर्क

**शुक्लागंज उन्नाव**

**अमृत विचार:** गंगाघाट पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई कर भूमाफिया व गैंगस्टर महेश निषाद की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी उन्नाव के आदेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई।

गुरुवार को नायब तहसीलदार धीरज त्रिपाठी, गंगाघाट प्रभारी अजय सिंह, क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने कुर्क की कार्रवाई की। कोतवाली प्रभारी के अनुसार महेश निषाद पुत्र खुमान निषाद निवासी चंपापुरवा थाना गंगाघाट के विरुद्ध यूपी गैंगस्टर एक्ट के तहत पहले से मुकदमा दर्ज है। जांच में सामने आया कि आरोपी ने आपराधिक गतिविधियों के जरिए अवैध धन अर्जित कर अपने नाम चल और अचल संपत्तियां बनाई थीं।इसी क्रम में धारा 14(1) गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने करीब 32 लाख 17 हजार 560 रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की। इसमें दो भू-सम्पत्तियां व कार शामिल है। प्रभारी निरीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर शुरू हुई इस कार्रवाई को 23 अप्रैल 2026 को अमल में लाया गया।



गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क करती टीम। ● अमृत विचार

● **जिलाधिकारी के आदेश पर पुलिस अधिकारियों निर्देशन में हुई कार्रवाई**

# सिलेंडर विस्फोट से उड़ी मकान की छत, बच्चा समेत 3 घायल

**शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद नगर ठाकुरखेड़ा में गुरुवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में हुए विस्फोट से मकान की छत भरभराकर गिर गई, जिससे एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में महिला, उसका पति और उनका मासूम बच्चा शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र निवासी कमल, जो पान मसाला कंपनी में सेल्समैन हैं, की पत्नी अंजना रात करीब साढ़े आठ बजे रसोई में खाना बना रही थीं। तभी अचानक गैस सिलेंडर में तेज धमाका हुआ और आग लग गई। विस्फोट इतना तेज था कि पूरे मकान की छत गिर गई। उस समय कमल छत पर मौजूद थे, जबकि उनका बेटा कृष्णा कमरे में था। छत गिरने से दोनों मलबे में दब गए, वहीं अंजना गंभीर रूप से झुलस गईं। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर दौड़ पड़े और मलबे में दबे तीनों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही गंगाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। घायलों को पहले पास के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें कानपुर के उर्सला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहाँ से महिला को लखनऊ भेजा गया है। घटना की सूचना पर एडीएम सुशील कुमार और एसडीएम सदर क्षितिज द्विवेदी भी मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया। दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। वहीं नगर पालिका की जेसीबी मशीन से मलबा हटाने का कार्य कराया गया।

## शराब के पैसे न देने पर युवक पर उस्तरे से किया हमला

**शुक्लागंज उन्नाव, अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट नवीन पुल निवासी सोनू ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे वह मोबाइल रिचार्ज कराने जा रहा था। तभी सीताराम कॉलोनी स्थित देशी शराब ठेके के पास मनोहर नगर निवासी गुड्डू उर्फ ब्लेडबाज उसे रोककर शराब के लिए पैसे मांगने लगा। कहा कि पैसे न देने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी और उस्तरे से हमला कर दिया। जिससे सोनू घायल हो गया। पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## किशोरी से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल की सजा

**उन्नाव, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 28 जून-2018 को डीह गांव निवासी रंजीत पर उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी को पकड़कर जेल भेजने के बाद आईओ कृष्णचंद्र ने 19 जुलाई-2018 को कोर्ट में चार्जशीट पेश की थी। गुरुवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव की दलील व साक्ष्य के आधार पर कोर्ट ने रंजीत को 3 साल की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 20 हजार का जुर्माना भी लगाया।

## डीएम के निर्देश पर 27 वाहनों पर हुई कार्रवाई

**उन्नाव, अमृत विचार :** डीएम घनश्याम मीना के निर्देश पर परिवहन विभाग ने देररात चेकिंग अभियान चलाकर नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन स्वामियों पर सख्त कार्रवाई की। उप संभागीय परिवहन अधिकारी संजीव कुमार ने टीम के साथ जिले के विभिन्न मार्गों पर देररात औचक निरीक्षण किया। इस दौरान ओवरलोड वाहनों, बिना नंबर प्लेट के दौड़ रहे ट्रकों व डंपरों को रोककर जांच की गई। इस दौरान अफसरों ने अनियमितताओं के चलते 5 वाहनों को जब्त कर थाने में खड़ा कराया। यातायात नियमों के उल्लंघन व ओवर लोडिंग के दोषी पाए गए 22 अन्य वाहनों का चालान किया गया। इस पूरी कार्रवाई से विभाग को 2 लाख 55 हजार का राजस्व प्राप्त होगा।

## बस में पीछे से टकराई कार, दंपति सहित 4 घायल

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार :** जौनपुर शहर के लाइन बाजार मोहल्ला निवासी मंजीत पत्नी निशा मौर्य साथी बसंत पुत्र केदारनाथ व इंद्रजीत पुत्र बबलू के साथ कार से राजस्थान गए थे। लौटते समय गुरुवार भोरपहर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर कार चला रहे मंजीत को झपकी लग गई। इससे कार अनियंत्रित होकर आगे चल रही बस में टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में मंजीत, पत्नी निशा, बसंत व इंद्रजीत गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने उन्हें एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक इलाज देकर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल भेजा है।

## पूर्व बार अध्यक्ष और मंत्री का निष्कासन रद, आदेश न मानने का लगा था आरोप

**उन्नाव, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन द्वारा कराए गए चेंबर निर्माण में गबन का आरोप लगा पूर्व अध्यक्ष सतीश शुक्ला व पूर्व महामंत्री अरविंद दीक्षित को निष्कासित किया गया था। पूर्व बार अध्यक्ष सतीश शुक्ला ने वर्तमान अध्यक्ष गिरीश मिश्र व महामंत्री अनुज बाजपेयी पर राजनीतिक द्वेष व बदले की भावना से यह कार्रवाई करने का आरोप लगाया था। पूर्व अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में गुरुवार को बताया कि उन्होंने पूर्व मंत्री के साथ काउंसिल ऑफ उप्र के चेयरमैन शिवकिशोर गौड़ को प्रार्थनापत्र दिया। इसके बाद उनकी सदस्यता बहाल करने का आदेश जारी हुआ। जो जिला जज व तत्कालीन डीएम के जरिए बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी को भेजा जा चुका है। इसके बावजूद कार्यकारिणी ने आदेश का अनुपालन नहीं किया और सदस्यता बहाल नहीं की। पूर्व अध्यक्ष ने एल्डर कमेटी पर भी दबाव बनाने का आरोप लगाया। बताया कि 24 फरवरी 2025 के चुनाव के 1 साल बाद भी अब तक नए चुनाव की तिथियां घोषित नहीं हुई हैं।

**मुस्तैदी**

**कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को दिए गए दिशा-निर्देश**

# यूपी होमगार्ड परीक्षा की तैयारियां पूरी, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

**कार्यालय संवाददाता, उन्नाव**

**अमृत विचार:** जिले में होने वाली यूपी होमगार्ड भर्ती परीक्षा को नकल विहीन, पारदर्शी व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए गुरुवार को कलक्ट्रेट सभागार में डीएम घनश्याम मीना की अध्यक्षता व एसएसपी जय प्रकाश की उपस्थिति में सेक्टर, जोनल व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों के साथ समीक्षा बैठक हुई।

इसमें डीएम ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता से कोई समझौता नहीं होगा। कहा कि होमगार्ड परीक्षा की गंभीरता को समझा जाए ड्यूटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। डीएम ने सभी मजिस्ट्रेटों से उनके दायित्वों की जानकारी ली और केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं जैसे पेयजल, फर्नीचर, सीसीटीवी व बायोमेट्रिक मशीनरी को पहले ही चेक करने के निर्देश दिए। एसएसपी जय प्रकाश ने सुरक्षा व्यवस्था पर कहा कि केंद्रों पर सुरक्षा बल तैनात रहेगा। परीक्षा केंद्र में मोबाइल या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना प्रतिबंधित होगा। डीएम ने निर्देश दिये कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से सक्रिय रहें। बायोमेट्रिक टीम हर परीक्षार्थी की जांच समय से सुनिश्चित करे। सीएमओ को निर्देशित किया कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए केंद्रों के पास एम्बुलेंस व मेडिकल टीम की तैनाती सुनिश्चित करें। जिले में यह परीक्षा 6 पालियों में संपन्न होगी। इसमें 2448 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 25, 26 व 27 अप्रैल को प्रथम पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक व द्वितीय पाली दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक होगी। इसमें एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव, एएसपी अखिलेश सिंह, सचिव यूएसडीए शुभम यादव, एसडीएम रामदेव निषाद, डीआईओएस व वित्त एवं राजस्व अधिकारी सुनील दत्त सहित सभी संबंधित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।



बैठक में अधिकारियों को निर्देशित करते डीएम घनश्याम मीना। ● अमृत विचार

### डीएम, एसएसपी व सीओ ने होमगार्ड भर्ती परीक्षा की सुरक्षा व्यवस्था देखी

**शुक्लागंज उन्नाव :** उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित होमगार्ड्स भर्ती परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष व पारदर्शी संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। गुरुवार सुबह सीओ सिटी दीपक यादव ने राजमार्ग स्थित ओम प्रकाश ज्वाला देवी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। इसके बाद देरशाम नवागत जिलाधिकारी घनश्याम मीना, एसएसपी जय प्रकाश सिंह, एडीएम न्यायिक अमिताभ यादव व एएसपी अखिलेश सिंह ने भी निरीक्षण किया। इस दौरान अफसरों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मियों की उपस्थिति व व्यवस्थाएं देखीं। साथ ही केंद्र पर लगे पुलिस कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा की पारदर्शिता बनाना सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों से भी समन्वय बनाए रखने को कहा, ताकि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। प्रशासन की सक्रियता के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई जा रही है। इसके साथ ही एसएसपी ने भी मातहतों को दिशा निर्देश दिये।

## न्यूज ब्रीफ

### ठेका के पीछे लटका मिला अधेड़ का शव

**हरदोई, अमृत विचार।** अधेड़ का शव शराब ठेके के पीछे पेड़ पर फंदे से लटका मिला। गुरुवार की दोपहर लोनार थाने के जगदीशपुर से साण्डी रोड पर सड़क किनारे देशी शराब ठेके के पीछे आम के पेड़ पर अधेड़ का शव फांसी पर लटका देखा गया। शव की पहचान जगदीशपुर निवासी छोटे लाल (55) पुत्र मथुरी के रूप में की गई है। छोटे लाल के परिवार में पत्नी और चार बच्चे है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### सैकड़ों घरों में 16 घंटे गुल रही बिजली

**हरदोई, अमृत विचार।** शहर के बगल में आई बारात में शामिल साउंड ट्राली बिजली के पोल से टकरा गई। नतीजतन चार पोल के तार टूटने से सैकड़ो घरों की बिजली चल गई जो 16 घंटे बाद बहाल हो सकी। मंगलवार की रात धन्नूपुरवा में बारात आई हुई थी, जिसमें शामिल साउंड ट्राली अचानक बिजली के पोल से टकरा गई, जिससे कि दूसरे चार पोल के तार या तो टूट गए या निकल गए। जिससे सैकड़ो घरों की बिजली गुल हो गई। बिजली गुल होने से लोग बिलबिला उठे और हंगामा करने लगे, वहां पहुंची पुलिस ने साउंड ट्राली के मालिक सुरजीत को हिरासत में ले लिया, उधर बिजली महकमें की पेट्रोलिंग टीम जुट गई, तब कहीं 16 घंटे बाद बिजली बहाल हो सकी।

### गंजमुरादाबाद रेलवे क्रासिंग आज बंद रहेगी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** पूर्व निर्धारित सूचना के अनुसार शुक्रवार को रेलवे द्वारा गंजमुरादाबाद रेलवे क्रॉसिंग को बंद कर ट्रैक पर टेंपिंग व ओवरहालिंग का कार्य शुरू किया गया। विभागीय अधिकारियों के मुताबिक यह कार्य सुबह 8 से शाम 6 बजे तक चलेगा। रेलवे ने लोगों से सहयोग की अपील कर कहा है कि यह कार्य जनहित में हो रहा है। इससे भविष्य में सुरक्षित व सुगम रेल संचालन सुनिश्चित हो सके। विभाग ने आश्वासन दिया कि शुक्रवार को ही शाम 6 बजे के बाद क्रॉसिंग को पुनः खोल दिया जाएगा।

# बेटे के मुंडन संस्कार के बीच पिता ने लगा ली फांसी, मौत

## परिवार को लेकर दिल्ली से आया था घर, परिजनों में कोहराम

**संवाददाता, हरदोई**


शिव कुमार की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** दिल्ली में ठेकेदारी कर रहा युवक अपने बेटे का मुण्डन कराने गांव आया, बुधवार को मुण्डन संस्कार की दावत के बीच नाच-गाना हो रहा था, उसी बीच युवक घर से निकला और अपने खेत में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ में गमछे से फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, इसका पता होते ही खुशियों वाले घर में मातम बरपा हो गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के जगरौली निवासी 42 वर्षीय शिवकुमार पुत्र रामसहाय भाई सर्वेश के साथ दिल्ली में रंगाई-पुताई की ठेकेदारी करता था। सर्वेश ने बताया कि शिवकुमार के साथ उसकी पत्नी आरती और बच्चे भी दिल्ली में रहते थे। छोटे बेटे पवन राज का मुण्डन कराने के लिए शिवकुमार 18 अप्रैल को दिल्ली से आया था, उसके दो दिन बाद आरती बच्चों के साथ गांव पहुंची। बुधवार को मुण्डन संस्कार में रिश्तेदार शामिल थे। रात में नाच-गाना भी हुआ, उसी बीच भोर पहर शिवकुमार घर से निकल गया। उसे ढूंढा जा रहा था, तभी पता चला कि गांव के उत्तर खेत में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ में शिवकुमार का शव गमछे से फांसी पर लटक रहा है। इसका पता चलते ही शिवकुमार के खुशियों वाले घर में मातम बरपा हो गया। सर्वेश का कहना है कि कोई ऐसी बात भी नहीं हुई, कि जिससे वह नाराज हो, शिवकुमार की तीन बेटियां और दो बेटे है। पुलिस जांच कर रही है।

### बेटी की शादी से पहले पिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**हरदोई, अमृत विचार।** बेटी का तिलक चढ़ाने के बाद शादी को लेकर परेशान पिता ने कमरे के अंदर बेटी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शव लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने किसी तरह कमरा खोलकर शव बाहर निकाला। फिलहाल फांसी लगाने की वजह सामने नहीं आ सकी है। पुलिस जांच कर रही है। कोतवाली देहात के तकिया मजरा नीर निवासी सर्वेश (45) पुत्र पुतूलाल खेती-किसानी करता था। परिवार में पत्नी छोटी बिटिया के अलावा उसकी तीन बेटियां और चार बेटे हैं। बुधवार की शाम सर्वेश ने कमरे का दरवाज़ा बंदकर बेटी के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताते हैं कि सर्वेश ने अहिरोरी के नेवलपुरवा से बड़ी बेटी की शादी तय की थी। 13 अप्रैल को तिलक भी हो चुका था। लेकिन शादी की तारीख तय नहीं हुई थी। भाई कंपोडर ने बताया कि तिलक चढ़ाने के बाद से सर्वेश परेशान लगता था। उसे शादी के खर्चे की फिक्र सता रही थी।


शिव कुमार की फाइल फोटो।

### रात में घर पर सो रहे अधेड़ का शव सुबह बाग में फंदे से लटकता मिला

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** खाना खाने के बाद सोने गया अधेड़ रात में अचानक घर से लापता हो गया। जानकारी होने पर परिजन उसकी खोजबीन करने लगे। बुधवार को अगले दिन उसका शव बावन ब्लाक मुख्यालय के पीछे बाग़ में फांसी पर लटका मिला। अधेड़ की मौत को लेकर तरह-तरह की अटकलें ज़ोर पकड़ती जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही इस बारे में आगे कुछ कहा जा सकता है। साण्डी थाने के संगैचामऊ निवासी उपेंद्र सिंह (56) पुत्र देशराज सिंह खेती-बाड़ी करता था। परिवार में पत्नी सुमन और दो बेटे राजन और रोहित है। राजन ने बताया कि मंगलवार की रात में सब लोगों ने खाना खाया और सो गए। पिता उपेंद्र अलग चारपाई पर सो रहे थे। बुधवार की भोर पहर उनकी चारपाई खाली पड़ी थी। काफी देर बाद भी वापस न लौटने पर तलाश शुरू हो गई। मंगलवार की शाम पता चला कि बावन ब्लाक मुख्यालय के पीछे निज़ामपुर रोड से पश्चिम निकले खड़ंजे पर बाग में उनका शव फंदे से लटका है। परिजनों ने उपेंद्र के आत्महत्या करने की बात साफ इनकार कर रहे हैं। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर आगे की कार्रवाई करना बता रही है।


उपेंद्र की फाइल फोटो।

## झोलाछाप के इंजेक्शन लगाने से अधेड़ की मौत, दी तहरीर

**हरदोई, अमृत विचार।** बुखार की दवा लेने पहुंचे अधेड़ को झोलाछाप ने इंजेक्शन लगा दिया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के बाद अधेड़ की तबियत और बिगड़ गई और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। आरोप है कि झोलाछाप ने अधेड़ का शव बाहर कर दिया और दुकान बंद कर भाग गया। यूपी-112 पर सूचना देते ही पहुंची पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

कछौना कोतवाली के पूरब खेड़ा मजरा हथौड़ा निवासी तेजपाल (55) पुत्र सूरजबली खेती-किसानी करता था। बच्चे नहीं थे, उसने भतीजे करन को गोद लिया था। करन की शादी के बाद तेजपाल की पत्नी की मौत हो गई थी। जिसके बाद तेजपाल अपने भतीजे करन और बहू के साथ रहता था। छोटे भाई राजू ने बताया कि तेजपाल को बुखार आ रहा था। बुधवार को वह हथौड़ा एक झोलाछाप के पास दवा लेने पहुंचा। आरोप है कि झोलाछाप ने इंजेक्शन लगा दिया, उसके लगने के कुछ देर बाद तेजपाल के उलझन बढ़ गई, कोई कुछ समझ पाता, उसी बीच तेजपाल की वहीं पर मौत हो गई।


तेजपाल की फाइल फोटो।

करन का आरोप है कि मौत होते ही झोलाछाप शव को दुकान से बाहर फेंक दिया और उसे बंद कर वहां से भाग गया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, उसकी रिपोर्ट आने के बाद ही तस्वीर साफ होगी, फिलहाल जांच की जा रही है।

### रसोई गैस सिलेंडर फटने से 3 घरों का सामान जला

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के बहादुर खेड़ा गांव निवासी बाबूलाल के अनुसार वह रात में खाना बना रहे थे। तभी अचानक उनके रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई। तभी तेज धमाके के साथ सिलेंडर फट गया। इससे घर आग में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते आग विकराल रूप लेकर पड़ोसी मुन्नीलाल, मंशाराम व पुत्तीलाल के घरों तक फैल गई। तीनों घरों में रखा छप्पर, भूसा, अनाज, नगदी सहित अन्य घरेलू सामान जल गया। निजी साधनों से ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## पत्नी की मौत के 26वें दिन शिक्षक पति की भी हुई मौत

**संवाददाता, अतरौली, हरदोई**


प्रमोद की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम चचरी में पत्नी की मौत के 26 वें दिन सरकारी शिक्षक पति की भी मौत हो गई। वह अभी 54 वर्ष के थे। ब्लाक भरावन के संविलयन विद्यालय जाजूपुर में तैनात शिक्षक प्रमोद मिश्रा उर्फ बबलू की पत्नी गीता मिश्रा की बीते 28 मार्च को उनके लखनऊ आवास पर हार्टअटैक से मौत हो गयी थी। जिनका अन्तिम संस्कार पैतृक आवास चचरी में हुआ था। उसके 26 वें दिन उनके लखनऊ आवास पर ही गुरुवार को शिक्षक प्रमोद मिश्रा उर्फ बबलू की मौत हो गयी। जिनका अन्तिम संस्कार गुरुवार को ही लखनऊ में किया गया। पुत्र सचिन मिश्रा ने बताया कि बुधवार की रात रोजाना की तरह पिता प्रमोद मिश्रा खा पीकर अपने कमरे में सो गये। हम सभी अन्य परिजन अपने अपने कमरों में सो गये। गुरुवार की सुबह सभी लोग जागे। पिता प्रमोद मिश्रा जब काफी देर तक नहीं उठे तो जाकर उनके कमरे में देखा कि उनका शव बेड पर पड़ा था। गांव में परिजनों को जानकारी दी गयी। गांव से कई लोग उनके अन्तिम संस्कार में लखनऊ पहुंचे।

### पत्नी की हत्या का आरोपी पति हिरासत में

**हरदोई, अमृत विचार।** बेटी का शव चारपाई पर पड़ा देखा उसके पिता ने दहेज़ में बाइक की मांग के चलते गला घोंट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। ससुर के आरोप पर वहां पहुंची पुलिस ने आरोपी दामाद को हिरासत में लेते हुए शव का पोस्टमार्टम कराया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीतापुर ज़िले के अरबापुर थाना नैमिषारण्य निवासी इंकल ने पिछले साल अप्रैल में ही अपनी 23 वर्षीय पुत्री गोल्डी की शादी पिहानी कोतवाली के दानपुर मजरा रसूलपुर के अनूप के साथ की थी। अनूप पत्नी गोल्डी के साथ अलग मकान में रहता था। इंकल ने बताया कि बुधवार की दोपहर उसे अनूप और गोल्डी के बीच झगड़ा होने का पता चला, शाम को वह दानपुर पहुंचा, वहां गोल्डी का शव चारपाई पर पड़ा था।

## सपा के प्रतिनिधि मंडल को रखा गया नजरबंद

**संवाददाता, हरदोई**

**अमृत विचार।** शिल्पी कुशवाहा के घर सांत्वना देने जाने वाले प्रतिनिधि मंडल को पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। लखनऊ से आ रहे पूर्व एमएलसी डा. राजपाल कश्यप को पुलिस ने रास्ते में रोक लिया, जिससे वह वहीं बैठक कर प्रदर्शन करने लगे। गिरफ्तार लोगों को मुख्यमंत्री के चले जाने के बाद छोड़ दिया गया।

बताते चले कि मल्लावां ब्लाक के ग्राम गढ़ी रसूलपुर में बीते 13 अप्रैल को शिल्पी कुशवाहा की हत्या इसी गांव के रहने वाले एक युवक ऋषभ द्विवेदी ने की थी। मृतक के परिवार को सांत्वना देने के लिए समाजवादी पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली के नेतृत्व में गुरुवार को गांव गढी रसूलपुर जाना था, लेकिन 22 अप्रैल की रात में ही सपा के प्रतिनिधिमंडल के अधिकांश लोगों को घरों में नजर बंद कर लिया गया और मल्लावां विधानसभा के कई प्रमुख नेताओं को भी हाउस अरेस्ट कर लिया गया।


डा. राजपाल को गिरफ्तार करती पुलिस। अमृत विचार

### पूर्व एमएलसी साथियों सहित हुए गिरफ्तार

**हरदोई।** गुरुवार को जब लखनऊ से पूर्व एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ट उत्तर प्रदेश और प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश शकील नदवी लखनऊ से मल्लावा जा रहे थे तो संडीला में ही वहां की स्थानीय पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया, जिससे वह वहीं पर धरने पर बैठ गए। डॉ. कश्यप और शकील नदवी ने कहा कि भाजपा जितना भी दमन करना चाह कर ले, लेकिन अब जनता उनसे नाराज चुकी है।

# फंदे से लटके मिले दो लोगों के शव

**उन्नाव, अमृत विचार।** पारिवारिक कलह से परेशान होकर दो लोगों ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

माखी थानाक्षेत्र बौनामऊ गांव के मजरा उदित खेड़ा निवासी सुनील (33) पुत्र रामऔतार मजदूर करता था। पिता ने बताया कि बेटा बहू के साथ अलग रहता था। उनमें अक्सर विवाद होता था। चर्चा रही कि गुरुवार को भी दोनों में विवाद हुआ। इसके बाद दोपहर 1 बजे वह कमरे में लगे कुंडे में साड़ी के फंदे से लटक गया। सूचना पर पडोसियों ने बल्ली से दरवाजा तोड़कर उसे फंदा काटकर नीचे उतारकर पास के एक निजी चिकित्सक की क्लीनिक पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। पति की मौत से शिवानी व मां शांती बेहाल हैं। उसके 2 बच्चों में बेटी वैष्णवी (4) व बेटा गगन (2) है। एसओ योगेश सिंह ने बताया कि जांच कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### परेशान युवक ने फंदे से लटककर दी जान

**उन्नाव, अमृत विचार।** औरास थानाक्षेत्र के नेवरा उदई गांव निवासी जियालाल (41) पुत्र स्व. जयराम खेती करता था। भाई सियाराम ने बताया कि उस पर लोगों का कर्ज था। इससे वह परेशान रहता था। घर में भी इसे लेकर विवाद होता था। बुधवार को उसने घर के कमरे में साड़ी के फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। उसकी मौत से पत्नी रानी, बेटा संदीप, सचिन व बेटी सोनम बेहाल रहीं। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया है। हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई है।

## किशोरी का घर में पड़ा मिला शव किसी करीबी पर हत्या का शक

**उन्नाव, अमृत विचार।** बारासगवर थानाक्षेत्र के बारा गांव निवासी मनोज पत्नी नीलू के साथ बुधवार को रायबरेली के सरेनी थानाक्षेत्र के हैबतपुर गांव स्थित अपनी ससुराल में मुंडन में शामिल होने गया। उसके 3 बेटे अंकित, आदित्य व आशु फसल की रखवाली के लिए खेत में थे। घर पर उसकी इंटर की छात्रा 15 वर्षीय बेटी सपना थी। देररात अंशू घर पहुंचा तो सपना का शव चारपाई के नीचे पड़ा था और मुंह से झाग निकल रहा था। गले में खरोच के निशान थे। पिता की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव मोर्चरी भेज दिया। परिजनों ने मौखिक रूप उसकी हत्या किए जाने शक जताया। पोस्टमार्टम सूत्र बताते हैं कि किशोरी की मौत सिर में आई चोटों से हुई है। आशंका है कि पहले गला दबाकर मारने का प्रयास भी हुआ। बाद में डंडे से वार किए जाने की आशंका जताई गई। सीओ मधुपनाथ मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम में चोटें मिली हैं। इससे मारपीट किए जाने की संभावना है। बताया कि वह मौके पर जांच के लिए गए है। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस को इसमें किसी करीबी का हाथ होने की आशंका है।

### केरल में भिड़े बांगरमऊ निवासी दो भाई, एक की मौत

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** केरल में गमला बेचने की दुकान खोले दो भाइयों में हुआ विवाद इतना बढ़ा कि एक ने दूसरे की हत्या कर दी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचा तो परिजनों में चीखपुकार मच गई। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आसत मोहीउद्दीनपुर गांव निवासी रामशंकर के बेटे लक्ष्मी नारायण व कैलाश केरल प्रांत में गमला बनाकर बेचने की अलग-अलग दुकानें किए हैं। 3 दिन पूर्व दिन कैलाश गमला बनाने का फरमा लेकर लक्ष्मी नारायण की दुकान गया था। रात में दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसमें कैलाश ने गुस्से में आकर लक्ष्मी नारायण (32) के सिर पर भारी वस्तु से वार कर दिया। इससे उसकी मौके पर मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को उसका शव गांव पहुंचा तो परिजनों में चीख पुकार मच गई। पति की मौत से पत्नी राधा, बेटा हर्ष, बेटी काव्या, मां चुन्नी बेहाल हैं। देरशाम नानामऊ घाट पर परिजनों ने लक्ष्मी नारायण का अंतिम संस्कार कर दिया।

### दोस्तों को पीटकर चौकी के सामने फेंक कर भागे युवक

**हरदोई, अमृत विचार।** भाई दोस्त के साथ बीमार बहन की दवा लेने निकला। उसी बीच उसे बहाने से बावन रोड पर बुलाया गया, जहां दोनों को गाड़ी में ठूंस कर बेरहमी से पिटाई कर अधमरा कर दिया। उसके हमलावर पुलिस चौकी के सामने कर भाग निकले। लेकिन पुलिस ने कुछ हमलावरों को पकड़ लिया, हालांकि पुलिस की तरफ से इस बारे में कोई बयान नहीं आया है। कोतवाली शहर के ऊंचा थोक निवासी 19 वर्षीय प्रभाष मिश्रा पुत्र अनिल मिश्रा की बहन बीमार थी। प्रभाष बुधवार की शाम को उसी मोहल्ले के अपने 20 वर्षीय दोस्त सोनू अग्निहोत्री पुत्र तगड़े अग्निहोत्री के साथ बाइक से बहन की दवा लेने निकला। उसी बीच प्रभाष को उसके एक दोस्त ने फोन पर उसे बावन रोड पर एक निजी हास्पिटल के पास बुलाया। दोनों वहां पहुंचे तो रामबाबू शुक्ला, सोनू शुक्ला, अमित शुक्ला, हर्षित, मनीष शुक्ला, आदित्य, अमन यादव, मीनू, शरद द्विवेदी, मून उस्मानी और तमाम अज्ञात ने मारपीट की।

# सड़क हादसों में दो की गई जान

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार।** अलग-अलग थानाक्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। जिला अस्पताल से पहुंचे मेमो पर संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंपा है। इसके बाद से परिजनों में चीखपुकार मची है।

अचलगंज थानांतर्गत पड़री कला गांव के मजरा पटनाहन खेड़ा निवासी रमेश शुक्ला (32) पुत्र लल्लन ट्रक चालक था। वह गांव के ट्रांसपोर्टर का ट्रक चलाता था। बुधवार रात उसे सहयोगी चालक यूनुस के साथ कनौडिया पेट्रोल के पास से भाड़ा लेकर जाना था लेकिन वह नहीं गया। इससे यूनुस ट्रक लेकर चला गया। देररात पैदल कानपुर-लखनऊ हाईवे पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाकर भाई को सूचना दी। तभी करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर अचलगंज पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। वह 2 भाइयों में अमित से छोटा था। उसकी शादी नहीं हुई थी। मां की मौत हो चुकी है। बेटे की मौत से वृद्ध पिता बेहाल है। एसओ ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि अस्पताल के मेमो पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


नफीस व रमेश का फाइल फोटो।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-आक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना। **एडमिन यूनिट/जोनः** लखनऊ-पू०उ०रे०-मण्डल-वाणिज्य/पू०उ०रे०, **नीलामी सूची सं० /लॉट सं०:** Catg-LJND-06-26, **नीलामी सूची प्रकाशन तिथिः** 17-04-2026 समय 19:39 बजे, **नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट):** 04-05-2025 समय 12:00 बजे। **नीलामी बन्द करने की तिथि व समयः** 04-05-2026 समय 12:50 बजे। **नीलामी का प्रकारः** Close Ended, **वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** E-Auction Module of *www.ireps.gov.in*

सहायक वाणिज्य प्रबन्धक,
मुजाधि/वाणिज्य-18 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदा" आमंत्रित करते हैं:- **क्रम सं.-1,** कार्य का नामः पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में रेलों, स्टाक रेल के फ्लैंज तथा एसईजे/आईएसईजे के टंगरेल का यू०एस०एफ०डी० परीक्षण। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-19, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 2,04,18,104/- अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 4,08,400/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 15-05-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 10 माह। **क्रम सं.-2,** कार्य का नामः मइं/सामान्य/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत टिम्बल गेडो वोरस ट्राली पद्धति या इसी तरह के उपकरण प्रणाली का उपयोग करके प्री टैम्पिंग/पोस्ट टैम्पिंग माप द्वारा ट्रैक ज्यामिति का कार्य। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-20, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 92,12,738/- अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 1,84,300/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 15-05-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 09 माह। **क्रम सं.-3,** कार्य का नामः मऊ-शाहगंज अनुभागः- फरिहा-सरायमीर के मध्य एलएचएस संख्या 45 सी तथा सरायमीर-खोरासनरोड के मध्य एलएचएस संख्या 52 सी पर कवर शेड का प्रावधान। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-21, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 93,85,004/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 1,87,700/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 15-05-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 04 माह। **क्रम सं.-4,** कार्य का नामः समइ/पूर्व/मऊ कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्लू से सचिंत पानी की निकासी का कार्य। ई-निविदा सूचना सं.: एनईआर-बीएसबी-2026-22, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 76,49,788/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 1,53,000/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 15-05-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह। **क्रम सं.-5,** कार्य का नामः समइ/लाइन/वाराणसी कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत एलएचएसडब्लू से सचिंत पानी की निकासी का कार्य। ई-निविदा सूचना सं: एनईआर-बीएसबी-2026-23, अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 26,88,895/-, अमानत राशि (बिड सिक्यूरिटी) (रू०में): ₹ 53,800/-, निविदा बन्द होने की तिथिः 15-05-2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह।
• निविदा सूचना संख्या एनईआर-बीएसबी-2026-19 से एनईआर-बीएसबी-2026-23 दिनांक 15-05-2026, को 14:30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना के अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.),
मुजाधि/डब्लू-42 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रानिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, आलमबाग, लखनऊ-226005 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मद के लिये ई-निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्रम संख्या | निविदा सं० | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 51265187 | "Centre Lathe for Axle turning of LHB Wheel" as per specification attached (Cost of Basic machine only). | 1 Nos. | 20.05.2026 |

निविदा शर्तेः 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस संख्या-51265187 दिनांक- 22.04.2026 1342/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अमृत विचार क्लासीफाइड**

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री फैसल बिलाल पुत्र स्व0 रहमत उल्ला नि0 मो0 मुकरियाना बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में अपने आवेदन पत्र के साथ अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, सहमति शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर यह मांग की है कि प्रार्थी के पिता रहमत उल्ला पुत्र स्व0 हाजी हबीब उल्ला के नाम से मोहल्ला गढ़ी बाँगरमऊ की पालिका कर पंजिका रजिस्टर मे भवन नम्बर 33 व 313/25 मे नाम दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थी के पिता रहमत उल्ला की मृत्यु दिनांक 17-08-2025 को हो जाने के बाद प्रार्थी ने उक्त भवन को अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अपनी बहन का सहमति शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर प्रार्थी ने अपने उक्त दोनों भवन नम्बर 33 व 313/25 को नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए श्रीमती आरफा बेगम पत्नी स्व0 रहमत उल्ला व फैसल बिलाल, यासर अराफत पुत्रगण स्व0 रहमत उल्ला के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री फैसल बिलाल पुत्र स्व0 रहमत उल्ला नि0 मो0 मुकरियाना बाँगरमऊ जिला उन्नाव ने पालिका कार्यालय में दिनांक 04-04-2026 को अपने आवेदन पत्र के साथ अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अपनी बहन का सहमति शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति प्रस्तुत कर यह मांग की है कि प्रार्थी के पिता रहमत उल्ला पुत्र स्व0 हाजी हबीब उल्ला के नाम से मोहल्ला मुकरियाना बाँगरमऊ की पालिका कर पंजिका रजिस्टर मे भवन नम्बर 81 व 140/23 मे नाम दर्ज चला आ रहा है। प्रार्थी के पिता रहमत उल्ला की मृत्यु दिनांक 17-08-2025 को हो जाने के बाद प्रार्थी ने उक्त भवन को अपने पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सदस्यता प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अपनी बहन का सहमति शपथ पत्र व आधार कार्ड की छायाप्रति के आधार पर प्रार्थी ने अपने उक्त दोनों भवन नम्बर 81 व 140/23 को नगर पालिका कर पंजिका अभिलेखों में कर की अदायगी के लिए श्रीमती आरफा बेगम पत्नी स्व0 रहमत उल्ला व फैसल बिलाल, यासर अराफत पुत्रगण स्व0 रहमत उल्ला के नाम से दर्ज किये जाने की मांग की है। पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यो के आधार पर यदि उक्त नामान्तरण प्रकिया को पूर्ण किये जाने मे किसी को कोई भी आपत्ति है। तो वह विज्ञापन प्रकाशन से 30 दिन के अन्दर उक्त भवन से सम्बंधित सर्वमान्य रजिस्टर्ड साक्ष्य सहित मेरे समक्ष उपस्थित हो कर वह अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है। बाद मियाद गुजर जाने पर किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा और उपरोक्त नामान्तरण प्रकिया को आवेदनकर्ता के पक्ष मे पूर्ण कर दिया जायेगा तत्पश्चात नगर पालिका परिषद बाँगरमऊ की कोई जिम्मेदारी न होगी।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बाँगरमऊ उन्नाव

**कार्यालय, निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ।**

पत्रांक-एस0पी0एम0/नीलामी/2026-27/526 दिनांक- 21 अप्रैल, 2026

**नीलामी सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक-एस0पी0एम0/नीलामी/2025-26/3536 दिनांक 16.01.2026, पत्रांक-एस0पी0एम0/विज्ञाप्ति/2025-26/4763 दिनांक 12.02.2026, पत्रांक-एस0पी0एम0/नीलामी/2025-26/5838 दिनांक 06.03.2026 के द्वारा चिकित्सालय के विभिन्न विभागों के निष्प्रयोज्य फर्नीचर एवं उपकरणों की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण की गई, किन्तु नीलामी कमेटी के सदस्यों द्वारा निर्धारित धनराशि पर प्रतिभागियों द्वारा बोली नहीं गयी थी। जिससे निष्प्रयोज्य उपकरणों की नीलामी नहीं हो सकी। उक्त को दृष्टिगत रखते हेतु कमेटी के सदस्यों द्वारा धनराशि में आंशिक संशोधन करते हुये पुनः नीलामी प्रक्रिया पूर्ण किये जाने हेतु निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त के क्रम में पुनः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि चिकित्सालय के निष्प्रयोज्य फर्नीचर एवं उपकरणों की नीलामी विवरण सूची के अनुसार दिनांक-30.04.2026 (दिन गुरूवार) प्रातः 12:00 बजे कार्यालय, निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक, डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) चिकित्सालय, लखनऊ के सभागार में नीलामी समिति के समक्ष आयोजित की जायेगी।

शेष नियम व शर्ते पूर्व की भांति रहेगी।

निदेशक एवं प्रमुख अधीक्षक,
डा0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल)
चिकित्सालय, लखनऊ।

**UP-250348 दिनांक 22.04.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**सूचना**

मेरे बीमा पालिसी नम्बर-22738243 में मेरा नाम प्रहलाद है तथा प्रहलाद यादव व प्रहलाद एक ही व्यक्ति का नाम है मुझे इसी दोनो नामो से जाना व पहचाना जाता है। **प्रहलाद यादव पुत्र लक्ष्मीनरायन शिवपुर महन्थ सहतूजोत परा. तह. उतरौला जिला-बलरामपुर**

**सूचना**

मेरा आधार कार्ड में नाम संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल पता ग्राम सरौट पुखरायां भोगनीपुर कानपुर देहात अंकित है जो शुद्ध और सही है। मेरे इसी सही नाम संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल को विधिक व विभागीय मान्यता प्रदान की जाए। **संतोष कुमार पुत्र देवी दयाल पता- ग्राम सरौटा पुखरायां भोगनीपुर कानपुर देहात।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र सुधीश, पुत्रवधू पूनम और दूसरी पुत्रवधू रीमा से उनके गलत और असामाजिक व्यवहार और बेजा आचरण के चलते हर तरह के संबंध विच्छेदित कर लिए हैं। उन्हें चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनसे कोई सरोकार या वास्ता नहीं है। **ओम प्रकाश पुत्र राम औतार निवासी - ग्राम पीताम्बर पुर पोस्ट लालपुर सेकंड कानपुर देहात**

**सूचना**

मैने अपना नाम SHAIKH NIYAZ AHMED NOHAMED ALI से बदलकर NIYAZ AHMAD ABBASI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHD ALI ABBASI ADD-211P/Z/4D KASARI MASARI KARAILI SADAR GTB NAGAR ALLAHABAD PRAYAGRAJ-211016(U.P.)

**सूचना**

मैं अनीस अहमद (ANEES AHMAD) आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र जहूर अहदम निवासी 475/42, सीतापुर रोड, शिया कालेज के पास, कदम रसूल, निराला नगर जिला -लखनऊ उ0प्र0-226020 का हूँ। मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों पर मेरा नाम अनीस अहमद (ANEES AHMAD) अंकित है एवं पासपोर्ट पर त्रुटिवश मोहम्मद अनीस अहमद (MOHAMMAD ANEES AHMAD) अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं। भविष्य में मुझे अनीस अहमद (ANEES AHMAD) के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

मैं **श्रीकान्त मिश्र पुत्र राधेश्याम मिश्र निवासी डी-164 डी0एल0एफ0 गार्डन सिटी, रायबरेली रोड, जिला लखनऊ,** प्लाट संख्या SC2-11, डीएलएफ गार्डन सिटी लखनऊ की आवंटी शोभा मिश्रा की मृत्यु 24/02/2024 के उपरान्त उक्त प्लाट SC2-11 आलोक रंजन मिश्रा, आशुतोष मिश्रा के नाम हो रहा है। अगर किसी को आपत्ति हो तो 21 दिन के अन्दर सम्पर्क करें।

**सूचना**

मेरा पुत्र राज कुमार उर्फ पुष्पेन्द्र का आचरण मेरे व परिवार के प्रति सही नहीं है। इस लिये मैं अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ती से बेदखल कर रहा हूँ। मेरे पुत्र का किसी भी व्यक्ति से लेन देन होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होगा। **विजय राजपूत पुत्र नाथूराम निवासी- नकरा, थाना-पनवाड़ी जिला महोबा उ0प्र0**

न्यूज ब्रीफ

### नदी में डूब रहे तीन को बचाया, एक की मौत

**हरदोई, अमृत विचार।** चार दोस्त गंगा नदी में नहा रहे थे। उसी बीच गहराई में जाते ही डूबने लगे। किसी तरह से तीन दोस्तों को बचा लिया गया, जबकि चौथा युवक डूब गया। जिसका शव करीब तीन घंटे बाद नदी से बाहर निकाला गया। अरवल थाने के करनपुर निवासी रामू (32) पुत्र श्रीराम बुधवार की दोपहर अपने दोस्तों रिंकू, किशनपाल और अखिलेश के साथ रम्पुरा गंगा घाट पर नहाने गया था। नहाने के दौरान चारो युवक गहरे पानी में जाकर डूबने लगे। घाट पर मौजूद लोगों ने रिंकू, किशनपाल व अखिलेश को तो बचा लिया, लेकिन रामू डूब गया। उसकी काफी देर तक तलाश की गई, तब कहीं तीन घंटे बाद शव बरामद हो सका। इसका पता होते ही घर में चीख-पुकार होने लगी, रामू की शादी नहीं हुई थी।

# मुख्यमंत्री ने गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

संवाददाता, मल्लावां, हरदोई


मुख्यमंत्री को व्यवस्थाएं दिखाते जिलाधिकारी अनुनय झा। अमृत विचार


वार रूम में मुख्यमंत्री को कार्यक्रम के संबंध में तैयारियों की जानकारी देते डीएम।


एक्सप्रेस-वे लिंक का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने गुरुवार को लोकार्पण स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने 29 अप्रैल को होने वाले गंगा एक्सप्रेस-वे के लोकार्पण समारोह की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उच्च अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने सारी तैयारियों को पूरी बारीकियों से देखा तथा कमियों को दुरुस्त रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 4 बजे हेलीकाप्टर से लोकार्पण स्थल पर पहुंचे, जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने तैयार हो रहे मंच पर चढ़कर पंडाल और लोगों के बैठने की व्यवस्थाओं को देखा। सभा स्थल के पास बने वार रूम में मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने उच्चअधिकारी और यूपीड़ा के अधिकारियों से कार्यक्रम को लेकर समीक्षा की। करीब एक घण्टे तक रुके, जिसमें 40 मिनट तक बैठक की। इस दौरान नगर विकास मंत्री सुरेश खन्ना, समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, विधायक आशीष सिंह डीएम अनुनय झा, एसपी अशोक कुमार मीणा, सीडीओ सान्या छावड़ा सहित तमाम अधिकारीगण मौजूद रहे। गौरतलब हो कि मेरठ से लेकर प्रयागराज तक 594 किलो मीटर लम्बे गंगा एक्सप्रेस-वे जो 36 हजार 200 करोड़ रूपये की लागत से बनकर तैयार हो चुका है जो 12 जनपदों से होकर गुजरा है। हरदोई की बिलग्राम, सवायजपुर, शाहाबाद तहसील में करीब 100 किमी. तक फैला है। मल्लावां -मेहंदीघाट रोड पर टोल के पास बंदीपुर कल्यानपुर स्थल पर 29 अप्रैल को प्रधानमंत्री गंगा एक्सप्रेस-वे का लोकार्पण कर एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे।


समारोह को लेकर मंत्रियों, जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

# प्रदेश की टॉपटेन सूची में हरदोई की आयुषी और वर्चस्व

## जिले में हाईस्कूल के 85.70 तथा इंटरमीडिएट के 81.60 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण, मेधावियों में उत्साह का माहौल

संवाददाता, हरदोई


आयुष यादव।


जुनैद अहमद।


अमन खान।


वर्चस्व दुबे।


आयुषी वर्मा।


राखी।


रूबी मौर्या।


गीता।

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित कर दिया गया। जिसमें जिले में हाईस्कूल के 85.70 तथा इंटरमीडिएट के 81.60 प्रतिशत छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। जिले में हाईस्कूल के 49,181 तथा इंटरमीडिएट के 46,640 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी थी। 12वीं कक्षा में प्रदेश की टॉपटेन सूची में हरदोई के दो बच्चों ने जगह बनाई है। राम लाल पब्लिक स्कूल की आयुषी वर्मा ने 12वीं में प्रदेश में 9वां और वर्चस्व दुबे ने 10वां स्थान हासिल किया है। वहीं यूपी बोर्ड 10वीं के परीक्षा परिणाम में एसडीएल वर्मा इंटर कॉलेज साईं की छात्रा दिव्यांशी पाल ने जनपद में प्रथम स्थान और छात्र रेशू पटेल ने द्वितीय स्थान हासिल किया है।

हाईस्कूल जिला टापटेन में 39 विद्यार्थी तथा इंटरमीडिएट जिला टाप टेन में 13 विद्यार्थी रहे।

बिलग्राम संवादाता के अनुसार वर्चस्व दुबे ने इंटरमीडिएट में प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने 477 अंक प्राप्त किए। 95.4 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया। इनके पिता निर्विकार दुबे खेती किसानी करते हैं तथा मां वंदना दुबे गृहणी हैं। आयुषी वर्मा ने 500 में 478 अंक प्राप्त कर प्रदेश में नवां स्थान प्राप्त किया। आयुषी के पिता अनुराग वर्मा नगर विकास सहकारी बैंक में तैनात हैं तथा उनकी मां कांती देवी गृहणी हैं।


परिजनों के साथ अनंत मिश्रा।


अनिमेष बाजपेई का मुंह मीठा करती उनकी मां रमा बाजपेई।

राजकीय इंटर कॉलेज, हरदोई के मेधावी छात्र अनंत मिश्रा ने हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनपद की मेरिट सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के साथ अनंत मिश्रा ने न केवल अपने विद्यालय, बल्कि समस्त राजकीय विद्यालयों का गौरव बढ़ाया है। अनंत ने इसका श्रेय अपने पिता चंद्र प्रकाश मिश्रा, माता छाया मिश्रा सहित अपने गुरुजनों को दिया। अनिमेष बाजपेई ने हाईस्कूल में 73.5 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने पिता आलोक व माता रमा बाजपेई का नाम रोशन किया।

सांडी संवाददाता के अनुसार ए.पी.एस. पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र कक्षा 12 में 94% के साथ जुनैद अहमद ने कॉलेज टॉप किया वही आयुष यादव 90.6% ने अंक प्राप्त किया तो कक्षा 10 में सचिन 91.00% के साथ कॉलेज टॉप किया तो अमन खान 90.8%,अंशू 90.3% ,सुमित 90.16% , शिवम यादव 90%, आशुतोष कुशवाहा 90% ,आराध्या द्विवेदी 88.66% इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक अरविंद सिंह जी ने सभी सफल विद्यार्थियों को पुष्पमाला पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया।साथ ही पूर्व घोषित योजना के अनुसार हाई स्कूल के टॉपर विद्यार्थियों को टैबलेट तथा इंटरमीडिएट की टॉपर छात्रा को लैपटॉप प्रदान कर सम्मानित करने की बात। अतरौली संवाददाता के अनुसार भरावन में बेटियों ने मारी बाजी।छात्रा राखी के पिता कमलेन्द्र कुमार नें बताया किसानी करके बिटिया को पढ़ाया और 12 किलोमीटर तुलसीपुर से साइकिल प्रतिदिन चलाकर पढ़ने जाती थी बिटिया का सपना है अफसर बनने का। आयुषी की मां कान्ती ने बताया किसानी करके बिटिया को पढ़ाने का सपना जों था उसे सार्थक किया। बिटिया नें भविष्य में जों भी पढ़ाई बिटिया कराना चाहेगी पूरी मेहनत से पढ़ाऊंगी। कक्षा 12 की दीपिका के पिता प्रमोद ने बताया बचपन से ही बिटिया पढ़ने में दिलचस्पी दिखाती थी देर रात तक पढ़ती रहती थी बिटिया नें अच्छे नंबर लाकर मेरा मान बढ़ाया।

कक्षा 10 में जनता इंटर कॉलेज की छात्रा आयुषी गिरी नें 88.89 प्रतिशत अंक पाकर कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान राखी 87 प्रतिशत और रूबी मौर्या 84.16 प्रतिशत, गीता 82 प्रतिशत पाकर अव्वल रही।


राज तिवारी।


अनुभव अवस्थी।


मयंक मिश्रा।


दीपिका।


सचिन गुप्ता।


आयुषी।

नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अतरौली के छात्र राज तिवारी 87.33, अनुभव अवस्थी 87,मयंक मिश्रा 85 प्रतिशत अव्वल रहे। जनता इंटर कॉलेज की कक्षा 12 की छात्रा दीपिका 80 और छात्र सचिन गुप्ता 80 प्रतिशत पाकर अव्वल रही।

### किसान के लाल ने किया हाई स्कूल में तहसील टॉप


नवील।

शाहाबाद संवाददाता के अनुसार ब्लॉक के ग्राम ककरघटा के डा किरणेश सिंह इंटर कालेज के हाई स्कूल के छात्र नवील ने बोर्ड परीक्षा में 565 अंक पाकर जनपद में छठा स्थान प्राप्त कर स्कूल का नाम रोशन किया है। कॉलेज के संस्थापक रंजीत सिंह ने बताया छात्र नवील ने हाईस्कूल परीक्षा 565 अंक आए है 94.17 प्रतिशत रहा साथ ही जिले की टॉप सूची में छठे स्थान पर रहा है। बच्चे के पिता गरीब किसान है बच्चे को विद्यालय द्वारा नि:शुल्क पढ़ाया जा रहा है। छात्र ने गणित जैसे कठिन विषय में 99 अंक प्राप्त कर विद्यालय और छेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन छात्र के उज्वल भविष्य की कामना करता है।

### माधौगज में मेधावियों ने सफलता का लहराया परचम

**हरदोई, अमृत विचार।** माधौगंज संवाददाता के अनुसार कस्बे के फूलमती मां सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के हाईस्कूल की छात्रा समीक्षा द्विवेदी ने 91 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं वैष्णवी द्विवेदी ने 90.66, नैंसी, सूरज सक्सैना, लक्ष्मी देवी ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। इंटरमीडिएट परीक्षा में रजत गुप्ता 87 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान पाया। वैष्णवी तिवारी ने 84.4 गौरी सिंह ने 84.2 खुशबू यादव ने 84 प्रतिशत, अमन राठौर 83.9, आकाश शुक्ला 81 प्रतिशत, सौम्या गुप्ता 80 प्रतिशत, दीप्ति वर्मा ने 79, नैना शुक्ला 78.4, जानवी द्विवेदी ने 78 प्रतिशत अंक पाए। विद्यालय प्रधानाचार्य सतीश कुमार मिश्रा ने मेधावी बच्चों का मुंह मीठा कराकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आरआर आर इंटर कॉलेज दौलतयारपुर के हाई स्कूल छात्र इशिका यादव ने 91.5 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में प्रथम स्थान पाया. वही हिमांशी देवी ने 90.5, श्रेया पटेल 88.83 आर्यमान 87.83 अभिनय कुमार 87.5 सम्राट सैनी 85.5 गुंजन 84.66 अंक पाए. प्रधानाचार्य दीप्ति द्विवेदी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

### 10वीं में जिला स्तर पर दिव्यांशी पाल और रेशू पटेल रहे अव्वल


दिव्यांशी पाल।


रिशू पटेल।


अनन्या पटेल।


निवेदन।


सार्थक त्रिपाठी।


पीयूश पाल।

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** यूपी बोर्ड 10वीं के परीक्षा परिणाम में एसडीएल वर्मा इंटर कॉलेज साईं की छात्रा दिव्यांशी पाल ने जनपद में प्रथम स्थान और छात्र रेशू पटेल ने द्वितीय स्थान हासिल किया है। जनपद में टॉप टेन सूची में आठ छात्र-छात्राओं ने जिले में स्थान प्राप्त किया है। तो इंटरमीडिएट में मल्लावां पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र प्रखर पटेल ने पांचवां स्थान पाया है। हाई स्कूल के बोर्ड परीक्षा में दिव्यांशी पाल ने 600 में से 571 अंक (95.17 प्रतिशत) हासिल कर जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रिशु पटेल ने 570 अंकों (95 प्रतिशत) के साथ द्वितीय स्थान, निवेदन ने 567 अंकों (94.5 प्रतिशत) के साथ चतुर्थ स्थान, अनन्या पटेल ने 565 अंकों (94.17 प्रतिशत) के साथ छठा स्थान, पीयूष पाल ने 563 (93.83 प्रतिशत) अंकों के साथ आठवां स्थान, मोहम्मद शाहनूर ने 562 अंकों (93.67 प्रतिशत) के साथ 9वां स्थान और गुरुदेव शरण ने 561 अंकों (93.5 प्रतिशत) और वैष्णवी ने 561 अंकों (93.5 प्रतिशत) के साथ अर्जित कर संयुक्त रूप से जनपद में दसवां स्थान हासिल किया है।

इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में मल्लावां पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र प्रखर पटेल ने जिले में पांचवा स्थान हासिल किया है। उसने 500 में 471 अंक के साथ 94.2 प्रतिशत पाया है। एसडीएल वर्मा इंटर कॉलेज साईं के छात्र रजत यादव ने 500 में 466 अंक के साथ 93.2 प्रतिशत लाकर जनपद में सातवें स्थान हासिल किया।एसडीएल वर्मा इंटर कॉलेज के छात्र सार्थक त्रिपाठी ने 465 अंक के साथ 93 प्रतिशत लाकर आठवां स्थान पाया है। मल्लावां पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र सुलभ पटेल ने 464 अंक के साथ 92.8 प्रतिशतलाकर नौवां स्थान हासिल किया है। एसडीएल वर्मा इंटर कॉलेज साईं के छात्र योगेंद्र ने 463 नंबर के साथ जिले में दसवां स्थान हासिल किया है। एसडीएल वर्मा इंटर कॉलेज साईं के छात्र-छात्राओं की कामयाबी पर प्रबंधक फूलचंद वर्मा ने पीठ थपथपाकर बधाई। मल्लावां पब्लिक स्कूल इंटर कॉलेज के प्रबंधक हरपाल सिंह ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।


स्कूल में किताबें पढ़ते बच्चे। अमृत विचार

### बच्चों का कराया गया अनुकरण वाचन

**हरदोई, अमृत विचार।** बच्चों का उच्चारण सुधारने के साथ उचित लय,गति और स्पष्टता सीखने का एक सस्वर का तरीका सिखाने के लिए पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर के बच्चों को अनुकरण वाचन कराया गया। विश्व पुस्तक दिवस पर बावन ब्लाक के पीएम श्री विद्यालय मुजाहिदपुर में गुरुवार को कक्षा-3 के बच्चों का अनुकरण वाचन कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हेमंत कुमार पाण्डेय ने बताया कि छोटे बच्चों को बोलने और उन्हे शब्दों की पहचान कराने के लिए अनुकरण वाचन कराए,जिससे उच्चारण में सुधार होगा और बच्चों के अंदर पाठ पढ़ने में उचित लय,गति और स्पष्टता को सुधारा जा सकता है।

# जीआरपी-आरपीएफ ने ग्रामीणों को किया जागरूक

संवाददाता, हरदोई



जागरुकता अभियान निकालती जीआरपी-आरपीएफ पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में रेलवे ट्रैक के किनारे बसे ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा को लेकर पुलिस और रेलवे प्रशासन ने संयुक्त पहल शुरू की है। जीआरपी और आरपीएफ की टीम गांव-गांव पहुंचकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि रेल हादसों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस अभियान के तहत जीआरपी थाना प्रभारी सुमित कुमार माथुर ने ग्रामीणों से सीधी बातचीत की। कहा कि बच्चों को रेलवे ट्रैक के आसपास खेलने के लिए न भेजें, क्योंकि थोड़ी सी लापरवाही भी बड़े हादसे का कारण बन सकती है। इसके साथ ही उन्होंने पशुपालकों से अपील की कि वे अपने जानवरों को रेलवे लाइन के पास न चराएं, जिससे किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।

थाना प्रभारी ने हाल के दिनों में सामने आई ट्रेन पर पथराव की घटनाओं का भी जिक्र किया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि ट्रेनों पर पत्थर फेंकना या रेल संपत्ति को नुकसान पहुंचाना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# नगर पालिका ने 6 नए मॉर्चरी फ्रीज़र बॉक्स किये समर्पित

**संडीला, हरदोई, अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद के चेयरमैन मो. रईस अंसारी द्वारा नगरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एक सराहनीय कदम उठाया गया है। नगर पालिका परिषद के द्वारा नगर वासियों के लिए शव को सुरक्षित रखने के लिए 6 नए मॉर्चरी फ्रीज़र बॉक्स की व्यवस्था की , जिससे अब नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

ज्ञात हो कि पहले नगर पालिका में केवल 2 फ्रीज़र उपलब्ध थे, जो बढ़ती आबादी और बड़े क्षेत्रफल के कारण पर्याप्त नहीं थे। किसी नागरिक की मृत्यु होने पर परिजनों को शव को सुरक्षित रखने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, खासकर रात के समय। कई बार लोगों को निजी व्यवस्थाओं का सहारा लेना पड़ता था, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ती थी। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए चेयरमैन श्री अंसारी व अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने 6 नए मॉर्चरी फ्रीज़र बॉक्स की व्यवस्था कराई है। अब कुल 8 फ्रीज़र उपलब्ध होने से जरूरतमंद परिवारों को समय पर सुविधा मिल सकेगी।

आयोजन | स्थानांतरण के बाद जनपद में आए न्यायाधीशों का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

# सहभागिता से मिलता है समझने का अवसर : जिला जज

संवाददाता, हरदोई




कार्यक्रम में मौजूद अधिवक्ता, न्यायिक अधिकारी व कार्यक्रम में बोलते वक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्थानांतरण के बाद जनपद में आए न्यायाधीशों का बार एसोसिएशन सभागार में अधिवक्ताओं की ओर से स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला जज रीता कौशिक, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ऋचा वर्मा के अतिरिक्त नवागत न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर कोर्ट, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दिनेश गौर, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एनडीपीएस शैलेंद्र यादव तथा अनिमा मिश्रा अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट संख्या 1 एवं प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड उपस्थित रहीं।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला जज रीता कौशिक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन से न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं को एक दूसरे को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिले में पदस्थ सभी न्यायाधीश न्यायिक कार्यों के सम्पादन में अधिवक्ताओं को सहयोग करेगें। इससे पहले बार एसोसिएशन की ओर से महामंत्री पंकज कुमार सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकी सिंह गौर, सुरेश वर्मा एवं दिग्विजय सिंह ने स्वागत उद्बोधन दिया जबकि वरिष्ठ अधिवक्ता इंद्रेश्वर नाथ गुप्ता, अजय द्विवेदी एवं महिला अधिवक्ता व संघ पदाधिकारी अनुराधा अग्रवाल जिला जज एवं नवागत न्यायाधीशों का पुष्प गुच्छ व माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम संचालन अधिवक्ता सचिन कुमार सिंह ने किया जबकि बार एसोसिएशन अध्यक्ष जे पी त्रिवेदी ने सभी न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# आग की चपेट से आधा दर्जन घर तबाह

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई


आग से जलते घर व झुलसी सपना।



**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम नईबस्ती में गुरुवार शाम आग लग गई। जब तक लोग काबू पाते तब तक आधा दर्जन घरों की गृहस्थी स्वाहा कर डाली। रमेश, कैलाश, पंचम, नन्हे, गुड्डू, जीतकुमार के घर में रखी खाद्य सामग्री के साथ कीमती वस्तुएं जल गईं।

सबसे अधिक नुकसान कैलाश को हुआ जिसकी पुत्री आरती का तिलक शुक्रवार को जाना था वहीं शादी रविवार को होनी थी दान दहेज के साथ जो भी इंतजाम कर पाया था जलकर स्वाहा हो गई। वहीं आग से भैंस बचाने के चक्कर में नन्हेलाल की पुत्री सपना झुलस गई है जिसको इलाज के लिए भेज दिया गया है। पीड़ितों ने बताया कि आग लगते समय वह खेतों पर काम कर रहे थे लपटें उठती देखी तो भाग खड़े हुए दमकल विभाग को कॉल कर घटना की जानकारी दी। जब तक गाड़ी मौके पर पहुंची किसानों ने आग पर काबू पा लिया है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विजय कुमार समेत क्षेत्रीय लेखपाल सुबोध कुमार ने नुकसान का जायजा लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### 9 मई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आशीष जैन के निर्देशानुसार, आगामी 9 मई को जनपद न्यायालय परिसर समेत समस्त तहसील स्तरों पर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें सुलह-समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के वादों का निस्तारण होगा। प्राधिकरण के सचिव आलोक यादव ने बताया कि लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, एनआई एक्ट धारा-138, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना दावा, पारिवारिक विवाद, श्रम और भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों का निस्तारण कराया जा सकेगा। इसके अतिरिक्त बिजली, पानी के बिल, राजस्व मामले और बैंक के प्री-लिटिगेशन वाद भी आपसी सहमति से हल किए जाएंगे।

### पिता के हत्यारे पुत्र को 7 वर्ष की कैद

**सीतापुर।** जनपद के थाना सकरन पुलिस की प्रभावी पैरवी और 'ऑपरेशन कनविक्शन' के तहत न्यायालय ने एक कलयुगी पुत्र को 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। मामला वर्ष 2022 का है, जहां ग्राम किरतापुर निवासी अकलेश उर्फ अखिलेश ने घरेलू विवाद के चलते अपने ही पिता शत्रोहन के साथ गंभीर मारपीट की थी। इलाज के दौरान शत्रोहन की मृत्यु हो गई थी। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में थाना सकरन पुलिस और अभियोजन पक्ष ने मामले की मजबूती से पैरवी की। अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने अभियुक्त अकलेश को धारा 304 भादवि के तहत दोषसिद्ध पाते हुए 7 वर्ष के कठोर कारावास और 7,000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई, अर्थदंड न भरने पर उसे अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### परिवार न्यायालय में दो दिन अवकाश

**सीतापुर।** जनपद के परिवार न्यायालय में शुक्रवार और शनिवार को न्यायिक कार्य स्थगित रहेगा। यह जानकारी प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा दी गई है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार 24 अप्रैल और 25 अप्रैल को न्यायिक अधिकारियों की 'स्पोर्ट्स मीट' का आयोजन किया जा रहा है। इस कारण परिवार न्यायालय से संबंधित सभी न्यायालय और कार्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। इस अवकाश की भरपाई के लिए परिवार न्यायालय के समस्त कार्यालय और कोर्ट आगामी 23 मई और 25 जुलाई चतुर्थ शनिवार को कार्य दिवस की तरह खुले रहेंगे।

### इलेक्ट्रिक दुकान में जला लाखों का सामान

**संवाददाता रामपुर मथुरा, अमृत विचार :** इलाके के लाला पुरवा में देर रात एक इलेक्ट्रिक दुकान में आग लगने से लाखों रुपये का सामान जलकर नष्ट्र हो गया। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है। रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के जानकी नगर निवासी आदित्य कुमार पुत्र बृजेश कुमार के मुताबिक, उनकी लाला पुरवा में इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान है, यहां बैटरी, इनवर्टर और अन्य सामान बेचे जाते हैं। बताते हैं कि देर रात अचानक दुकान में आग लग गई।

### मातृ एनीमिया प्रबंधन के लिए चिकित्सकों का प्रशिक्षण संपन्न

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और एनीमिया की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार में एक दिवसीय एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। यूपीटीएसयू के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में केजीएमयू लखनऊ की प्रो. डॉ. मंजू लता वर्मा, डॉ. शेफाली कौशिक और डॉ. रेखा सिंह ने चिकित्सकों व स्टाफ नर्सों को एनीमिया प्रबंधन के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। डॉ. शेफाली कौशिक द्वारा ही जनपद में मातृ एनीमिया कार्यक्रम देखा जा रहा है। डीएचईआईओ केएन मिश्रा ने एनएचएम के बाद मातृ मृत्यु दर में आई कमी के आंकड़े साझा किए। इस अवसर पर जिला परामर्शदाता उपेंद्र कुमार सहित विभिन्न सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी और स्टाफ नर्स मौजूद रहे।

### गौमाता को 'राष्ट्रमाता' घोषित करने की मांग

**सीतापुर।** गौवंश की सुरक्षा, सेवा और सम्मान की मांग को लेकर आगामी 27 अप्रैल को 'गौ सम्मान आवाहन अभियान' चलाया जाएगा। अभियान के आयोजक और केसरिया हिंदूवाहिनी गौ रक्षा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शुभम आर्य ने बताया कि अभियान के तहत गौभक्त महोली तहसील पहुंचकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे।

# गांव की माटी में उग रही मेधाओं की पौध

## बदलता स्वरूप : इंटर एवं हाईस्कूल में वर्ष 2023-24 में भी सीतापुर ने दिये यूपी बोर्ड को टॉपर

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** सीतापुर की माटी में मेधाएं जन्म ले रही हैं। यूपी बोर्ड के नतीजों ने इसे प्रामाणित कर दिया है। इससे पहले वर्ष 2023-24 में भी यूपी बोर्ड में बड़ी संख्या सीतापुर के टॉपरों की रही। वर्ष 2023 की बात करें तो सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, महमूदाबाद (सीतापुर) की छात्रा प्रियांशी सोनी ने 98.33% अंक प्राप्त कर हाईस्कूल टॉप किया था। 2024 के हाईस्कूल रिजल्ट में भी सीतापुर के छह छात्र-छात्राएं टॉप-5 की सूची में शामिल थे। हाईस्कूल में प्राची निगम ने 98.50% अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान पाया, जबकि इंटरमीडिएट में उसी कॉलेज के शुभम वर्मा ने 97.80% अंकों के साथ टॉप किया था।



अपने परिवारीजन और अभिभावक के साथ शिखा वर्मा।



टॉपर कशिश अपने विद्यालय के मेधावियों के साथ। अमृत विचार

### 17 मेधावी प्रदेश में रहे टॉपर

17 मेधावियों ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रदेश टॉपर सूची में जगह बनाई है। जबकि जनपद में टॉप टेन सूची में इनकी संख्या 32 है। हाईस्कूल में टॉप टेन में 18 विद्यार्थियों ने जगह बनाई है। इसी तरह इंटरमीडिएट में 14 विद्यार्थियों का जलवा रहा। हाईस्कूल में स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज बलदेव नगर मानपुर के आदिल खान ने प्रदेश की सूची में चौथा व सीतापुर की टॉप टेन सूची में तीसरा मुकाम हासिल किया है। इन्होंने 97.17 फीसद अंक अर्जित किए है।

### जिले का रहा 85.83 फीसदी रिजल्ट

हाईस्कूल में इस बार 51663 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इसमें 49162 ने परीक्षा दी। इसमें 44043 विद्यार्थी सफल रहे। जिले का 89.59 फीसद रिजल्ट रहा। इसी तरह 12वीं में 43943 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इसमें 42632 शामिल हुए। 36591 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। जिले का 85.83 फीसद रिजल्ट रहा।

### प्रदेश की हाईस्कूल मेरिट में 12 मेधावी

रैंक 1 - कशिश वर्मा 97.83 : बाबू राम सावित्री देवी
रैंक 3- अर्पिता 97.33 बाबू राम सावित्री देवी
रैंक 4- आदिल खान - 97.17 प्रतिशत एसवी इंटर कॉलेज, बलदेव नगर मानपुर
रैंक 5- दिव्या वर्मा, 97 प्रतिशत, एमएसबी स्मारक बाबा कुटी महमूदाबाद
रैंक 7- अनामिका मौर्या, 96.67 प्रतिसत, संजू प्रजापति स्मारक इंटर कालेज
रैंक 7 : अंकित कुमार, 96.67 , प्रकाश विद्या मंदिर महमूदाबाद
रैंक 8 : नैतिक पांडेय, 96.50, आनंदी देवी इंटर कालेज
रैंक 8 : आरोही वर्मा, 96.50, एम एस डी स्मारक बाबा कुटी महमूदाबाद
रैंक 9 : स्नेहा वर्मा, 96.33 , सीता बाल विद्या मंदिर
रैंक 10 : अंश वर्मा, 96.17, सीता बाल विद्या मंदिर
रैंक 10 : अंशिका वर्मा, 96.17, सीता बाल विद्या मंदिर
रैंक 10 : अनुराधा वर्मा, 96.17, प्रकाश विद्या मंदिर



माता-पिता के साथ अर्पिता वर्मा।

### एक ही विद्यालय के तीन टॉपरों से परिसर में जश्न का माहौल

महमूदाबाद के बिलौली बाजार स्थित बाबूराम सावित्री देवी विद्यालय में शिखा, कशिश और अर्पिता के टॉपर बनने की खबर जंगल की आग की तरह फैल गई। ढोल-नगाड़े के अलावा आतिशबाजी हुई। अभिभावक अम्बरीश बताते हैं कि विद्यालय में आयोजित होने वाले निशुल्क सुपर थर्टी क्लासेस ने बच्चों को आगे बढ़ाया है।

### इंटरमीडिएट प्रदेश की टॉप टेन सूची में चार टॉपर

रैंक 1 : शिखा वर्मा, 97.60 बाबू राम सावित्री देवी महमूदाबाद
रैंक 5 : अनुष्का यादव, 96.60 , प्रकाश विद्या मंदिर महमूदाबाद
रैंक 6 : मानसी पोरवाल,96.40, प्रकाश विद्या मंदिर
रैंक 6 : वैष्णवी, 96.40, बाबू राम सावित्री देवी

### अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम शानदार

**सीतापुर।** अग्रवाल पब्लिक इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन भी बेहतर रहा। विद्यालय का हाईस्कूल का परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा, जबकि इंटरमीडिएट का परीक्षाफल 99 प्रतिशत रहा। परिणाम घोषित होते ही कॉलेज परिसर में छात्रों और शिक्षकों के बीच खुशी की लहर दौड़ गई। कॉलेज की एमडी मंजू जिंदल ने कहा कि यह छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का सुखद परिणाम है।

**महमूदाबाद में तेजी से बढ़ीं प्रतिभाएं, अभिभावकों ने सकारात्मक परिवर्तन के शिक्षक और विद्यालय प्रबंधन को भी ठहराया जिम्मेदार**

## यूपी टॉपर शिखा बनना चाहती हैं इनकम टैक्स अधिकारी

**सीतापुर।** 12वीं में यूपी टॉप करने वाली शिखा वर्मा महमूदाबाद स्थित बाबू राम सावित्री देवी स्कूल की छात्रा हैं। बताती हैं कि उन्हें पढ़ाई को लेकर प्रोत्साहन किसान पिता जितेंद्र कुमार और गृहणी मां कांति देवी से मिला। कहती हैं कि वो इनकम टैक्स अधिकारी बनना चाहती हैं, इसके लिए वे और अधिक परिश्रम करेंगी। ताकि भविष्य में अपने माता-पिता के सपनों को साकार किया जा सके। इनकी तीन बहनें व एक भाई है।

### अर्पिता बोलीं- पिता ने दी सीख

हाईस्कूल की मेरिट में तीसरे स्थान पाने वाली अर्पिता का भी सपना शिक्षिका बनने का है। पढ़ाई का सारा श्रेय अपने पिता अम्बरीश व गुरुजनों को देती हैं। कहतीं हैं कि आगे भी वो जी-तोड़ मेहनत करेंगी, ताकि मां-बाप के सपनों को साकार किया जा सके।

### शिक्षिका बनना चाहती हैं कशिश

हाईस्कूल की मेरिट में पहला स्थान पाने वाली कशिश वर्मा के पिता पुतान भी किसान हैं। कहती हैं कि इलाका पिछड़ा हुआ है लेकिन इरादे बुलंद हैं। कई बार यहां शैक्षणिक कार्य व अन्य स्रोतों को लेकर बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा। मां ने उन्हें हमेशा हौसला दिया। यही वजह रही कि घर के खस्ताहाल और मां की खराब तबियत के बावजूद उन्होंने पढ़ाई को लक्ष्य बनाए रखा। बताती हैं कि उनका सपना शिक्षिका बनकर बच्चों में जागरूकता पैदा करना है।



अग्रवाल पब्लिक स्कूल की एमडी मंजू जिंदल के साथ मेधावी बच्चे।

# एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विकास खंड महोली कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं में भारी खामियां मिलने पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए।

निक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मनरेगा, क्षेत्र पंचायत और ग्रांट रजिस्टरों की गहनता से पड़ताल की। इंटरलॉकिंग पत्रावलियों और एफटीओ रजिस्टर में त्रुटियां मिलने पर उन्होंने संबंधित पटल सहायकों और खंड विकास अधिकारी को फटकार लगाई। डीएम ने 'ज्योति स्वयं सहायता समूह' की महिला से फोन पर बात की, जहां कार्य का फीडबैक सही न मिलने पर उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। एडीओ पंचायत कक्ष में मास्टर रजिस्टर अधूरा मिलने और पंचायत भवन से जुड़ी पत्रावलियों के खराब रख-रखाव पर डीएम ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीडीओ प्रीती तिवारी सहित अन्य ब्लॉक कर्मी मौजूद रहे।



रजिस्टर चेक करते डीएम डॉ. राजा गणपति आर.। अमृत विचार

- **डीएम ने ब्लॉक महोली का किया औचक निरीक्षण**

# गेहूं खरीद मानकों में दी ढील टूटे दानों की भी होगी खरीद

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** जनपद के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में हुई असमय बारिश और ओलावृष्टि से गेहूं की फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने के कारण आ रही दिक्कतों को देखते हुए केंद्र सरकार ने खरीद मानकों में बड़ी छूट प्रदान की है।

जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में संचालित 153 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद जारी है। बारिश के कारण गेहूं की चमक लस्चर लॉस कम होने और श्रिविल एंड ब्रोकेन सिकुड़े व टूटे दाने की मात्रा बढ़ने से किसानों को अपनी उपज सरकारी केंद्रों पर बेचने में कठिनाई हो रही थी। ऐसे में केंद्र सरकार ने नए निर्देश जारी किए हैं।

**ये दी गई हैं छूट:**

लस्चर लॉस (चमक) : गेहूं की चमक खोने की अधिकतम सीमा को बढ़ाकर अब 70 प्रतिशत कर दिया गया है।

**सिकुड़े व टूटे दाने**

इसकी सीमा 06 प्रतिशत से बढ़ाकर अब 20 प्रतिशत कर दी गई है।

### बार एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, मतगणना आज




बार एसोसिएशन चुनाव के दौरान उपस्थित अधिवक्तागण।

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** सीतापुर बार एसोसिएशन का चुनाव 41 डिग्री से अधिक तापमान के बीच जोश और जज्बे के साथ संपन्न हुई। बार एसोसिएशन के हाल में हुए मतदान में अध्यक्ष पद का चुनाव त्रिकोणीय बताया जा रहा है। मतदान होने के बाद मतगणना और परिणाम शुक्रवार को घोषित होगा। अध्यक्ष पद के लिए अक्षय सहाय, हरीश त्रिपाठी, गिरीश मिश्रा, राममोहन पाण्डेय और हरीश अग्निहोत्री चुनाव मैदान में हैं। निश्चित समय पर आरंभ हुए मतदान में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। चुनाव अक्षय सहाय, हरीश त्रिपाठी और गिरीश मिश्रा के मध्य सिमटा बताया जा रहा है। वहीं, महामंत्री पद के लिए वीके पाण्डेय, सुधीर शर्मा, तारिक फारूकी चुनाव मैदान में हैं। कांटे की टक्कर वीके पाण्डेय और सुधीर शर्मा के बीच बताई जा रही है। चर्चा रही कि कम वोट के अंतर से आए रुझान से तीसरे को फायदा हो सकता है। दूसरी तरफ, उपाध्यक्ष पद के चुनाव में संजय सिंह, विमल मोहन मिश्रा, मो. सलीम, सीमा खान प्रबल दावेदारी में हैं। मतगणना के बीच संजय सिंह और विमल मोहन मिश्रा की कांटे की टक्कर बताई जा रही है।

### सही उम्र में शादी और बच्चों में अंतर जरूरी

**संवाददाता सिधौली/सीतापुर, अमृत विचार :** खण्ड विकास कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता बीडीओ राजेश तिवारी ने की। बैठक के दौरान मुख्य रूप से 'पॉपुलेशन ऑफ इंडिया' की 'उम्मीद' परियोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद सिंह ने जनसंख्या नियंत्रण और मातृ-शिशु स्वास्थ्य पर जोर देते हुए कहा कि समाज में शादी की सही उम्र के प्रति जागरूकता अनिवार्य है। बीडीओ राजेश तिवारी ने कहा कि स्वास्थ्य मानकों का पालन करके ही एक स्वस्थ समाज की नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर ब्लॉक और स्वास्थ्य विभाग के अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच राधा-कृष्ण का फलाधिवास

**लहरपुर।** बेहटी स्थित प्रभात राजेंद्र कुमार पूनम देवी महाविद्यालय में नवनिर्मित पीयूष राधा-कृष्ण मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान श्रद्धापूर्वक जारी है धार्मिक कार्यक्रमों की कड़ी में विधि-विधान से भगवान का फलाधिवास संपन्न हुआ। वैदिक मंडल के आचार्य पंडित सरोज कुमार शुक्ला और आचार्य जयप्रकाश त्रिवेदी के निर्देशन में आचार्यों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया। मुख्य यजमान राजेंद्र कुमार ने विधि-विधान से आहुतियां दीं और विश्व कल्याण की कामना की। फलाधिवास अनुष्ठान के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बंद घर से समेटे गहने और सामान

**सिधौली।** सिधौली के रनुवापारा गांव में शातिरों ने धावा बोला। शातिर बंद मकान से जेवरात और नकदी समेटकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिधौली कोतवाली क्षेत्र के रनवापारा निवासी विमल शुक्ला के मुताबिक, वो परिवार के साथ लखनऊ के इटौंजा स्थित एक रिश्तेदारी में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उनके घर पर ताला लगा था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने बन मकान को निशाना बनाया। चोरों ने मकान की पीछे की दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया। इसके बाद उन्होंने अंदर रखे बक्से का ताला तोड़ा और उसमें रखे जेवरात व नकदी लेकर फरार हो गए। विमल शुक्ला के मुताबिक, चोरी हुए जेवरात की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपये है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

### जनगणना 2027: शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

**संवाददाता हरगांव, अमृत विचार :** जनगणना 2027 की तैयारियों को लेकर ब्लॉक संसाधन केंद्र बीआरसी के मीटिंग हॉल में चल रहा दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र संपन्न हो गया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर्स ने प्रधानाध्यापकों और सहायक अध्यापकों को जनगणना की बारीकियों से अवगत कराया। मास्टर ट्रेनर लालमन पटेल और चार्ज अधिकारी श्रीश मिश्र ने बताया कि जनगणना केवल सिरों की गिनती नहीं है, बल्कि यह भविष्य की सरकारी योजनाओं और संसाधनों के वितरण का मुख्य आधार है। प्रशिक्षण के दौरान पर्यवेक्षक शैलेंद्र कुमार ने कर्मियों को सर्वेक्षण, ऑनलाइन डेटा फीडिंग और निर्धारित प्रपत्रों को भरने की विधि समझाई। इस अवसर पर शोभा मिश्रा, अंजली, अजय कुमार, शुभा सचान और शाजिया खातून सहित ब्लॉक क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद रहे।

### सूरज बने नए कोटेदार, सत्येंद्र को दी मात

**सीतापुर।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत अशरफपुर में कोटेदार पद के लिए हुए चुनाव में सूरज पुत्र लल्लू राम ने जीत दर्ज की। अशरफपुर बाजार में संपन्न हुई मतदान प्रक्रिया के बाद सूरज को विजयी घोषित किया गया । चुनाव में ग्राम दतेली निवासी सूरज को कुल 564 वोट प्राप्त हुए । उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सत्येंद्र सिंह यादव को 275 मतों के भारी अंतर से पराजित किया। सत्येंद्र को मात्र 259 वोट ही मिल सके। प्रशासनिक निगरानी में हुई इस प्रक्रिया के दौरान ग्राम सचिव नेहा सिंह, एडीओ पंचायत ओम प्रकाश सिंह, एडीओ कृषि हरि शंकर वर्मा और जेई अमित कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# प्रधानों ने कार्यकाल बढ़ाने के लिए उठाई आवाज

संवाददाता रामपुर मथुरा, सीतापुर।

**अमृत विचार:** विकास क्षेत्र रामपुर मथुरा के अधिकतर प्रधान व प्रतिनिधियों ने मई माह में समाप्त हो रहे कार्यकाल को लेकर आवाज तेज कर दी है। प्रधान तथा उनके प्रतिनिधियों ने सरकार से मांग की है कि यदि समय से चुनाव संभव न हो तो प्रधानी का कार्यकाल बढ़ा दिया जाए। प्रधान प्रतिनिधि शुकुल पुरवा श्री राम निषाद का कहना है कि अगर समय पर चुनाव संभव न हो तो कार्यकाल बढ़ा देना बेहतर रहेगा। तुलसीपुर खरिका के प्रधान प्रतिनिधि सतनाम का कहना है कि सरकार अगर समय पर चुनाव कर दे, तो बेहतर है। लेकिन यदि समय पर ना हो सके तो ग्रामीण स्तर की समस्याओं को लेकर प्रधानों का कार्यकाल बढ़ा देना ही बेहतर रहेगा। ग्राम पंचायत बलुई बरुवा के प्रधान का कहना है कि प्रधानों को सभी तरह की जानकारियां ग्रामीण स्तर की उपलब्ध रहती हैं, यदि समय पर चुनाव ना हो तो कार्यकाल बढ़ाना बेहतर विकल्प होगा। ग्राम पंचायत चांदपुर लोधौनी के प्रधान प्रतिनिधि सलीम का कहना है कि प्रधान का कार्यकाल बढ़ा देना ही बेहतर रहेगा।



सिराज अहमद



श्री राम निषाद

# महिला आरक्षण को लेकर साधा निशाना

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार:** जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने महिला आरक्षण बिल नारी वंदन अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी पर तीखे प्रहार किए।

जिला अध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा ने कहा कि भाजपा महिला आरक्षण की आड़ में देश और राज्यों के बीच मतभेद पैदा करने का कुचक्र रच रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि महिला आरक्षण बिल 2023 पक्ष-विपक्ष की सहमति से पहले ही पारित हो चुका है और 16 अप्रैल 2026 को इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने केवल उस परिसीमन बिल का विरोध किया है, जो देश की एकता के लिए खतरा बन सकता था।

डॉ. वर्मा ने चुनौती देते हुए कहा कि यदि भाजपा सरकार वाकई महिलाओं को अधिकार देना चाहती है, तो उसे बिना किसी देरी के महिला आरक्षण को तत्काल प्रभाव से लागू करना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित, शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेयी, रमेश निषाद, संतोष भार्गव, अब्दुल कयूम अंसारी, आशा कनौजिया, शबनम, अनुपमा द्विवेदी, मीना मिश्रा, प्रदीप सिंह चौहान, दानिश नकवी, संजीव नाथ गुप्ता, आमोद मिश्रा सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।




प्रेस वार्ता के दौरान उपस्थित कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा।

**लगाया देश तोड़ने का आरोप**

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत

संवाददाता, सीतापुर।

**अमृत विचार :** जनपद के संदना और सदरपुर थाना क्षेत्रों में को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की जान चली गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों ही घटनाओं में चालक वाहन समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

संदना थाना क्षेत्र के मिरचौड़ी गांव के पास देर रात तेज रफ्तार डीसीएम ने एक बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में विमल (32) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी वेदप्रकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। दूसरी घटना सदरपुर थाना क्षेत्र की है। नसीरपुर गांव निवासी रामू (32) देर शाम जसमंडा से घर लौट रहे थे। जसमंडा चौराहे के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को रौंद दिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि रामू की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने परिवार का मुख्य कमाऊ सदस्य था। दोनों मामलों में पुलिस अज्ञात वाहनों और उनके चालकों की तलाश कर रही है।



जिला अस्पताल में भर्ती उपनिरीक्षक का हाल लेते सीओ सिटी कपूर कुमार।

### बाइक से टकराकर वृद्धा की गई जान



कमला देवी (फाइल फोटो)

**मिश्रिख।** तीसरा हादसा सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर ग्राम घरवासपरा के पास हुई। तरसावां निवासी कमला देवी (65) अपने पोते अभय के साथ मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से दवा लेकर बाइक से घर लौट रही थीं। घरवासपारा गांव के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौत हो गई।

### खंती में गिरी कार, दरोगा गंभीर

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार :** बाइक सवार को बचाने में कार सवार दरोगा का वाहन खंती में गिर गया, जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गया। मानपुर इलाके में हुए हादसे के बाद घायल उपनिरीक्षक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि बिसवां कोतवाली में उपनिरीक्षक मंजीत कुमार तैनात थे। इनका स्थानांतरण कोतवाली नगर में हो गया था। ड्यूटी ज्वाइन करने दरोगा सीतापुर आर रहे थे। मानपुर थानाक्षेत्र में कार सवार उपनिरीक्षक सरैंया सानी गांव के नजदीक पहुंचे। इसी दौरान अचानक सामने बाइक सवार आ गया। बाइक सवार को बचाने में कार अनियंत्रित हो गई और खंती में गिर गई। हादसे में दरोगा गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन फानन में घायल उपनिरीक्षक को सीओ सिटी कपूर कुमार द्वारा जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। दरोगा मंजीत कुमार की हालत अस्थिर है।

# गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचार:** जनपद में आगामी शनिवार को आयोजित होने वाली तीन दिवसीय होमगार्ड भर्ती की परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने आरएमपी इंटर कॉलेज व उजागर लाल इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था और सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाओं की बारीकी से जांच की। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सुरक्षा मानकों की समीक्षा करते हुए परीक्षा केंद्रों के आस-पास अनावश्यक भीड़ रोकने और सुगम यातायात प्रबंधन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम (वित्त एवं राजस्व) नीतीश कुमार सिंह व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

**पुलिस लाइन में परखीं परेड की तैयारियां :** परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण के बाद एसपी अंकुर अग्रवाल पुलिस लाइन पहुंचे। यहां उन्होंने आगामी पासिंग आउट परेड की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने परेड ग्राउंड की साफ-सफाई, मार्च पास्ट और जवानों के टर्न-आउट का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी ने दीर्घा और अतिथियों के बैठने की व्यवस्था को लेकर आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। इस दौरान एएसपी (उत्तरी) आलोक सिंह और क्षेत्राधिकारी नगर कपूर कुमार मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार जीजा साली घायल

सतांव, अमृत विचार : गुरुबक्शगंज-रायबरेली मार्ग पर जतुवा टप्पा चौराहे के समीप गुरुवार सुबह बाइक से बच्चे के साथ ऊंचाहार जा रहे जीजा-साली छुट्टा मवेशी से टकराकर घायल हो गए। आस-पास मौजूद लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जतुवा टप्पा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर दोनों को जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार मोहम्मद वकील (57) निवासी उन्नाव अपनी साली रेशमा बानो (32) व उसके बेटे को लेकर अपनी बाइक से ऊंचाहार जा रहे थे। जतुवा टप्पा के पास सड़क पर घूम रहे छुट्टा मवेशी से उनकी बाइक अचानक टकरा गई, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में साथ मौजूद बच्चा बाल-बाल बच गया।

### कार की टक्कर से युवक की मौत

अमावां, अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली अयोध्या हाईवे पर मनचित पुर के पास कार की टक्कर से युवक की मौत के मामले में मृतक की मां की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल कार व चालक की तलाश शुरू कर दी है। गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के किलौली गांव निवासी अख्तरुन पत्नी उस्मान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है पुत्र अरमान (23) मिल एरिया थाना क्षेत्र के अमावा में ब्याही अपनी बहन सोनी के यहां आया था। बहन के यहां से बट 19 अप्रैल की सुबह 10 बजे अपने चाचा सल्लन पुत्र कल्लन निवासी सिधौना के साथ वापस किलौली गांव अपने घर लौट रहा था। इसी बीच मनचितपुर के पास चाचा कल्लन ने किसी काम से बाइक रूकवाई और बाइक से उतरकर सड़क के किनारे चले गए अरमान बाइक पर ही बैठा रहा इस दौरान सामने से आई तेज रफ्तार कार ने अरमान की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। और घटना में अरमान गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे चाचा ने अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक की मां अख्तरुन की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल कार व चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### लोडर की टक्कर से बुजुर्ग घायल

अमावां, अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। चक लोदीपुर मजरे रुस्तमपुर निवासी रामसागर (67) मंगलवार सुबह बरखापुर से लौट रहे थे, तभी रायन स्कूल के पास हादसा हुआ। घायल को पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रेफर किया गया। फिलहाल एक निजी अस्पताल में उनका इलाज जारी है और स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। घटना के बाद पुत्र बृजेश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि आरोपी लोडर चालक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

अमावां, अमृत विचार : मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। धमसीराय का पुरवा निवासी देशराज सिंह मंगलवार दोपहर बाइक से अमावां की ओर जा रहे थे, तभी शारदा नहर पुल के पास तेज रफ्तार ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में देशराज सिंह सड़क पर गिर पड़े और ट्रक का पहिया उनके पैरों के ऊपर से गुजर गया। लोगों ने उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया।

# गंगा में डूबे रानीखेड़ा के तीन युवक, मौत

## सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव का मामला, भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए नहाने गए थे तीनों युवक



हरीशंकर व हरीओम की फाइल फोटो।


सरेनी के रानीखेड़ा गांव में मृतक के गमगीन परिजन। अमृत विचार


जिला अस्पताल में मृतक के परिजनों को धैर्य बंधाती डीएम सरनीत कौर ब्रोका।

सरेनी (रायबरेली)

**अमृत विचार।** सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में गुरुवार को एक दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए निसगर गंगा नदी में स्नान करने गए गांव के तीन युवक अचानक गहरे पानी में डूब गए और काल के गाल में समा गए। घटना की खबर मिलते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और गंगा घाट पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने तीनों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने तीनों को मृत घोषित कर दिया।

सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव के हरिओम, हरिशंकर और सतेंद्र अन्य युवकों के साथ भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए निसगर गंगा नदी में नहा रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज बहाव और गहराई का अनुमान न होने के कारण हरीशंकर का संतुलन बिगड़ा और वह डूबने लगा। उसे बचाने के प्रयास में सतेंद्र व हरीओम भी गहरे पानी में चले गए। देखते ही देखते तीनों नदी की धारा में लापता हो गए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और बिना देरी किए गोताखोरों की मदद से तलाश अभियान शुरू कराया। तेज बहाव और गहराई के कारण बचाव अभियान काफी चुनौतीपूर्ण रहा। करीब घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने तीनों युवकों को गहरे पानी से बाहर निकाला। आनन-फानन में तीनों को एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद हरीओम, हरीशंकर पुत्र बाबूशंकर और सतेंद्र पुत्र देशराज को मृत घोषित कर दिया। इस खबर के मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल परिसर में चीख-पुकार और विलाप का माहौल छा गया। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### डीएम व एसपी ने पीड़ितों को दिया मदद का भरोसा

सरेनी थाना क्षेत्र में गंगा नदी में डूबने से तीन युवकों की दुखद मृत्यु की घटना ने पूरे जनपद को झकझोर दिया। इस संवेदनशील मामले में जिला प्रशासन की तत्परता और मानवीय दृष्टिकोण सराहनीय रहा। घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिवारों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

मृतकों में ग्राम रानीखेड़ा निवासी हरिओम (22), हरिशंकर (16) और सत्येन्द्र (26) शामिल हैं, जबकि हिमांशु का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरेनी में चल रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने न केवल परिजनों का दुख साझा किया, बल्कि हर संभव सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मृतकों के आश्रितों को शासन द्वारा निर्धारित राहत राशि और मुआवजा शीघ्र दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस कठिन घड़ी में प्रशासन पूरी संवेदनशीलता के साथ पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने भी घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए बताया कि आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए नदी किनारे सुरक्षा उपायों को और सख्त किया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि नदी या जलाशयों के पास जाते समय सावधानी बरतें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुष्पेंद्र कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मंडप प्रवाहित करने में बिछड़ गया 'सच्चा दोस्त'

नीरज श्रीवास्तव, सरेनी (रायबरेली)

- गंगा में डूबते साथियों को बचाते बचाते सत्येंद्र ने दे दी जान


सत्येंद्र की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** काश! सत्येंद्र को यह आभास होता कि जिस शादी की खुशियों में शामिल होने वह परदेश से अपने गांव रानीखेड़ा लौटा है, वहीं गंगा का निर्मल जल उसके लिए काल बन जाएगा। 22 अप्रैल को दोस्त की बारात हंसी-खुशी गांव लौटी थी। घर में रौनक और रिश्तेदारों की चहल-पहल थी और हर चेहरे पर मुस्कान थी, लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि तीसरे दिन मंडप प्रवाहित की परंपरा एक ऐसी त्रासदी में बदल जाएगी, जिसे गांव बरसों तक नहीं भूल पाएगा।

सरेनी थाना क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में 23 अप्रैल 2026 को घर व गांव की महिलाएं परंपरा निभाने गंगा नदी में मंडप प्रवाहित करने गई थीं। उसी दौरान भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए हरिशंकर, उसका भाई हरिओम और उनका दोस्त सत्येंद्र स्नान करने लगे। पानी में मस्ती चल रही थी, लेकिन अचानक यह खुशी चीख-पुकार में बदल गई। सबसे पहले हरीशंकर गहरे पानी में डूबने लगा। यह देख उसका भाई हरीओम उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा, लेकिन तेज बहाव और गहराई के आगे वह भी बेबस हो गया और खुद डूबने लगा। यह मंजर देखकर सत्येंद्र का दिल दहल उठा। उसने बिना एक पल गंवाए अपनी जान की परवाह किए बिना गंगा की तेज धारा में छलांग लगा दी। सत्येंद्र ने पूरी ताकत लगाकर दोनों को संभालने की कोशिश की, लेकिन गहरे पानी में हालात लगातार बिगड़ते जा रहे थे। इसी बीच एक और युवक (नाम ज्ञात नहीं हो सका), जो सत्येंद्र को बचाने के लिए आगे आया था, वह भी डूबने लगा। यह देखकर सत्येंद्र आखिरी सांस तक मौत से लड़कर उस युवक को धक्का देकर गहरे पानी से बाहर निकालकर उसकी जान बचाई, लेकिन इस कडे.संघर्ष में सत्येंद्र खुद जिंदगी की जंग हार गया। काफी देर बाद जब गोताखोरों द्वारा उसे पानी से बाहर निकाला गया, तब तक वह हमेशा के लिए खामोश हो चुका था।

इस दर्दनाक घटना के बाद पूरे गांव में मातम छा गया। शादी का घर शोक में डूब गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं गांव के लोग सत्येंद्र की बहादुरी को सलाम कर रहे हैं।

# बेटियों ने मारी बाजी, नंदिनी जिला टॉपर


तनु जायसवाल।


नंदिनी गुप्ता।


अंश गुप्ता।


समीर।


सपना यादव।


अभिषेक अवस्थी।

संवाददाता, रायबरेली

- तनु जायसवाल को पहला स्थान विद्यालयों में जश्न का माहौल

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटर मीडिएट परीक्षा परिणाम जारी होते हुए मेधावियों के चेहरे खिल गए। एक बार फिर से बेटियों ने अपनी काबिलियत का लोहा मनवाते हुए हाईस्कूल और इंटर में जिला टापर बनी। इंटर में वीणापाणि इंटर कालेज मलिकमऊ की नंदिनी गुप्ता ने सर्वाधिक 93.80 अंक हासिल कर शीर्ष मुकाम पर रही। वहीं हाईस्कूल में टाप टेन की सूची में माडर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन की तनु जायसवाल ने 96.83 अंक प्राप्त किया।

जिले में इस बार हाईस्कूल-इंटर परीक्षा के लिए 107 केंद्र बनाए गए थे। इसमें हाईस्कूल में 37777 और इंटर में 30946 छात्र-छात्राओं को पंजीकृत किया गया। गुरुवार को शाम चार बजे परीक्षा परिणाम घोषित होने से पहले विद्यालयों में मेधावी एकत्रित होने लगे। परिणाम घोषित होते ही टाप टेन की सूची में शामिल मेधावियों को बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया। इंटर में वीणापाणि इंटर कालेज के मेधावी एक बार फिर से सफलता के शिखर पर पहुंचते हुए विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय की इण्टरमीडिए की छात्रा नंदनी गुप्ता ने 93.80 प्रतिशत अंक हासिल कर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी क्रम में हाईस्कूल में 92.33 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा अंशिका यादव ने विद्यालय में प्रथम स्थान, 91.33 प्रतिशत अंकों के साथ अंश गुप्ता ने द्वितीय स्थान, 91.16 प्रतिशत अंकों के साथ छात्रा रितू ने विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटर में 87.6 प्रतिशत अंक के साथ सपना यादव ने द्वितीय स्थान, 87.4 प्रतिशत अंकों के साथ मो समीर ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय की प्रबंधिका सुशीला शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया एवं सभी को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की कड़ी मेहनत का फल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजीत कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे वे भविष्य में हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकें। विब्ग्योर इंटर कालेज में प्रबंधक मुदित वर्मा ने मेधावियों को सम्मानित किया। वहीं सलोन के मॉडर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज की छात्रा तनु जयसवाल ने उत्तर प्रदेश बोर्ड की हाई स्कूल परीक्षा मे 600 में 581अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त और प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। क्षेत्र के करहिया बाजार निवासी व्यवसायी सुभाष चन्द्र जायसवाल की बेटी तनु जायसवाल इंजिनियर बनना चाहती है।मां क्रांति देवी कॉस्मेटिक की स्टोर चलाती है। बड़ी बहन निवेदिता जायसवाल बीएड कर रही हैं। बछरावां के जीपीसीएल पब्लिक इंटर कॉलेज ने जनपद की टॉप टेन सूची में अपना स्थान बनाया है। हाईस्कूल की आराध्या गुप्ता ने 94.33 प्रतिशत, इंटर की पलक मिश्रा ने 91 प्रतिशत नंबर लाकर जनपद में आठवां स्थान प्राप्त किया है। दोनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय के प्रबंधक रमेश वर्मा ने खुशी जताई है। शांति मनोहर इंटर कॉलेज में भी जश्न का माहौल रहा। यहां के मेधावी परचम लहराया।

### हाईस्कूल की टॉप टेन सूची

तनु जायसवाल - 96.83 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
सर्वेश कुमार मिश्रा - 96.50 - एसवीएम इंटर कालेज ऊर्जा विहार
अभिशि साहू - 96.50 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज
दृष्टि गुप्ता - 95.50 - एसवीएम इंटर कालेज ऊर्जा विहार
सोनाली सिंह- 95.50 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
अंशि - 95.33 - सिद्धार्थ पब्लिक इंटर कालेज अशोकर नगर रतंसीपुर
आंचल शुक्ला - 95.17 - एसवीएम इंटर कालेज ऊर्जा विहार
कुस्कान सिंह - 95.17 - बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज गंगागंज
रिया पटेल - 95.00 - सरस्वती बालिक विद्या मंदिर इंटर कालेज सरस्वती नगर
प्राची वैश्य - 95.00 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज
साहिल गुप्ता - 94.83- कान्ह शिक्षा निकलेत इंटर कालेज करहिया बाजार
आराधना भारती - 94.83 - बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज गंगागंज
आस्था - 94.50 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
यशस्वी सिंह - 94.33 - एसवीएम इंटर कालेज ऊर्जा विहार
अराधना गुप्ता - 94.33 - जीपीसीएलपीआई कालेज बछरावां
सौम्या मौर्या - 94.33 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
आकांक्षा - 94.17 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज
अर्चिता यादव - 94.17 - सरस्वती बाल विद्या मंदिर लखनापुर।


वीणापाणि इंटर कॉलेज में सम्मानित मेधावी। अमृत विचार


विब्ग्योर इंटर कॉलेज में खुशी जताते मेधावी। अमृत विचार

### इंटर की टॉप टेन सूची

नंदिनी गुप्ता - 93.80 - वीणापाणि इंटर कालेज मलिकमऊ
जया शुक्ला - 93.40 - एसएनएसवीएम इंटर कालेज गौरा
वैष्णवी - 92.60 - बाबू सिंह इंअर कालेज छिवलहा
अभिषेक अवस्थी - 92.40 - विब्योर पबलिक स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज, चंदौली
दिव्यांशी मौर्या - 92.40 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
शुभ सिंह - 92.00 - राना बेनी माधव सिंह इंटर कालेज शंकरपुर
अद्वैत अवस्थी - 92.00 - एसएसकेटी कैरियर प्लस इंटर कालेज
उम्मे हबीबा - 91.80 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतज इंटर कालेज
आर्या पटेल - 91.80 - विब्योर पबलिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज चंदौली
तृप्ति शुक्ला - 91.20 - बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज गंगागंज
अभिनव - 91.20 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतज इंटर कालेज
खिली पांडेय - 91.20 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
अर्पित मौर्य - 91.20 - विब्योर पबलिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज चंदौली
निधि श्रीवास्तव - 91.20 - न्यू सरस्वती ज्ञान मंदिर जीआइसी खीरों
वंदना यादव - 91.00 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतज इंटर कालेज
पलक मिश्रा - 91.00 - जीपीसीएलपी इंटर कालेज बछरावां
नैन्सी - 91.00 - सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कालेज बेलाखारा
मयंक त्रिपाठी - 90.80 - बैसवारा इंटर कालेज
अंशिका तिवारी - 90.80 - सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कालेज बेलाखारा
निष्ठा सिंह - 90.60 - न्यू आदर्श शिक्षा निकेतन इंटर कालेज
मान्सी यादव - 90.60 - मार्डर्न पब्लिक स्कूल इंटरमीडिएट कालेज सलोन
खुशी तिवारी - 90.60 - सिद्धार्थ ज्ञानोदय इंटर कालेज बेलाखारा।

### चंद्रशेखर मेमोरियल में खूब मना जश्न

**लालगंज, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कस्बे के चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटरमीडिएट कॉलेज लालगंज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शुक्ला ने बताया कि गत वर्ष 2025-26 में हाई स्कूल में कुल 499 और इंटरमीडिएट में 592 विद्यार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों ने अच्छे अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। हाई स्कूल में वंशिका ने 93 प्रतिशत, कृति 91 प्रतिशत, योगिता 90 .6 प्रतिशत, अविरल शुक्ला 90 .4 प्रतिशत, प्रशांत मिश्रा ने 90 प्रतिशतअंक प्राप्त किया। इंटरमीडिएट में सचिन यादव ने 89 प्रतिशत, कार्तिकेय साहू 87 प्रतिशत, विद्या सिंह 85 .4 प्रतिशत, सोनाक्षी सिंह 85 .4 प्रतिशत, पूजा सिंह 85 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। हाई स्कूल में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा वंशिका ने बताया कि वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती है। इंटरमीडिएट में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र सचिन यादव ने डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने की मंशा व्यक्त की। सभी विद्यार्थियों को माला पहनाकर व मुह मीठा कराकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों व शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।

### स्कूल में पर्यावरणीय अभियान आयोजित

**रायबरेली, अमृत विचार।** रेयान इंटरनेशनल स्कूल की ओर से एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक पर्यावरणीय अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाना और उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदार बनाना था। इस अभियान के तहत छात्रों ने पश्चिम बंगाल के सुंदरबन क्षेत्र में मैंग्रोव वृक्षों के रोपण में सक्रिय भागीदारी की। यह क्षेत्र जैव विविधता और बाघों के प्राकृतिक आवास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। इस पहल के माध्यम से छात्रों ने न केवल वृक्षारोपण किया, बल्कि यह भी समझा कि वन्यजीव संरक्षण और पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में पेड़ों की कितनी अहम भूमिका होती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और अपने हाथों से पौधे लगाकर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। इस दौरान छात्रों को सेवा भावना, टीमवर्क और सामुदायिक सहभागिता का भी अनुभव प्राप्त हुआ। शिक्षकों ने उन्हें बताया कि छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े पर्यावरणीय बदलाव ला सकते हैं। यह अभियान शिक्षा के व्यापक दृष्टिकोण को दर्शाता है, जिसमें केवल अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि सामाजिक और वैश्विक जिम्मेदारी का विकास भी शामिल है।


स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद बच्चे।

### मंत्रोच्चारण के साथ हुई राम दरबार की स्थापना

**डीह (रायबरेली)।** क्षेत्र के प्राचीन मंदिर बाबा गलथरेस्वर धाम पर डेला निवासी युवा समाजसेवी आशुतोष सिंह (बंटी सिंह) व व्यवसाई गोपी अग्रहरि के सौजन्य से राम दरबार व लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों की स्थापना कार्यक्रम का आयोजन हुआ। गुरुवार को सबसे पहले राम भक्तों द्वारा गाजे बाजे के साथ दर्जनों वाहनों से मूर्तियों को रथों पर सजाकर प्राण प्रतिष्ठा के लिए शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा क्षेत्र के डेला स्थित व डीह कस्बे स्थित विभिन्न मंदिरों में जाकर प्राण प्रतिष्ठा की गई। उसके बाद बाबा गलथरेश्वर धाम स्थित नवनिर्मित राम दरबार व लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों को अलग अलग दो मंदिरों में स्थापना की गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ, जो देर शाम तक चलता रहा। इस मौके पर समाजसेवी आशीष कुमार सिंह (आशू भाई) प्रधान विमल प्रकाश श्रीवास्तव (अमित लाला), मनोज सिंह चौहान, अनिल सिंह चौहान, अभिषेक सिंह, निक्की सिंह, विनोद सिंह, पूर्व प्रधान उदय प्रताप सिंह, अभय सिंह, राकेश कुमार सिंह, सतेंद्र अग्रहरि, पन्ना सोनी, विपिन तिवारी आदि मौजूद रहे।


राम दरबार की मूर्तियों को स्थापित करते आशुतोष सिंह।

### साइबर ठगी गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** साइबर ठगी के एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने उसके मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। नगर कोतवाली क्षेत्र निवासी सूर्यभान सिंह द्वारा करीब एक सप्ताह पहले दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की। पीड़ित ने बताया था कि उसे "डिजिटल अरेस्ट" का भय दिखाकर ठगी का शिकार बनाया गया। क्षेत्राधिकारी अरुण कुमार नौहार ने गुरुवार को मामले का खुलासा करते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एक विशेष टीम गठित कर मामले की गहन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सिया कब्रिस्तान के पास से आरोपी अभिजीत सिंह जाटव पुत्र मंजीत सिंह, निवासी ग्राम बाबर खेड़ा, थाना कुण्डा, तहसील जसपुर, जिला उधमसिंह नगर (उत्तराखंड) को गिरफ्तार कर लिया। विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर एक संगठित साइबर ठगी गिरोह संचालित करता था। यह गिरोह ऐसे लोगों को निशाना बनाता था जिनके बैंक खातों में अधिक धनराशि होने की संभावना होती थी। योजनाबद्ध तरीके से गिरोह के सदस्य पीड़ितों को वीडियो कॉल करते और खुद को पुलिस अधिकारी, बैंक अधिकारी, सीबीआई अधिकारी या अधिवक्ता बताकर उन्हें डराते थे। आरोपी पीड़ितों को यह कहकर भयभीत करते थे कि उनके खाते में जमा धनराशि आतंकवादी या देशविरोधी गतिविधियों से जुड़ी है और उन्हें "डिजिटली अरेस्ट" कर लिया गया है। कानूनी कार्रवाई के डर से पीड़ितों से रकम बताए गए खातों में ट्रांसफर करवाई जाती थी। बाद में इस धनराशि को अलग-अलग खातों में स्थानांतरित कर लिया जाता था। पुलिस ने अब तक कुल 36 लाख 90 हजार रुपये फ्रीज कराए हैं। मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और आगे की विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

**आयोजन** — शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली एवं होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने की दिशा में अनोखी पहल

# आईआईटी एडवांस में संस्कार को मिले 99 .52 पर्सेंटाइल, हुए सम्मानित

डीह (रायबरेली)


मेधावी संस्कार अग्रहरि को सम्मानित करते समिति के पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सामाजिक विकास समिति डीह द्वारा अपने प्रमुख उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली एवं होनहार बच्चों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक उत्साहवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कस्बे के मेधावी छात्र संस्कार अग्रहरि पुत्र कमलेश अग्रहरि को आईआईटी एडवांस में 99.52 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल करने पर सम्मानित किया गया। संस्कार ने न केवल डीह बल्कि पूरे जिले का नाम गौरवान्वित किया है। संस्कार के पिता कमलेश चाट का ठेला लगाते है और विभिन्न छोटे-मोटे आय के श्रोतों के माध्यम से परिवार का भरण पोषण करते है।

सामाजिक विकास समिति के अध्यक्ष प्रभाकर पांडेय के साथ संतबक्श सिंह, फूलचंद्र अग्रहरि, रघुनाथ शरण सिंह, हीरा लाल सोनी आदि द्वारा छात्र को अंगवस्त्र, माल्यार्पण एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कमलेश अग्रहरि के छोटे पुत्र साकार अग्रहरि भी कला एवं चित्रकारी के क्षेत्र में नाम रोशन कर रहा है एवं समिति द्वारा पिता के साथ पुत्र का भी सम्मान किया। समिति के अध्यक्ष एवं ओम पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रभाकर पांडेय आर्थिक सहायता प्रदान किया।

समिति सचिव इं. शुभम अग्रहरि ने छात्र को आईआईटी/एनआईटी में प्रवेश के बाद कंप्यूटर/लैपटॉप प्रदान करेगी। इस कार्यक्रम में प्रबंधक अनिल तिवारी, सचिव इं. शुभम अग्रहरि, ऑडिटर सुशील कुमार एडवोकेट, तनवीर हसन, अवध मिश्रा, राजेश, सुनील साहू, भूपेन्द्र प्रताप सिंह इं. गोपी कृष्ण, बब्लू अग्रहरि, गोपी चंद्र, पंकज यादव, महेश, राकेश, प्रमोद रहे।

### बीएसए ने दाऊदपुर गड़ई में नॉलेज पार्क का किया उद्घाटन

**डलमऊ (रायबरेली) अमृत विचार।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह ने दीनशाह गौरा ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय दाऊदपुर गड़ई में सामुदायिक सहयोग से नवनिर्मित लर्निंग एंड फन ज़ोन (नॉलेज पार्क) का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि बीएसए का खंड शिक्षा अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने स्वागत किया। स्वागत करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापिका दीपिका सिंह ने विद्यालय को मिल रहे समुदाय के प्रेम और सहयोग के बारे में जानकारी दी और अपना विज़न बताते हुए कहा कि विद्यालय को देश का सबसे अच्छा विद्यालय बनाना है। मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापिका दीपिका सिंह एवं सहायक अध्यापक जनक प्रताप ने अपने बच्चों का नामांकन अपने ही विद्यालय में कराया है जो कि परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों के लिए एक नई मिसाल है। डाइट मेंटर धर्मेंद्र सिंह, अभिवेक श्रीवास्तव, राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह, सविता सिंह, एसआरजी सुनील यादव ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अजय सिंह ने विद्यालय को पूरे समाज के लिए एक तीर्थ स्थान घोषित किया, जिससे यहां पर आने वाला हर एक व्यक्ति ऊर्जा प्राप्त करता रहेगा। कार्यक्रम का संचालन दिलीप कुमार एवं रमन सिंह ने किया। इस मौके पर शिक्षक सुप्रीत शुक्ला, शिवशंकर वाजपेई, वंदना, दीपिका वाजपेई, एआरपी सौरभ कुमार, श्याम शंकर त्रिवेदी, सुधीर शुक्ला, संतोष कुमार, सेवानिवृत्त शिक्षक दिनेश प्रताप सिंह, शिक्षक धर्मेंद्र बहादुर सिंह, अरुणेंद्र सिंह रहे।


नॉलेज पार्क का उद्घाटन करते बीएसए राहुल सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### बेटी की हत्या पर न्याय के लिए पिता ने लगाई गुहार

**सतांव (रायबरेली), अमृत विचार :** गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र में नाबालिग किशोरी की हत्या का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पीड़ित पिता राजू ने मुख्यमंत्री से न्याय की मांग करते हुए पुलिस पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनकी 17 वर्षीय बेटी की 12 जुलाई 2025 की सुबह शौच के लिए जाते समय हत्या कर दी गई थी। पीड़ित के अनुसार घटना की सूचना देने के बावजूद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई नहीं की और 15 जुलाई को रिपोर्ट दर्ज की गई। उन्होंने अपने ही भाई मानू, भाभी प्रेमा और साले सर्वेश कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है, लेकिन अब तक नामजद कार्रवाई नहीं हुई। परिवार को लगातार धमकियां मिल रही हैं, जिससे भय का माहौल है। पीड़ित ने निष्पक्ष जांच, आरोपियों की गिरफ्तारी, सुरक्षा और दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

### स्कूटी की टक्कर से महिला घायल, रेफर

**शिवगढ़ (रायबरेली), अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के लालगंज मजरे बहुदाखुर्द निवासी देवकी पत्नी रामसेवक बहुदाकला बाजार से पैदल घर लौट रही थीं। तभी अमावां थाना नगराम जनपद लखनऊ निवासी मनीष पुत्र मुन्नू ने तेज रफ्तार स्कूटी से महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला सड़क पर गिरकर घायल हो गईं, जबकि स्कूटी सवार युवक को भी चोटे आईं। सीएचसी शिवगढ़ में प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सक ने महिला की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं स्कूटी चालक की हालत गम्भीर देखते हुए पीजीआई ट्रामा के लिए रेफर कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शुकुल बाजार (अमेठी), अमृत विचार :** गुरुवार को मवैया चौराहा स्थित पान की गुमटी के सामने शुकुल से इन्हौना की ओर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसकी बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल युवक की पहचान सुरेन्द्र कुमार (30) पुत्र नकछेद पासी, निवासी मवैया के रूप में हुई है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत नाजुक देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### मारपीट के मामले में 8 आरोपी गिरफ्तार

**जायस (अमेठी), अमृत विचार :** जनपद के जायस थाना क्षेत्र में एक मांगलिक कार्यक्रम के दौरान हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से मारपीट में इस्तेमाल किए गए डंडे, फावड़े का बेंट, लोहे की पाइप और बेस बैट भी बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना 21 अप्रैल को हुई थी, जब एक समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। गुरुवार को जायस पुलिस ने वांछित आरोपियों की तलाश और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पहले मामले में 4 आरोपियों– धर्मराज (58), दीपक (29), बिन्द्रा प्रसाद (38) और अतुल कुमार (20) को गिरफ्तार किया। वहीं दूसरे मामले में शीतला प्रसाद (50), श्रीनाथ (40), जगप्रसाद (20) और चन्द्रकेश (19) को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि सभी आरोपी फरार चल रहे थे।

# हाईस्कूल में निधि तो इंटर में रुखसार अव्वल

## यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित: अमेठी की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लहराया परचम


निधि शुक्ला।


रुखसार।


विकास यादव।


श्रेया मौर्या।


सूर्यांश।


सचिन।


सौरभ मौर्या।

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही अमेठी जिले में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए न सिर्फ जनपद बल्कि प्रदेश स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। हाईस्कूल परीक्षा में प्रमोद आलोक इंटर कॉलेज, मंगलपुर अमेठी की छात्रा निधि ने 96.83 प्रतिशत अंक हासिल कर जिले में पहला स्थान प्राप्त किया। निधि ने प्रदेश की मेरिट सूची में प्रदेश की टॉप-10 सूची में छठा स्थान पाया वहीं दूसरे नंबर पर विकास यादव भेंटुआ 95.50 तीसरे नंबर पर श्रेया मौर्या, मधुलिका शुक्ला 94.17 सेजल, कीर्ति 93.83 आयुष पांडेय 93.33 साक्षी यादव 93 कृष्णा मौर्या, लक्ष्मी, अंजली मौर्या, शिक्षा जायसवाल 92.83 यामिनी यादव, गौरव गुप्ता 92.67 ऋषभ पांडेय, दीप्ति 92.50 रिया यादव, वैष्णवी, सूरज वर्मा 92.17 हासिल किया।

वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में सर्वोदय इंटर कॉलेज, जामों की छात्रा रुखसार ने 91.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में टॉप किया। रुखसार की सफलता से विद्यालय में उत्साह का माहौल है। वहीं रुखसार के बराबर अंक पाने वाली छात्रा आस्था मौर्या ने भी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया दूसरे नंबर पर सक्षम पांडेय 91.20 आरजू शर्मा, अदिति सिंह 90.80 सिद्धार्थ गुप्ता 90.60 शिवांशी शुक्ला 89.90 काजल 89.60 अंशी सिंह, प्रिंसी 89.40 दिव्यांशी 89.20 दिव्यांशी 89 अंजू यादव 88.80 परिणाम घोषित होते ही मेधावियों के घरों और विद्यालयों में खुशी का माहौल छा गया। कहीं मिठाई बांटी गई तो कहीं छात्रों को फूलमालाओं से सम्मानित किया गया। अभिभावकों ने बच्चों की सफलता पर गर्व जताया, वहीं शिक्षकों ने इसे मेहनत और अनुशासन का परिणाम बताया।

**सेन्ट जॉन इंटर कॉलेज शुकुल बाजार का शानदार प्रदर्शन, शुकुल बाजार :** कस्बा स्थित सेन्ट जॉन इंटर कॉलेज का बोर्ड परीक्षा-2026 का परिणाम बेहद उत्साहजनक रहा। हाईस्कूल वर्ग में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस वर्ष सूर्यांश मिश्रा ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। इसके अलावा सचिन ने 91.5 प्रतिशत अंक अर्जित कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिवा ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

अन्य मेधावी छात्रों में सुफियान ने 87 प्रतिशत, प्रेरणा ने 87 प्रतिशत, अतुल यादव ने 86 प्रतिशत, जयबेन्द्र ने 86 प्रतिशत तथा तेजखिनी सिंह ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रशासन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वहीं उज्ज्वल भविष्य की कामना विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य आशीष गिरि ने सभी सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। देवांश मिश्रा ने कहा कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता रहेगा और छात्रों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता रहेगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और नैतिक मूल्यों पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम इस वर्ष के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के रूप में सामने आया है।

### इंटरमीडिएट में विवेक यादव अव्वल, कई अन्य छात्रों का सराहनीय प्रदर्शन

इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में भी विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विवेक यादव ने 87 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं सौरभ मौर्या ने 83 .4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। अदीबा फातिमा ने 83 प्रतिशत और स्वाती गुप्ता ने 82 .2 प्रतिशत अंक हासिल कर बेहतर प्रदर्शन किया। वहीं इसके अतिरिक्त अनामिका सिंह और हीरा बानो ने 81 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि आँचल दुबे ने 80 .2 प्रतिशत अंक हासिल किए। छवि तिवारी ने भी परीक्षा में भाग लिया, हालांकि उनका प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा। इसके बावजूद विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्रों के प्रयासों की सराहना की है।

# मेयर के बयान के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन



तहसील परिसर में प्रदर्शन करतीं सपा की महिला कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** गुरुवार को समाजवादी पार्टी का विरोध प्रदर्शन सपा नेता गुंजन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। यह विरोध लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल द्वारा अखिलेश यादव की मां पर दिए गए बयान के खिलाफ था। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पोस्टर और चप्पल लेकर नारेबाजी की।

उन्होंने सरकार पर महिलाओं के सम्मान को लेकर दोहरे रवैये का आरोप लगाया। सपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के बाद उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की। गुंजन सिंह ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी महिलाओं के सम्मान की बात करती है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक द्वेष के कारण निजी और पारिवारिक मुद्दों को उछाला जा रहा है। गुंजन सिंह ने लखनऊ की मेयर पर टिप्पणी की। उन्होंने मेयर की योग्यता पर भी सवाल खड़े किए। इस पूरे प्रदर्शन ने एक बार फिर प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है और आरोप प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है।

# ट्रैक्टर और बाइकों की टक्कर में महिला की चली गई जान

मुसाफिरखाना (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के पूरे साहब बक्श मजरे पिण्डारा ठाकुर गांव की निवासी 40 वर्षीय कंचन पत्नी सोहनलाल की सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई। यह हादसा बुधवार देर शाम मुसाफिरखाना-गौरीगंज मार्ग पर भीखीपुर के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बाइकों को जोरदार टक्कर मार दी।

लोगों के मुताबिक टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार कंचन, उनके पति सोहनलाल तथा भीम शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुसाफिरखाना पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान कंचन की मौत हो गई।

कंचन की असमय मृत्यु की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

**भैंस से टकराकर बाइक सवार की मौत, सिंहपुर (अमेठी):** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र के लौली गांव निवासी शिव शंकर यादव उम्र 56 वर्ष अपने छोटे भाई सूर्यपाल पुत्र शिव दास 54 वर्ष के साथ गुरुवार की देर शाम लगभग 8 बजे निमंत्रण में जा रहे थे। दोनों लोग बाइक से जैसे ही सिंहपुर के पास पहुंचे सामने से आ रही एक भैंस से टकरा गए। राहगीरों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस से सीएचसी ले गए जहां सूर्यपाल 54 वर्ष को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल शिव शंकर को स्वशासी मेडिकल कालेज तिलोई रेफर कर दिया।

# गैस एजेंसी पर अव्यवस्था से लोग बेहाल

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद के संग्रामपुर स्थित शिवा शिखर इंडेन गैस एजेंसी पर इन दिनों उपभोक्ताओं को भारी अव्यवस्था का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को सुबह से ही हजारों की संख्या में लोग गैस पर्ची लेने के लिए लाइन में खड़े रहे, लेकिन दोपहर 2 बजे तक भी कई उपभोक्ताओं को पर्ची नहीं मिल सकी।

जानकारी के मुताबिक स्थिति और भी गंभीर इसलिए हो गई है क्योंकि अमेठी स्थित प्रकाश गैस एजेंसी मीना के सील होने के बाद वहां के उपभोक्ताओं को भी संग्रामपुर आना पड़ रहा है। इन उपभोक्ताओं को लगभग 15 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती है, इसके बावजूद उन्हें गैस सिलेंडर या पर्ची आसानी से उपलब्ध नहीं हो पा रही है। केवाईसी प्रक्रिया भी बाधित है, जिससे उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ गई है।गैस वितरण में फैली अव्यवस्था, बिचौलियों की सक्रियता और प्रशासनिक लापरवाही के चलते आम उपभोक्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। अब सभी की नजर प्रशासनिक जांच और संभावित कार्रवाई पर टिकी है, जिससे उम्मीद की जा रही है कि हालात में जल्द सुधार आएगा और उपभोक्ताओं को राहत मिल सकेगी।



एजेंसी पर गैस के लिए उपभोक्ता की लंबी लाइन। अमृत विचार

### समस्या

**उपभोक्ताओं ने की हस्तक्षेप की मांग:** उमापुरगाना पट्टी निवासी अंकेश पांडे ने बताया कि वह सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन अभी तक पर्ची नहीं मिल सकी, जबकि बिचौलियों के जरिए पैसे लेकर काम कराया जा रहा है। आलोक चंद्र, भारतीपुर निवासी हरकेश सिंह, प्रशांत उपाध्याय और रविंद्र श्रीवास्तव सहित कई उपभोक्ताओं ने व्यवस्था को पूरी तरह ध्वस्त बताते हुए जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

### क्या बोले जिम्मेदार

इस संबंध में एसडीएम आशीष सिंह ने कहा कि पूरे प्रकरण की जल्द जांच कराई जाएगी और पूर्ति निरीक्षक को निर्देश दिए गए हैं कि वितरण व्यवस्था को तत्काल दुरुस्त किया जाए। वहीं पूर्व पूर्ति निरीक्षक ने भी स्वीकार किया कि मामला पहले उनके संज्ञान में नहीं था, लेकिन अब पुलिस बल की सहायता से व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

### बिना रजिस्ट्रेशन भी बिकेगा गेहूं, आदेश के बाद किसानों को मिली राहत


प्रज्ञा मिश्रा।

**अमेठी, अमृत विचार।** गेहूं बेचने को लेकर परेशान किसानों के लिए राहत की खबर है। अब किसान बिना फार्मर रजिस्ट्रेशन के भी सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना गेहूं बेच सकेंगे। शासन के नए आदेश के बाद जिले में भी इसे लागू कर दिया गया है। पहले फार्मर आईडी अनिवार्य होने से किसान दिक्कत में थे। आधार और खतौनी में नाम की गड़बड़ी के चलते कई किसानों का रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा था और उन्हें बार-बार चक्कर लगाना पड़ रहा था। खाद्य एवं रसद विभाग के आयुक्त कार्यालय, लखनऊ से जारी आदेश के मुताबिक किसानों की सुविधा को देखते हुए यह व्यवस्था 30 अप्रैल तक लागू की गई है। आदेश में साफ कहा गया है कि अगर किसान का ऑनलाइन सत्यापन नहीं हो पाया है, तो भी क्रय केंद्र प्रभारी खतौनी, खसरा, चकबंदी प्रपत्र, आधार कार्ड व अन्य पहचान पत्र देखकर खुद सत्यापन कर गेहूं की खरीद करेंगे। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि किसानों को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। जो किसान बिना रजिस्ट्रेशन के भी आ रहे हैं, उनका गेहूं खरीदा जा रहा है।

### सिलेंडर विस्फोट में बाल-बाल बचे परिजन

**डीह (रायबरेली)।** क्षेत्र के घीसीगढ़ गांव में गुरुवार की सुबह खाना बनाते समय अचानक गैस सिलेंडर में आग लगने से विस्फोट हो गया। गनीमत की कोई हताहत नहीं हुआ। घीसीगढ़ गांव निवासी त्रिभवन मौर्य के घर पर गुरुवार की सुबह उनकी बेटी दीपिका खाना बनाने जा रही थी, तभी जैसे ही उसने माचिस जला कर गैस चूल्हे में लगाया पाइप लीक होने के चलते आग लग गई। यह देख दीपिका घर के बाहर भाग कर चिल्लाई जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचते उससे पहले ही गैस सिलेंडर फट गया, जिससे रसोई में रखा सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके की जांच किया।

### न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज में विदाई समारोह का आयोजन

**महराजगंज (रायबरेली)।** न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ हायर एजुकेशन, सलेथू में बीए व बीएससी अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित नाटक विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि प्रबंध निदेशक डॉ. शशिकांत शर्मा ने छात्रों को सफलता के लिए निरंतर परिश्रम और निष्ठा का संदेश दिया। इस दौरान आईआईटी जैम उत्तीर्ण छात्रा उपासना पांडे और लखनऊ विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान में टॉप करने वाले छात्र वत्सल वर्मा को सम्मानित किया गया। साथ ही "स्टूडेंट ऑफ द ईयर" व "एनएसजीआई स्टार" अवार्ड भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल कुमार उपस्थित रहे।

### बछरावां में 5 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित

**बछरावां (रायबरेली)।** आज शुक्रवार को विद्युत उपभोक्ताओं को असुविधा का सामना करना पड़ेगा। विद्युत सब स्टेशन पर पैनल टेस्टिंग के कारण दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। अवर अभियंता उमेश यादव ने बताया कि इस दौरान नगर पंचायत क्षेत्र के सभी फीडर, सेंहगो फीडर और भैरमपुर फीडर की सप्लाई बाधित रहेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे अपने जरूरी कार्य पहले ही निपटा लें। विभाग ने बताया कि यह कार्य तकनीकी सुधार के लिए आवश्यक है, ताकि आगे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### रोजगार सेवकों की मांगें तेज, लगाई गुहार

**महराजगंज (रायबरेली)।** ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने श्यामसुंदर भारती से मुलाकात कर अपनी लंबित समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि पिछले 9 महीनों से मानदेय का भुगतान न होने से रोजगार सेवक आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। ज्ञापन में नियमितीकरण, वेतन वृद्धि और पदनाम बदलकर 'सहायक ग्राम विकास अधिकारी' किए जाने की मांग उठाई गई। साथ ही योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणाओं का शासनादेश जल्द जारी कराने की भी अपील की गई। एसोसिएशन ने कार्यों के सुचारु संचालन हेतु स्मार्टफोन, डेटा रिचार्ज और आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की मांग रखी। इस दौरान अविनाश मिश्रा, कुलदीप सिंह, एखलाक अहमद और देशराज सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### लालगंज में जनगणना तैयारी तेज

**लालगंज (रायबरेली)।** लालगंज तहसील क्षेत्र में जनगणना को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। उप जिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी और तहसीलदार शिवम राठौड़ के नेतृत्व में गुरुवार से सुपरवाइजर और कर्मचारियों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। पहले दिन बड़ी संख्या में कर्मियों ने भाग लिया। तहसील सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में संजय शुक्ला, आशीष प्रताप सिंह और डॉ. शशिकांत त्रिवेदी ने लगभग सौ सुपरवाइजरों को जनगणना की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण और सटीक आंकड़े जुटाने के तरीके समझाए। अधिकारियों ने इसे अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए जिम्मेदारी से निष्पादन के निर्देश दिए। तहसीलदार ने बताया कि यह अभियान 5 मई तक चलेगा, जिसमें प्रतिदिन करीब 350 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। लालगंज, सरेनी और खीरों ब्लॉकों सहित विभिन्न केंद्रों पर प्रशिक्षण जारी है, जिससे पारदर्शी और सटीक जनगणना सुनिश्चित की जा सके।

### पुलिस की सतर्कता से किशोर अपराध से बचा

**बछरावां (रायबरेली)।।** 112 पुलिस की समझदारी से एक किशोर को अपराध की राह पर बढ़ने से बचा लिया गया, लेकिन बाद में उसके परिजनों के विवाद से मामला थाने तक पहुंच गया। किला मोहल्ला निवासी शिव बम बम ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 23 अप्रैल 2026 को पड़ोस के किशोर आदर्श ने उनकी दुकान से करीब 2000 रुपये चोरी कर लिए। घटना को उनके बेटे आलोक ने देख लिया और शोर मचाने पर मौके पर 112 पुलिस को बुलाया गया। पुलिस के सामने किशोर ने चोरी स्वीकार कर ली, जिसके बाद उसे समझाकर छोड़ दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि किशोर पहले भी चोरी की घटनाएं कर चुका है। वहीं, घटना शांत होने के बाद आरोपी के परिजन पीड़ित के घर पहुंचकर विवाद करने लगे, जिससे मामला और बढ़ गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# डिजिटल रूप से सशक्त बनाना सरकार की योजना से सीधे जोड़ना: संतोष श्रीवास्तव

शुकुल बाजार (अमेठी)



महिला को मोबाइल देते जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित समापन समारोह ब्लॉक शुकुल बाजार में गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव उपस्थित रहे। समारोह के दौरान 10 लाभार्थियों गीता देवी, पिंकी मिश्रा, सुमन लता आदि को मोबाइल फोन वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य लाभार्थियों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाना और उन्हें शासकीय योजनाओं से सीधे जोड़ना है। कार्यक्रम में प्रदर्शनी, गोद भराई जैसे आयोजन भी आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सेक्टरों को सम्मानित किया गया। महोना सेक्टर की क्षमा वर्मा को "बेस्ट सेक्टर अवॉर्ड" प्रदान किया गया, जबकि साथिन किशनी की स्वाती एवं अनामिका को संयुक्त रूप से द्वितीय सर्वश्रेष्ठ सेक्टर का सम्मान मिला। साथ ही, क्षेत्र के 35 आंगनवाड़ी केंद्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के अंत में 5 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं को उनकी दीर्घकालिक सेवाओं के लिए भावभीनी विदाई दी गई। सीडीपीओ धर्मेंद्र गौतम ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं समाज की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समारोह में सीडीपीओ सरिता सिंह, संतोष गुप्ता गौरीगंज सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये हड़पे, कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** थाना बाजार शुक्ल के अब्दुल्ला बाहरपुर निवासी मो. इबरार ने बताया कि लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र के एसआर कालोनी एल्डिंगो रोगालिया, आईआईएम रोड निवासी करीमुद्दीन व अशरफ अली पर भारतीय वायु सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर उसके बेटे से दो लाख छब्बीस हजार रुपये हड़प लिए। पीड़ित ने बतायाकि करीमुद्दीन व अशरफ अली दोनों मेरे रिश्तेदार भी है उन्होंने बताया कि उनके पुत्र मो आशिफ व शाहिद अनवर निवासी शिवरतनगंज, मजरे खरगपुर को भारतीय वायु सेना में नौकरी लगवाने का आश्वासन शाहिद अनवर के घर पर दिया था। उनके पुत्र मो. आशिफ को भारतीय वायु सेना में हाउस किपिंग में रखने हेतु 5 जनवरी से 24 फरवरी 2025 के बीच में ऑलाइन ट्रांजेक्शन करवाते हुए 1,65,000 रुपये जरिये यूपीआई. व पुत्र के केनरा बैंक के शाखा खारा नकद 61,000/-रू पर धोखाधड़ी व षडयन्त्र करते हुए हड़प लिया गया। आरोपियों द्वारा नौकरी के फर्जी दस्तावेज मो आशिफ व शाहिद अनवर के पक्ष में बनवाकर भी दे दिया। बाद में पता चला कि विपक्षीगण का एक गिरोह है जो नौकरी लगवाने के बहाने लोगों से पैसा हड़प लेता है। इस मामले में एसओ दया शंकर मिश्रा ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### आयोजन

मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

# जनगणना कार्य से संबंधित दी गईं विस्तृत जानकारियां

सरेनी (रायबरेली)


मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद लोग।

**अमृत विचार।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम बीडीओ कार्यालय और बीआरसी हाल में आयोजित किया गया। तहसीलदार शिवम सिंह राठौर के मार्गदर्शन में जनगणना कार्य से संबंधित विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी वीरेन्द्र नाथ द्विवेदी की विशेष उपस्थिति रही। मास्टर ट्रेनर डॉ. यज्ञदत्त शुक्ला, अनूप कुमार, सुधाकर सिंह द्वारा प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया, मकान सूचीकरण, आंकड़ा संकलन और डिजिटल माध्यमों के उपयोग संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आनंद प्रकाश तिवारी, सूरज सिंह, बालकृष्ण आदि का सहयोग रहा।

इस दौरान प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को जनगणना कार्य को पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ संपादित करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 देश की विकास योजनाओं एवं नीति निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण आधार प्रदान करेगी।

### जनगणना-2027 का प्रशिक्षण प्रारम्भ

**सतांव (रायबरेली)।** भारत की जनगणना–2027 के प्रथम चरण 'मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना' को लेकर विकास खंड सतांव में प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम गुरुवार से शुरू हो गया। यह प्रशिक्षण 23 अप्रैल से 05 मई तक मलिकमऊ चौबारा स्थित ब्लॉक सभागार में चलेगा। जिला प्रशासन के निर्देश पर आयोजित इस प्रशिक्षण में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को घर-घर जाकर मकान सूचीकरण, मकानों की गणना तथा परिवारों से संबंधित जानकारी एकत्र करने की प्रक्रिया विस्तार से समझाई जा रही है। साथ ही, मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीडिंग की तकनीकी बारीकियों पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि आंकड़ों की सटीकता बनी रहे। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य पूरी शुद्धता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ पूरा किया जाए।

# नशेड़ी युवक ने मचाया उत्पात, दंपति घायल

**महराजगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के उतेही बाग फरोसा मजरे सिरसा गांव में बुधवार देर रात राकेश कुमार नामक युवक नशे की हालत में गांव की गलियों में घूम रहा था और लोगों के साथ गाली-गलौज कर रहा था। गांव के ही लालता प्रसाद ने जब उसे रोका, तो राकेश ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। इस दौरान लोगों ने नशे में धुत राकेश कुमार की पिटाई कर दी। बीच-बचाव के लिए पहुंची राकेश की पत्नी राजकुमारी भी घायल हो गईं। पुलिस ने घायल राकेश कुमार और पत्नी राजकुमारी को सीएचसी पहुंचाया, जहां से चिकित्सक ने राकेश कुमार को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया तहरीर पर कार्रवाई की जाएगी।



राजनीति सर्वोत्कृष्ट कला है, क्योंकि इसमें अनेक अन्य कलाएं समाहित होती हैं और इसका उद्देश्य मानव कल्याण है।

-अरस्तु, दार्शनिक

## भ्रामक युद्ध विराम

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका द्वारा युद्धविराम को अनिश्चितकाल तक बढ़ाना पहली नजर में शांति का संकेत लगता है, पर गहराई से देखें तो यह एक जटिल सामरिक चाल अधिक प्रतीत होती है। इतिहास गवाह है कि युद्धविराम अक्सर संघर्ष का अंत नहीं, बल्कि रणनीतिक विराम होता है। यह पुनर्संयोजन, दबाव निर्माण और कूटनीतिक संभावनाओं की परख का समय होता है। अमेरिका की मंशा को केवल शांति स्थापना तक सीमित मानना यथार्थवादी नहीं होगा, दरअसल यह कदम तीन स्तरों पर काम करता दिखता है— पहला, सैन्य थकान और संसाधनों के पुनर्गठन की आवश्यकता; दूसरा, अंतर्राष्ट्रीय दबाव को संतुलित करना और तीसरा, ईरान को वार्ता की मेज पर लाने के लिए समय खरीदना।

ईरान का यह दावा कि डोनाल्ड ट्रंप फिलहाल युद्ध जारी रखने की स्थिति में नहीं हैं, इसे पूर्ण सत्य मानना तथ्य उपेक्षा और जल्दबाजी होगी। सवाल अमेरिका की सैन्य क्षमता पर नहीं, बल्कि उसकी राजनीतिक प्राथमिकताओं और घरेलू दबावों पर अधिक हैं। अमेरिका का पाकिस्तान के कहने पर युद्धविराम बढ़ाने का तर्क भी अधिक विश्वसनीय नहीं लगता है। पाकिस्तान इस क्षेत्र में एक कारक अवश्य है, पर निर्णायक नहीं। अमेरिका के फैसले आमतौर पर उसके व्यापक भू-राजनीतिक हितों— विशेषकर ऊर्जा, इसराइल की सुरक्षा और वैश्विक नेतृत्व से संचालित होते हैं। इस संदर्भ में खाड़ी की 'मौजूदा शांति' वास्तव में भ्रामक है। होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर बढ़ता नियंत्रण और जहाजों की जब्ती जैसी घटनाएं संकेत देती हैं कि तनाव सतह के नीचे लगातार उबल रहा है। यदि यह जलडमरूमध्य लंबे समय तक बाधित रहता है, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ना तय है। 55 करोड़ बैरल तेल का नुकसान और एलएनजी आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट केवल आंकड़े नहीं, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चेतावनी हैं। अमेरिका इस दौरान ईरान पर आर्थिक और कूटनीतिक दबाव बनाए रखना चाहता है, जबकि ईरान 'थोपी गई शर्तों' को अस्वीकार कर अपनी संप्रभुता का प्रदर्शन कर रहा है। यह गतिरोध तभी टूटेगा, जब दोनों पक्ष कुछ लचीलापन दिखाएं। यदि अमेरिका ईरान के प्रस्तावों पर गंभीरता से विचार करता है, तो समाधान की दिशा खुल सकती है, परंतु अनिश्चित युद्धविराम का एक बड़ा खतरा यह है कि यह स्थायी अस्थिरता को जन्म देता है।

यह न तो पूर्ण युद्ध है, न ही वास्तविक शांति, बल्कि एक ऐसी स्थिति है, जहां किसी भी क्षण संघर्ष फिर भड़क सकता है। यही कारण है कि वर्तमान ठहराव भविष्य के अधिक बड़े टकराव का संकेत भी हो सकता है। भारत के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है। ऊर्जा आयात पर निर्भरता और खाड़ी में बड़ी भारतीय आबादी के कारण भारत को संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनानी होगी। भारत को एक ओर अपनी ऊर्जा आपूर्ति के वैकल्पिक स्रोत तलाशने होंगे, वहीं दूसरी ओर कूटनीतिक स्तर पर दोनों पक्षों से संवाद भी बनाए रखना होगा। 'रणनीतिक स्वायत्तता' की मौजूदा नीति यहां सबसे उपयुक्त प्रतीत होती है। कुल मिलकर यह अनिश्चित युद्धविराम शांति का संकेत कम और रणनीतिक विराम अधिक है।

### प्रसंगवश

## अदृश्य धागों से बुनी दुनिया

दुनिया को जानने-समझने के कई रास्ते हैं। विज्ञान उसे तथ्यों और नियमों की कसौटी पर परखता है, दर्शन उसे प्रश्नों और विचारों की रोशनी में देखता है, जबकि कला उसे अनुभव और संवेदना के माध्यम से व्यक्त करती है। कई बार कोई छोटा-सा प्रतीक भी जीवन की गहरी सच्चाइयों को उजागर कर देता है। जापान की एक लोककथा ऐसा ही एक प्रतीक सामने रखती है लाल धागे का।

कहा जाता है कि जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी छोटी उंगली में एक अदृश्य लाल धागा बंध जाता है, जो किसी दूसरे व्यक्ति से जुड़ा होता है। यह धागा दोनों के जीवन को किसी न किसी रूप में एक-दूसरे से जोड़ देता है। लोक विश्वास यह भी कहता है कि यह धागा उस रक्त-नाड़ी का विस्तार है, जो हमारे हृदय से छोटी उंगली तक जाती है। यह लोककथा केवल भाग्य की कल्पना नहीं है; यह मनुष्य के जीवन में संबंधों की अनिवार्यता का रूपक है।



कुमार सिद्धार्थ

वरिष्ठ पत्रकार

मनुष्य का जीवन दरअसल संबंधों से ही निर्मित होता है। हम अपने आप को भले ही स्वतंत्र व्यक्ति मानें, लेकिन हमारी पहचान अनेक रिश्तों, स्मृतियों और अनुभवों से मिलकर बनती है। परिवार, मित्रता, समाज, संस्कृति और साझा इतिहास ये सभी हमारे अस्तित्व को आकार देते हैं। इन संबंधों का एक बड़ा हिस्सा दिखाई नहीं देता, लेकिन उनका प्रभाव जीवन में लगातार बना रहता है। जैसे- किसी जाल के महीन धागे एक-दूसरे में उलझकर पूरी संरचना को थामे रहते हैं, वैसे ही हमारे संबंध भी जीवन की पूरी बुनावट को संभाले रखते हैं।

यदि जीवन को एक रूपक में समझना हो तो वह किसी सीधी रेखा की तरह नहीं, बल्कि धागों से बुनी हुई एक जटिल संरचना की तरह है। हर संबंध एक धागे जैसा है। कभी मजबूत, कभी ढीला, कभी उलझा हुआ और कभी टूट जाने के कगार पर। रिश्तों की यही जटिलता जीवन को अर्थ भी देती है और चुनौती भी। आज के समय में दुनिया पहले से कहीं अधिक जुड़ी हुई दिखाई देती है। तकनीक, संचार और डिजिटल माध्यमों ने दूरियों को लगभग समाप्त कर दिया है। इसके बावजूद मनुष्य के भीतर अकेलेपन की भावना भी उतनी ही तीव्र होती जा रही है।

यह हमारे समय का एक बड़ा विरोधाभास है। बाहरी जुड़ाव बढ़ रहा है, लेकिन भावनात्मक दूरी भी गहरी हो रही है। ऐसे समय में यह विचार कि हम सब अदृश्य धागों से जुड़े हुए हैं, हमें अपने अस्तित्व की एक नई समझ देता है। स्मृतियां भी इन धागों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे हमारे भीतर अतीत की उपस्थिति बनाए रखती हैं। किसी व्यक्ति से जुड़ी एक छोटी-सी स्मृति भी वर्षों बाद अचानक जीवित हो उठती है और हमें उन क्षणों में वापस ले जाती है, जिन्हें हम बीत चुका समझते हैं। इसी तरह किसी संबंध का टूटना केवल एक व्यक्ति से दूरी नहीं होता, बल्कि हमारे जीवन की बुनावट का एक धागा ढीला पड़ जाना होता है। शायद इसलिए मनुष्य संबंधों के प्रति इतना संवेदनशील होता है।

जीवन की एक और सच्चाई उसकी अनिश्चितता है। हम योजनाएं बनाते हैं, लक्ष्य तय करते हैं, लेकिन जीवन हमेशा सीधी रेखा में नहीं चलता। कभी कोई अनजान व्यक्ति अचानक हमारे जीवन में प्रवेश कर जाता है और हमारी सोच की दिशा बदल देता है। कभी कोई रिश्ता धीरे-धीरे समय की धुंध में खो जाता है। इन सबके बीच जीवन हमें यह सिखाता है कि हर अनुभव चाहे, वह सुख का हो या दुःख का, हमारी आंतरिक यात्रा का हिस्सा है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## ट्रंप की रणनीतिक विफलता और भविष्य के संकेत





विवेक सक्सेना

अयोध्या

अप्रैल 2026 के भू-राजनीतिक परिदृश्य में, डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान के साथ घोषित युद्ध विराम ने अमेरिकी विदेश नीति की एक बड़ी विफलता को उजागर किया है। 'पूर्ण जीत' और ईरान की सैन्य शक्ति को 'पूरी तरह से नष्ट' करने के शुरुआती बड़बोले दावों के बाद, यह युद्ध विराम ट्रंप प्रशासन के लिए एक शर्मनाक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है। यह संघर्ष न केवल मध्य पूर्व में स्थिरता लाने में विफल रहा, बल्कि इसने अमेरिकी कूटनीति की सीमाओं को भी उजागर किया है।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्ध में युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से मध्यस्थों को अमेरिका और ईरान के बीच आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं। अमेरिका और इज़राइल ने 28 फरवरी को युद्ध शुरू किया, जिसके कारण तेल की कीमतें बढ़ गईं और वैश्विक अर्थव्यवस्था हिल गई। इस युद्ध ने वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को बाधित किया है, जिससे ईंधन की कीमतें बढ़ने और अन्य देशों में भी बिजली संयंत्रों पर हमले का खतरा पैदा हो गया।

ट्रंप ने दावा किया था कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु और मिसाइल ढांचे को नष्ट कर दिया है, लेकिन हकीकत यह रही कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपना नियंत्रण बनाए रखा और अमेरिकी धमकियों को नजरअंदाज करते हुए जवाबी हमले जारी रखे। 48 घंटे के अल्टीमेटम के बाद जब युद्ध विराम की घोषणा की गई, तो यह जीत से ज्यादा एक सामरिक वापसी और ईरान के सामने झुकने जैसा प्रतीत हुआ। ईरान ने स्पष्ट किया कि उसने कोई युद्ध विराम नहीं मांगा था, जिससे ट्रंप के दावों की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठे हैं।

इस घोषणा से अस्थायी रूप से लड़ाई फिर से शुरू होने से तो बच गई, लेकिन दोनों पक्षों के बीच व्यापक मतभेद बने हुए हैं। ईरान, इज़राइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच मौजूदा युद्ध विराम आठ अप्रैल को शुरू हुआ, जो ट्रंप द्वारा कई बार समय सीमा तय किए जाने के बाद हुआ। ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता का पिछला दौर पाकिस्तान में आयोजित किया गया था। अमेरिकी वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे उपराष्ट्रपति जेडी वैंस ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद अमेरिका और ईरान के बीच हुई उच्चतम स्तरीय वार्ता में भाग लिया, जो बिना किसी समझौते के समाप्त हुई।

> राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध विराम की अवधि बढ़ाने की घोषणा से ईरान से आमने-सामने की बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने के लिए अतिरिक्त समय मिल जाएगा, लेकिन दोनों के बीच हालात अभी भी तनावपूर्ण हैं।

वैंस की पाकिस्तान यात्रा अभी भी स्थगित है और ईरान पर अमेरिका की नाकाबंदी जारी है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने मौजूदा युद्ध विराम की समय सीमा समाप्त होने से कुछ ही घंटे पहले पाकिस्तान के अनुरोध पर यह कदम उठाया, क्योंकि वह ईरान से 'एकीकृत प्रस्ताव' की प्रतीक्षा कर रहे हैं और अनिर्णय के लिए ईरान के 'गंभीर रूप से विभाजित' नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। इन सब के बीच दो क्षेत्रीय अधिकारियों ने मंगलवार को एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि अमेरिका और ईरान ने वार्ता के एक नए दौर के आयोजन के संकेत दिए हैं।

पाकिस्तान के नेतृत्व वाले मध्यस्थों को इस बात की पुष्टि मिली है कि शीर्ष वार्ताकार, वैंस और ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर क़लीबाफ़, अपनी-अपनी टीमों का नेतृत्व करेंगे, लेकिन मंगलवार देर रात, ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि सम्मेलन में भाग लेने के बारे में कोई 'अंतिम निर्णय' नहीं लिया गया है। प्रवक्ता, इस्माइल बगाई ने सरकारी टीवी को बताया कि निर्णय न ले पाने का कारण अमेरिकियों की ओर से 'विरोधाभासी संदेश' और 'अस्वीकार्य कार्रवाइयां', विशेष रूप से ईरान की अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी है।

यदि पाकिस्तान बैठक आयोजित करने में सफल भी हो जाता है, तो भी होर्मुज जलडमरूमध्य के भविष्य, ईरान के परमाणु कार्यक्रम और नाकाबंदी को लेकर गंभीर चुनौतियां बनी रहेंगी। सप्ताहांत में ईरान ने जलडमरूमध्य में जहाजों को निशाना बनाया। अमेरिका ने भी जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी से बचने की कोशिश कर रहे एक ईरानी जहाज पर हमला किया और उसे अपने कब्जे में ले लिया, जिससे संकेत मिलता है कि स्थिति अभी भी अस्थिर बनी हुई है। ईरान का सारा उच्च संवर्धित यूरेनियम अभी भी देश में ही है, संभवतः उन संवर्धन स्थलों में दबा हुआ है, जिन पर पिछले साल जून में 12 दिनों के युद्ध के दौरान अमेरिका ने बमबारी की थी।

ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए ऐसा करने का अधिकार है और वह परमाणु हथियार बनाने की कोशिश से इनकार करता है, जबकि ट्रंप ने इज़राइल के साथ मिलकर ईरान से अपने परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह से समाप्त करने और अपने भंडार को छोड़ने का आह्वान किया है। ईरान ने युद्ध समाप्त करने के अपने 10 सूत्री प्रस्ताव में इसे खारिज कर दिया। इस्लामाबाद में ईरान और अमेरिका के बीच वार्ता होने वाली थी, लेकिन ईरान का प्रतिनिधिमंडल नहीं पहुंचा। अमेरिकी उप राष्ट्रपति जेडी वेंस की अगुवाई में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को पाकिस्तान रवाना होने वाला था, ऐसा नहीं हुआ।

वहीं युद्ध विराम ख़त्म होने से पहले ही ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर इसकी समय सीमा बढ़ाने की घोषणा की। कहा कि यह फ़ैसला पाकिस्तान के अनुरोध पर लिया गया, 'हमसे कहा गया है कि हम ईरान पर अपना हमला तब तक रोकें, जब तक उसके नेता और प्रतिनिधि एक साझा प्रस्ताव लेकर नहीं आते।'

इसके कुछ घंटे बाद ही, बुधवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने तीन कार्गो जहाज़ों पर हमला कर दो को सीज़ कर लिया। इनमें एक पर ग्रीस का और दूसरे पर पनामा का झंडा लगा था, जबकि तीसरा जहाज़ यूएई की एक कंपनी का है। फारस की खाड़ी का संकरा मुहाना, होर्मुज जलडमरूमध्य, जिससे होकर 20 फीसदी प्राकृतिक गैस और तेल का परिवहन होता है, जलमार्ग में ईरानी हमलों के कारण लगभग बंद है।

### आमने सामने



पिछली कांग्रेस सरकार ने इस प्रोजेक्ट में सालों की देरी की थी। प्रधानमंत्री ने ही 2018 में इसे फिर से शुरू किया और इसकी प्रगति को तेज़ किया। जनता उस दौर में रिफाइनरी प्रोजेक्ट में हुए कथित घोटालों और विवादित जमीन सौदों से वाकिफ है। इस प्रोजेक्ट के बारे में सच्चाई लोगों के सामने पहले ही आ चुकी है।

– भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान

रिफाइनरी प्रोजेक्ट में देरी और साइट से जुड़ी हाल की दुर्घटना से ध्यान भटकाने की कोशिशें की जा रही हैं। देरी भाजपा के कार्यकाल के दौरान हुई थी और प्रोजेक्ट का उद्घाटन करने की मौजूदा 'जल्दबाजी' के कारण ही यह घटना हुई। दो दिन बाद भी, दुर्घटना पर आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं हुआ है। –अशोक गहलोत पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



## नेपाल: गृहमंत्री का इस्तीफा व जनता की उम्मीदें



यशोदा श्रीवास्तव

वरिष्ठ पत्रकार

नेपाल में दो मंत्रियों के रुखसती को 'बालेन सरकार की उलटी गिनती' की दृष्टि से भले न देखा जाए, लेकिन इस घटना से मात्र 26 दिन पूर्व सत्ता रूढ़ हुई बालेन सरकार के अनुभव और परिपक्वता को लेकर सवाल उठना लाजिमी है। मनी लांड्रिंग और विवादित व्यवसायी दीपक भट्ट से व्यवसायिक साझेदारी, संपत्ति अर्जन जैसे और भी आरोपों के खुलासे के बाद सुडान गुरूंग के खिलाफ विरोध और प्रदर्शन तेज हो गया था। उनके खिलाफ काठमांडू के नकसाल थाने में प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग जोर पकड़ रही थी। सुडान गुरूंग ने, हालांकि अपने शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस्तीफा न देने की बात कही थी, लेकिन अचानक उन्होंने बुधवार को प्रधानमंत्री बालेन शाह को अपना इस्तीफा सौंप दिया।

नेपाल में 26 दिन के भीतर यह दूसरे मंत्री का इस्तीफा है। इसके कुछ दिन पूर्व जब श्रम मंत्री दीपक कुमार साह का इस्तीफा हुआ था, तब बालेन शाह की खूब वाहवाही हुई थी। दीपक कुमार साह पर अपनी पत्नी को स्वास्थ्य बोर्ड में सदस्य के पद पर स्थापित करने का आरोप था। दीपक साह धोखाधड़ी के मामले में जेल भी जा चुके हैं। दीपक साह से इस्तीफा लेने पर बालेन सरकार के स्वच्छ छवि के कसीदे पढ़े गए थे, वहीं सुडान गुरूंग के इस्तीफे को एक ऐसे मंत्री का इस्तीफा माना जा रहा है, जिसने सिर्फ ईमानदार होने का मुखौटा लगा रखा था।

> जनता के आंदोलन और सवालों के बीच नेपाल के गृहमंत्री सुडान गुरूंग ने इस्तीफा दे दिया है। उम्मीदों से भरी जनता के साथ संतुलन बैठाना बालेन सरकार के लिए मुश्किल हो रहा है।

सुडान गुरूंग की छवि जेन जी आंदोलन के जरिए ओली सरकार को अपदस्थ करने वाले नायक की उभरी थी। ओली सरकार पर भ्रष्टाचार के अनगिनत आरोप थे। ओली ही क्यों, राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल में जितनी भी सरकारें आईं, उन सबसे जनता ऊब चुकी थी। जेन जी आंदोलन में ओली तो सेना के कैंप में भागकर मार-पिटाई से बच गए थे, जबकि लगभग सभी पार्टियों के शीर्ष नेता, पूर्व प्रधानमंत्री, उनकी पत्नियां जेन जी के गुस्से का शिकार हुई थीं। जनता चूंकि उन सभी सरकारों से ऊबी हुई थी, इसलिए ऐसे नेताओं के साथ हुए बर्बर व्यवहार से खुश थी। इस हिंसक आंदोलन में 76 युवाओं की जान गई थी और काठमांडू में महत्वपूर्ण सरकारी इमारतें, माल और हिल्टन जैसे अरबों रुपये के होटल आग के हवाले हो गए थे।

राजनीतिक अफरातफरी के बीच उच्च न्यायालय की पूर्व जज सुशीला कार्की के नेतृत्व में अंतरिम सरकार का गठन हुआ। इस सरकार ने छः महीने के अंदर चुनाव कराकर चुनी हुई सरकार को सत्ता सौंप देने का वादा किया। अंतरिम सरकार के गठन और प्रधानमंत्री के चयन में भी सुडान गुरूंग की भूमिका खास थी। इस पार्टी के अध्यक्ष पूर्व पत्रकार रवि लामी छाने हैं। वे पिछले चुनाव में पूर्वी नेपाल में पहली मर्तबा चुनाव लड़े और बीस सांसदों के साथ नेपाल प्रतिनिधि सभा में धमाकेदार इंट्री की और ओली सरकार में उप प्रधानमंत्री के साथ गृहमंत्री भी बने, लेकिन अमेरिकी नागरिकता विवाद के चलते उन्हें उच्च न्यायालय के हस्तक्षेप से मंत्री और प्रतिनिधि सभा से इस्तीफा देना पड़ा, हालांकि बाद में इस विवाद के हल हो जाने पर वे फिर जीतकर प्रतिनिधि सभा में लौटे, लेकिन मंत्री अथवा अन्य किसी सरकारी पद से दूर रहे।

बतौर गृह मंत्री रवि लामी छाने की छवि काफी सख्त थी। पहली मर्तबा उन्होंने ब्यूरोक्रेट्स और राजनीतिक भ्रष्टाचार पर प्रहार किया था। रवि लामी छाने के इस तेवर से खुद ओली सरकार हिल गई थी, साथ ही अन्य राजनीतिक दलों के बड़े नेता भी कांप उठे थे, क्योंकि सबके हाथ भ्रष्टाचार में सने हुए हैं, हालांकि रवि लामी छाने स्वयं एक बड़े घोटाले में न्यायालय का सामना कर रहे हैं।

नेपाल की राजनीति में रवि लामी छाने और उनकी पार्टी की छवि अन्य पार्टियों की अपेक्षा स्वच्छ थी। यही वजह रही कि काठमांडू के मेयर रहे, बालेन शाह, हामी नेपाल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के संचालक रहे सुडान गुरूंग और तमाम दूसरे पार्टियों के नेता बड़ी तेजी से इस पार्टी में शामिल हुए। रवि लामी छाने ने बालेन शाह को प्रधानमंत्री का चेहरा तय कर दिया।

जनता चूंकि परिवर्तन के मूड में थी ही, लिहाजा चुनाव हुआ तो पहाड़ से मैदान तक राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को एक तरफा जीत मिली। शपथ ग्रहण के बाद हर रोज सरकार के चकित करने वाले एक से एक फरमान से जनता उत्साहित थी और उसे परिवर्तन की अनुभूति की आश थी। गृहमंत्री पद पर रहते हुए सुडान गुरूंग ने पूर्व पीएम ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को गिरफ्तार करने का आदेश देकर सुर्खियां बटोरीं तो थी, लेकिन अपनी ही पार्टी के अंदरखाने उनकी आलोचना भी होने लगी थी। उनका अन्य मंत्रालयों में दखल भी मंत्रियों को असहज कर रहा था। गृहमंत्री सुडान गुरूंग के खिलाफ जेन जी के ही एक धड़े ने मोर्चा खोल दिया है। इस घटना से बालेन सरकार का असहज होना स्वाभाविक है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## चले गए बब्बन खान



हैदराबाद में आज मातम छाया हुआ है। 'अदरक के पंजे' के क्रिएटर बब्बन ख़ान नहीं रहे। पिछली सदी के आखिरी दशकों में उनके स्टेज शो का ऐसा जलवा था कि गिनीज बुक ऑफ़ रिकॉर्ड्स में भी इसे शामिल किया गया। हैदराबादी ह्यूमर से भरपूर इस शो में एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार की हताशा, दुर्दशा और मनोदशा का चित्रण था। परिवार के मुखिया रामुसु अपनी गरीबी और अनियंत्रित परिवार की वजह से लगातार कर्ज में रहते हुए जिंदगी की चिखचिख से परेशान हाल रहे। यह शो छोटा परिवार सुखी परिवार का संदेश देता था।



अजय ब्रह्मात्मज

फिल्म राइटर

बब्बन खान ने अपने पिता और परिवार की कहानी काफी मजेदार अंदाज में पेश किया था। आठ भाई-बहनों के परिवार में बब्बन ख़ान अपने मां-बाप की अकेली संतान के रूप में बचे रहे। 10 की उम्र तक तो उनका नाम भी नहीं रखा गया था। मां-बाप ने सोचा था कि जिंदा रहेगा तो नाम रख देंगे।

बब्बन ख़ान ने अपने खस्ताहाल परिवार की यह तंजिया कहानी रात भर में एक लैंप पोस्ट के नीचे बैठकर लिखी। मां का इकलौता गहना बेचकर शो की व्यवस्था की। शो के दो टिकट देकर दर्जी से अपनी शेरवानी सिलवाई। पहला शो नाकाम रहा, लेकिन किसी प्रशंसक ने नेपथ्य में जाकर उन्हें 500 रुपये दिए और कहा कि शो जारी रखना।

धीरे-धीरे यह शो हैदराबाद से देश के अनेक शहरों से होता हुआ, विदेश के शहरों में भी धूम मचाता रहा। 10,000 से अधिक इसके शो हो चुके थे।

स्टैंडअप कॉमेडी के चलन में आने के बहुत पहले बब्बन ख़ान ने घरेलू और पारिवारिक हंसी-मजाक का ऐसा पुलिंदा पेश किया था कि दर्शक हंसते-हंसते बेहाल हो जाते थे।

बब्बन खान की मेधा को सलाम!

-फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## गांव के युवाओं में हुनर है, मगर बाजार नहीं

देश के ग्रामीण इलाकों में हुनर की कमी नहीं है, बात अगर बिहार की करें, तो यहां हर गांव एक चलता-फिरता कारीगर विद्यालय लगता है। कहीं मिट्टी को आकार देकर सुंदर बर्तन बनाए जाते हैं, तो कहीं सुई-धागे और रंगों से दीवारों और कपड़ों पर ऐसी कलाकारी की जाती है, जिसे देखकर शहरों की महंगी गैलरियां भी फीकी पड़ जाएं, लेकिन विडंबना यह है कि इतना हुनर होने के बावजूद नौजवानों के लिए रोजगार और बाजार की कमी आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। यही कारण है कि या तो वे बेरोजगार हैं या फिर अपने गांव और परिवार को छोड़कर दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। इसका असर केवल परिवारों पर ही नहीं, बल्कि सदियों से चली आ रही पारंपरिक हस्तकलाओं पर भी पड़ रहा है, जो मिटने की कगार पर पहुंच रही हैं।

भारत जैसे विशाल देश में बेरोजगारी की समस्या लंबे समय से चिंता का विषय रही है। हाल के आंकड़ों के अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 में देश की बेरोजगारी दर वर्ष 2023-24 में लगभग 3.2% दर्ज की गई, जबकि युवाओं के बीच बेरोजगारी की दर इससे कहीं अधिक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच रोजगार के अवसरों में बड़ा अंतर भी देखने को मिलता है, जिससे ग्रामीण युवाओं को अधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।



सरिता कुमारी

एक्टिविस्ट

यदि बिहार की बात करें, तो यहां बेरोजगारी का संकट विशेष रूप से युवाओं के बीच गहराता जा रहा है। विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, राज्य में बेरोजगारी दर लगभग 11.4% के आसपास बताई गई है, जो कई अन्य राज्यों की तुलना में अधिक है। इसके साथ ही यह भी देखा गया है कि नियमित और स्थायी नौकरियों की भारी कमी है, जिसके कारण बहुत से लोग अस्थायी या अनियमित काम करने को मजबूर हैं। हाल के वर्षों में युवाओं में बेरोजगारी की दर फिर से बढ़कर लगभग 16% तक पहुंचने की खबरें सामने आई हैं, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाती हैं।

यहां बेरोजगारी की समस्या का सबसे बड़ा कारण रोजगार के सीमित अवसर और कौशल के अनुसार काम का अभाव है। बिहार की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जहां लगभग 54% से अधिक लोग कृषि से जुड़े हुए हैं, लेकिन कृषि कार्य मौसमी होने के कारण पूरे वर्ष रोजगार उपलब्ध नहीं रहता। इसके परिणामस्वरूप ग्रामीण युवाओं को वर्ष के कई महीनों में खाली बैठना पड़ता है या फिर उन्हें दूसरे राज्यों जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और महाराष्ट्र की ओर पलायन करना पड़ता है।

बिहार के उत्तरी भाग, विशेषकर सीतामढ़ी और मिथिला क्षेत्र, अपनी पारंपरिक हस्तकलाओं के लिए पूरे देश में प्रसिद्ध रहे हैं। मिथिला क्षेत्र की मधुबनी पेंटिंग जहां भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों तक अपनी पहचान बना चुकी है। वहीं सीतामढ़ी और उसके आसपास के क्षेत्र की हस्तकलाएं जैसे सिक्की घास से बनी टोकरियां, बांस से बनी हस्तशिल्प, लकड़ी के खिलौने और मिट्टी के बर्तन जैसी कई पारंपरिक कलाएं भी पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी पहचान बनाए हुए हैं।

इन कलाओं में स्थानीय संसाधनों का उपयोग किया जाता है, जिससे पर्यावरण को भी नुकसान नहीं होता, लेकिन आज इन पारंपरिक हस्तकलाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती है। बाज़ार की कमी और उचित मूल्य का अभाव। कई बार कारीगरों को महीनों की मेहनत के बाद भी इतना पैसा नहीं मिलता कि वे अपने परिवार का खर्च आसानी से चला सकें। नई पीढ़ी इन कलाओं से दूरी बनाने लगी है, क्योंकि उन्हें भविष्य सुरक्षित नहीं दिखता।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

खोज



# ऐसे हुई एसी की खोज

एयर कंडीशनर (AC) का मुख्य कार्य कमरे के तापमान को नियंत्रित करना और वातावरण को आरामदायक बनाना होता है। यह गर्म हवा को बाहर निकालकर ठंडी हवा अंदर पहुंचाता है, जिससे कमरे में ठंडक बनी रहती है। आज के आधुनिक AC सिर्फ ठंडक ही नहीं देते, बल्कि हीटिंग और एयर प्यूरीफिकेशन जैसी सुविधाएं भी प्रदान करते हैं। AC की क्षमता को British Thermal Unit (BTU) में मापा जाता है, जो इसकी कूलिंग क्षमता को दर्शाता है।

एयर कंडीशनर का आविष्कार विलिस हेवलैंड कैरियर ने वर्ष 1902 में किया था। वे कॉर्नेल यूनिवर्सिटी से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद Buffalo Forge Company के प्रिंटिंग प्लांट में कार्यरत थे। वहां अधिक गर्मी और नमी के कारण अखबार की छपाई में समस्या आ रही थी, विशेषकर रंगीन स्याही सही ढंग से कागज पर नहीं बैठती थी। इस चुनौती को हल करने के लिए कैरियर ने एक ऐसी मशीन विकसित की, जो तापमान और नमी दोनों को नियंत्रित कर सके। उनका यह आविष्कार सफल रहा और प्रिंटिंग प्रक्रिया में सुधार आया।

2 जनवरी 1906 को कैरियर को उनके इस आविष्कार के लिए अमेरिकी पेटेंट (नंबर 808897) प्राप्त हुआ। शुरुआती AC मशीनें आकार में बहुत बड़ी थीं और केवल उद्योगों में ही उपयोग की जा सकती थीं। बाद में तकनीक के विकास के साथ इन्हें छोटे आकार में बनाया जाने लगा।

साल 1915 में कैरियर ने एयर कंडीशनिंग के क्षेत्र में उत्पादन को बढ़ाने के लिए कंपनी स्थापित की। इसके बाद 1931 में H. H. Schultz और J. Q. Sherman ने विंडो AC का आविष्कार किया, जिसे 1932 में बाजार में उतारा गया। उस समय इसकी कीमत काफी अधिक थी, जिससे यह आम लोगों की पहुंच से दूर था। समय के साथ एयर कंडीशनर तकनीक में निरंतर सुधार हुआ है और आज यह हमारे दैनिक जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

## वैज्ञानिक बारे में



विलिस हेवलैंड कैरियर का जन्म 26 नवंबर 1876 को Angola, न्यूयॉर्क में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और गणित में रुचि रखने वाले थे। उनकी माता ने उन्हें कठिन समस्याओं को सरल तरीकों से समझना सिखाया, जिसका प्रभाव उनके पूरे जीवन पर पड़ा। उन्होंने Cornell University से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की। कैरियर का स्वभाव शांत और शोधपरक था। उन्होंने अपना अधिकांश जीवन वैज्ञानिक कार्यों और आविष्कारों को समर्पित किया। 1950 में उनका निधन हुआ, लेकिन उनके योगदान आज भी दुनिया को ठंडक पहुंचा रहे हैं।

# चिंपैंजियों के बीच चल रहा है खूनी गृहयुद्ध



दुनिया के एक हिस्से में एक ऐसी जंग भी हो रही है, जिसमें सीजफायर कराने वाला कोई नहीं है। ये ईरान, इजराइल या अमेरिका के बीच युद्ध नहीं है, बल्कि ये अफ्रीकी देश युगांडा के जंगलों में चल रहा है और इस युद्ध में इंसान नहीं, बल्कि चिंपैंजी लड़ रहे हैं। वैसे तो यह युद्ध पिछले आठ सालों से लगातार चल रहा है, लेकिन अप्रैल 2026 में यह तब प्रकाश में आया जब वैज्ञानिकों ने पश्चिमी यूगांडा (पूर्वी अफ्रीका) के किबाले नेशनल पार्क (नगोगो क्षेत्र) में चिंपैंजी के बीच एक बहुत खूनी 'सिविल वार' (आंतरिक युद्ध) की रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसे मीडिया में 'ब्लडियस वार ऑन रिकार्ड' या 'प्राइमेट सिविल वार' कहा जा रहा है। यहां दुनिया का सबसे बड़ा ज्ञात जंगली चिंपैंजी समूह है, जिसमें लगभग 200 सदस्य। शोधकर्ता इसे 1995 से अध्ययन कर रहे हैं।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक



## वैज्ञानिक विश्लेषण

चिंपैंजी यानी वनमानुष, जिसे आम बोलचाल की भाषा में कभी-कभी चिम्प भी कहा जाता है, का वैज्ञानिक नाम पैन ट्रोग्लोडाइट्स है। यह होमिनीडे परिवार का सदस्य है। चिंपैंजी मनुष्यों से कई व्यावहारिक और संज्ञानात्मक लक्षण साझा करते हैं, जैसे हंसी, दुख, सहानुभूति और औजार उपयोग। ये विशेषताएं उन्हें वैज्ञानिक अध्ययन (प्राइमेटोलॉजी) के लिए बहुत महत्वपूर्ण बनाती हैं। इनके सबसे निकटतम रिश्तेदार हैं बोनोबो और मनुष्य। मनुष्यों के साथ डीएनए समानता लगभग 98.7 प्रतिशत है। दोनों का एक साझा पूर्वज लगभग 6-7 मिलियन वर्ष पहले था। चिंपैंजी औजारों का उपयोग करते हैं, जैसे छड़ियों से दीमक निकालना, पत्थर से नट तोड़ना आदि। जेन गुडॉल ने 1960 में सबसे पहले इसका अवलोकन किया था, जिसमें उन्होंने समस्या समाधान, योजना बनाना, स्मृति, संकेत भाषा सीखना और संख्याओं की समझ का अध्ययन साझा किया। ये शिकार करते हैं, कभी-कभी युद्ध और हिंसा भी दिखाते हैं।

## गृहयुद्ध के कारण

चिंपैंजी के युद्ध का वैज्ञानिकों को सटीक कारण अभी पता नहीं है। चिंपैंजियों के बीच छिड़े इस गृहयुद्ध के पीछे तीन बड़ी वजहें बताई जा रही हैं। पहली है चिंपैंजियों की बढ़ती जनसंख्या। साल 2016 तक किबाले नेशनल पार्क में चिंपैंजियों के गुटों में सदस्यों की संख्या 200 के पार पहुंच गई थी, इतनी आबादी की वजह से खाने के संसाधनों को लेकर तनाव पैदा होने लगा था। दूसरी बड़ी वजह थी 2017 में जंगलों में आया एक वायरस, जिससे बुजुर्ग चिंपैंजियों की बड़ी तादाद में मौत हो गई थी। बुजुर्गों की मौत के बाद बड़े गुटों में कई अल्फा मेल यानी गुट का नेतृत्व करने वाले चिंपैंजी बन गए थे। इसी तीसरे कारण के चलते चिंपैंजियों के गुट ज्यादा क्षेत्र कब्जाने के लिए लड़ने लगे और यह गृहयुद्ध छिड़ गया। बीते दिनों यहां शुरुआत में आपसी टकराव के चलते पच्चीस चिंपैंजियों की मौत हुई थी और इन मौतों के बाद से ये कथित गृहयुद्ध बढ़ता चला गया और ये आज तक जारी है। आपके मन में एक सवाल उठ रहा होगा कि आखिर चिंपैंजी गृहयुद्ध कैसे करते हैं? क्या चिंपैंजी भी कोई रणनीति बनाते हैं? क्या चिंपैंजियों के पास भी इंसानों की तरह हथियार होते हैं? चिंपैंजी और इंसान के डीएनए में अधिकांश समानता होती है। यही वजह है कि जब चिंपैंजी जंग करने उतरता है, तो वो इंसानों की तरह रणनीति भी बनाता है। चिंपैंजी अपने शत्रु की आवाजाही के रास्ते को देखते और समझते हैं। जब शत्रु कम संख्या में अपने पारंपरिक रास्ते से गुजर रहा होता है, तो बड़ा दल बनाकर चिंपैंजी उस पर हमला कर देते हैं, बिल्कुल इंसानों की तरह। खास बात ये है कि हमले के वक्त आक्रामक दल के कुछ चिंपैंजी उन रास्तों को बंद कर देते हैं, जहां से दुश्मन के भागने की संभावना हो, जो एक खूनी संघर्ष को जन्म देता है।



## मानव युद्ध की जड़ों की समझ

चिंपैंजी हमारे सबसे करीबी रिश्तेदार हैं। शोधकर्ता 30$ साल के डेटा से यह अध्ययन साइंस जर्नल में प्रकाशित की। 24 वर्षों के सामाजिक नेटवर्क डेटा से पता चला कि 2015 में दो क्लस्टर के बीच संबंध कमजोर पड़ने लगे। पहले वे एक-दूसरे के साथ घूमते, संभोग करते और संबंध रखते थे। बाद में वे अलग-अलग क्षेत्र में रहने लगे और 2018 तक कोई सकारात्मक संबंध नहीं बचा। "पुराने दोस्त दुश्मन बन गए", यह रिलेशनल डायनेमिक्स (संबंधों की गतिशीलता) का परिणाम माना जाता है। शोधकर्ताओं का कहना है कि चिंपैंजी में यह हिंसा बिना भाषा, धर्म, जाति या विचारधारा के सिर्फ सामाजिक संबंधों के टूटने से हुई। इससे मानव युद्ध की जड़ें समझने में मदद मिल सकती है, शायद संबंधों की गतिशीलता मानव संघर्ष में भी ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जितना हम सोचते हैं। वैज्ञानिक लगातार निगरानी कर रहे हैं।

## क्या कहते हैं वैज्ञानिक अध्ययन

साइंस जर्नल में प्रकाशित एक नए अध्ययन में प्राइमेटोलॉजिस्ट आरोन सैंडेल और उनके सहयोगियों ने जंगली चिंपैंजी में देखे गए पहले 'गृह युद्ध' का दस्तावेजीकरण किया है। जून 2015 में सैंडेल युगांडा के किबाले राष्ट्रीय उद्यान में न्गोगो चिंपैंजी समूह के एक छोटे से झुंड का अवलोकन कर रहे थे, तभी उन्होंने देखा कि जैसे ही चिंपैंजी के बड़े समूह के अन्य सदस्य जंगल में उनके करीब आने लगे, उनके सामने मौजूद चिंपैंजी घबराए हुए व्यवहार करने लगे। वे मुंह बनाने लगे और एक-दूसरे को तसल्ली देने के लिए छूने लगे, ऐसा लग रहा था जैसे वे किसी अजनबी से मिलने वाले हों, जबकि वे सब उनके अपने करीबी साथी थे। सैंडेल ने बाद में कहा कि वह क्षण चिंपैंजी के एक कभी घनिष्ठ समूह के बीच वर्षों तक चलने वाले खूनी संघर्ष का पहला संकेत था। शोधकर्ताओं ने दुनिया में जंगली चिंपैंजी के सबसे बड़े ज्ञात समूह में स्थायी विभाजन का पता लगाने के लिए चिंपैंजी के इस सुप्रसिद्ध समूह के तीन दशकों से अधिक के व्यवहार संबंधी अवलोकनों का सहारा लिया। दोनों समूहों के मजबूत होने के बाद, पश्चिमी समूह के सदस्यों ने अगले सात वर्षों में केंद्रीय समूह पर चौबीस लगातार और समन्वित हमले किए, जिनमें कम से कम सात वयस्क पुरुषों और सत्रह शिशुओं की मौत हो गई। सैंडेल ने बताया कि अचानक मृत्यु ने संभवतः मोहल्लों के बीच संबंधों को कमजोर कर दिया, जिससे अल्फा परिवर्तन होने पर यह समूह ध्रुवीकरण के प्रति संवेदनशील हो गया। फिर 2017 में एक बीमारी का प्रकोप भी हुआ, जिसने संभवतः विभाजन को अपरिहार्य बना दिया या इसे थोड़ा तेज कर दिया। अध्ययन में बताया गया है कि आनुवंशिक साक्ष्यों के आधार पर, चिंपैंजी के बीच ये गृहयुद्ध संभवतः हर 500 वर्षों में एक बार होते हैं यानी 500 सालों में चिंपैंजियों की आबादी ज्यादा हो जाती है और फिर आपसी तनाव और खून-खराबे का दौर शुरू होता है, लेकिन सैंडेल ने कहा कि कोई भी मानवीय गतिविधि जो सामाजिक एकता को बाधित करती है, जैसे वनों की कटाई, जलवायु संकट या बीमारियों का प्रकोप, ऐसे अंतर-समूह संघर्षों को और अधिक सामान्य बना सकती है।

मरीन लाइफ

# समुद्री संतुलन के रक्षक



समुद्री देवदूत छोटे, तैरने वाले समुद्री घोंघे होते हैं, जिन्हें वैज्ञानिक रूप से Sea Angel कहा जाता है। उनका पारदर्शी, नाजुक शरीर और पंखों जैसी संरचनाएं उन्हें किसी दिव्य जीव जैसा रूप देती हैं, इसलिए इन्हें 'देवदूत' नाम मिला है। ये जीव मुख्यतः ठंडे और गहरे समुद्री जल में पाए जाते हैं, विशेष रूप से आर्कटिक और अंटार्कटिक क्षेत्रों में। समुद्री देवदूत वास्तव में Gastropods के विकसित रूप हैं। सामान्य घोंघों की तरह इनके पूर्वजों के पास कठोर खोल और रेंगने के लिए मांसल पैर होते थे, लेकिन समय के साथ इनके शरीर में अद्भुत परिवर्तन हुए। उनका पैर विकसित होकर दो पंखनुमा उपांगों में बदल गया, जिनकी मदद से वे पानी में सुंदर ढंग से तैरते हैं। साथ ही, उनका खोल पूरी तरह समाप्त हो गया, जिससे वे अधिक हल्के और तेज तैराक बन सके।

हालांकि उनका रूप बेहद आकर्षक और शांत लगता है, लेकिन उनका व्यवहार एक कुशल शिकारी का होता है। समुद्री देवदूत अपने शिकार को पकड़ने के लिए विशेष संरचनाओं का उपयोग करते हैं। इनके पास Radula नामक दांतेदार जीभ जैसी संरचना होती है, जो शिकार को पकड़ने और चीरने में मदद करती है। इसके अलावा, वे अपने टेंटेकल्स (स्पर्शक) की सहायता से शिकार को जकड़ते हैं और उसे खोल से बाहर खींच लेते हैं। इनका मुख्य शिकार एक विशेष प्रकार का पंखदार घोंघा होता है, जिसे Clione limacina कहा जाता है। यह शिकारी-शिकार संबंध समुद्री पारिस्थितिकी में संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समुद्री देवदूत अत्यधिक चयनात्मक होते हैं और लगभग केवल इसी प्रजाति पर निर्भर रहते हैं।

आज के समय में जलवायु परिवर्तन और Ocean Acidification समुद्री देवदूतों के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। महासागरों में बढ़ती अम्लता उनके शिकार के खोल को कमजोर कर देती है, जिससे उनका जीवन चक्र प्रभावित होता है। यदि उनके शिकार की संख्या घटती है, तो इसका सीधा असर समुद्री देवदूतों की आबादी पर पड़ेगा। इस प्रकार, समुद्री देवदूत न केवल अपनी सुंदरता के लिए प्रसिद्ध हैं, बल्कि वे समुद्री पारिस्थितिकी के नाजुक संतुलन का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उनका जीवन हमें यह समझाता है कि प्रकृति में सौंदर्य और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं।



वैज्ञानिक फैक्ट

# आखिर क्यों होता है पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस ज्यादा

पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस की संभावना महिलाओं की तुलना में अधिक होती है और इसका मुख्य कारण आनुवंशिकी है। रंगों को पहचानने की क्षमता हमारी आंखों के रेटिना में मौजूद विशेष कोशिकाओं, जिन्हें कोन (cones) कहा जाता है, पर निर्भर करती है। इन कोशिकाओं में मौजूद पिगमेंट प्रकाश की विभिन्न तरंगदैर्घ्य को पहचानते हैं, जिससे हमें लाल, हरा और नीला जैसे रंग दिखाई देते हैं। जब इन पिगमेंट्स में किसी प्रकार की कमी या दोष होता है, तो व्यक्ति को रंगों को पहचानने में कठिनाई होती है। विशेष रूप से, सबसे सामान्य प्रकार का रंगभेद Red-green color blindness है। इसके लिए जिम्मेदार जीन X chromosome पर स्थित होते हैं। महिलाओं के पास दो एक्स क्रोमोसोम (XX) होते हैं, जबकि पुरुषों के पास एक एक्स और एक वाई क्रोमोसोम (XY) होता है। यदि किसी महिला के एक एक्स क्रोमोसोम में कलर ब्लाइंडनेस का दोषपूर्ण जीन हो, तो दूसरा स्वस्थ एक्स क्रोमोसोम उसकी भरपाई कर सकता है। यही कारण है कि महिलाओं में कलर ब्लाइंडनेस अपेक्षाकृत कम पाया जाता है। इसके विपरीत, पुरुषों के पास केवल एक ही एक्स क्रोमोसोम होता है। यदि उस पर कलर ब्लाइंडनेस से संबंधित जीन मौजूद हो, तो उसके प्रभाव को संतुलित करने के लिए कोई दूसरा एक्स क्रोमोसोम नहीं होता। परिणामस्वरूप, पुरुषों में कलर ब्लाइंडनेस होने की संभावना अधिक होती है। यही वजह है कि लगभग हर 12 में से 1 पुरुष इस समस्या से प्रभावित होता है, जबकि महिलाओं में यह अनुपात बहुत कम है। कलर ब्लाइंडनेस के कई प्रकार होते हैं, जैसे Protanopia (लाल रंग को पहचानने में कठिनाई), Deuteranopia (हरे रंग की पहचान में समस्या) और Tritanopia (नीले रंग से संबंधित दुर्लभ समस्या)। अधिकतर मामलों में यह जन्मजात होता है, लेकिन कुछ स्थितियों में उम्र बढ़ने, आंखों की बीमारियों या दवाओं के प्रभाव से भी रंग पहचानने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।

हालांकि कलर ब्लाइंडनेस का कोई स्थायी इलाज नहीं है, लेकिन आधुनिक तकनीक ने कुछ सहायक उपाय उपलब्ध कराए हैं। विशेष प्रकार के चश्मे और मोबाइल ऐप्स रंगों के अंतर को बेहतर ढंग से समझने में मदद करते हैं। इस प्रकार, कलर ब्लाइंडनेस केवल एक कमजोरी नहीं, बल्कि आनुवंशिक विविधता का एक उदाहरण है, जो यह दर्शाता है कि मानव शरीर की संरचना कितनी जटिल और रोचक है।

# चिंतनीय है पृथ्वी पर बढ़ता तापमान और सिमटते वन

पृथ्वी केवल एक खगोलीय पिंड नहीं, बल्कि जीवन की वह अद्भुत संरचना है, जिसमें असंख्य तंत्र एक साथ संतुलन में कार्य करते हैं। वायु, जल, मृदा, वनस्पति और जीव-जंतु- ये सभी मिलकर एक ऐसा पारिस्थितिक तंत्र रचते हैं, जो करोड़ों वर्षों की विकास प्रक्रिया का परिणाम है। किंतु वर्तमान समय में यह संतुलन अभूतपूर्व संकट से गुजर रहा है। मानव-जनित कारणों से पृथ्वी का तापमान निरंतर बढ़ रहा है और इसका सीधा प्रभाव वनों तथा वन्यजीवों के अस्तित्व पर पड़ रहा है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस इस संकट को समझने और उससे उबरने की दिशा में सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। जब हम इस विराट सृष्टि के स्वरूप पर विचार करते हैं, तो सबसे पहले जिस तत्व का बोध होता है, वह पृथ्वी है। यही वह धरा है, जिसने अनादि काल से समस्त जीव-जगत को अपने आंचल में स्थान दिया है। यह केवल मिट्टी, जल और पाषाण का समूह नहीं, बल्कि जीवन का आधार, चेतना का केंद्र और अस्तित्व का स्तंभ है।

भारतीय मनीषा ने पृथ्वी को 'माता' कहकर संबोधित किया और मनुष्य को उसका 'पुत्र' माना। यह संबंध केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि गहन वैज्ञानिक और दार्शनिक आधार पर टिका हुआ है। प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला पृथ्वी दिवस हमें इसी संबंध का स्मरण कराता है और यह प्रश्न उठाता है कि क्या हम अपनी माता के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वाह कर पा रहे हैं। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि औद्योगिक युग के आरंभ से अब तक पृथ्वी के औसत तापमान में लगभग 1 डिग्री से अधिक की वृद्धि हो चुकी है। यह वृद्धि भले ही नगण्य प्रतीत हो, परंतु इसके परिणाम अत्यंत व्यापक हैं। पृथ्वी की ऊष्मा संतुलन प्रणाली, जिसमें सूर्य से प्राप्त ऊर्जा और अंतरिक्ष में उत्सर्जित ऊर्जा का संतुलन शामिल है- अब असंतुलित हो रही है। वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की मात्रा बढ़ने से यह ऊष्मा पृथ्वी की सतह पर अधिक समय तक बनी रहती है, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।



डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

वर्तमान समय में वायुमंडल में कार्बन युक्त गैसों की सांद्रता ऐतिहासिक रूप से उच्च स्तर पर पहुंच चुकी है। यह वृद्धि मुख्यतः जीवाश्म ईंधनों के दहन, वनों की कटाई और औद्योगिक प्रक्रियाओं के कारण हुई है। परिणामस्वरूप, पृथ्वी की सतह, महासागरों और वायुमंडल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है। वन इस संतुलन को बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वृक्ष प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के माध्यम से वायुमंडल से कार्बन युक्त गैसों को अवशोषित करते हैं और प्राणवायु का उत्सर्जन करते हैं। तापमान वृद्धि का सीधा प्रभाव वनों की संरचना और उनकी जैव विविधता पर पड़ता है। वैज्ञानिक अध्ययनों के अनुसार, तापमान में वृद्धि के कारण अनेक वृक्ष प्रजातियां अपने पारंपरिक आवास क्षेत्रों से विस्थापित हो रही हैं। वे ऊंचाई वाले या ठंडे क्षेत्रों की ओर प्रवास कर रही हैं, जिससे वन पारिस्थितिकी तंत्र में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है।



वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि भी तापमान वृद्धि का एक गंभीर परिणाम है। उच्च तापमान, कम आर्द्रता और सूखे की स्थिति वनों को अत्यधिक ज्वलनशील बना देती है। एक बार आग लगने पर यह तेजी से फैलती है और विशाल क्षेत्रों को नष्ट कर देती है। इन आगों के कारण न केवल वृक्षों की हानि होती है, बल्कि वायुमंडल में बड़ी मात्रा में कार्बन युक्त गैसें भी उत्सर्जित होती हैं, जो तापमान वृद्धि को और बढ़ाती हैं। वन्यजीवों पर इसका प्रभाव अत्यंत गंभीर है। प्रत्येक जीव की एक तापीय सीमा होती है, जिसके भीतर वह जीवित रह सकता है। जब तापमान इस सीमा से बाहर जाता है, तो उनके शरीर की जैव-रासायनिक क्रियाएं प्रभावित होती हैं।

जल स्रोतों का सूखना इस संकट को और गहरा करता है। जंगलों में रहने वाले जीव जल के लिए लंबी दूरी तय करने को विवश हो जाते हैं, जिससे उनका जीवन और अधिक संकटग्रस्त हो जाता है। यह स्थिति कई बार मानव और वन्यजीवों के बीच संघर्ष को जन्म देती है, जो दोनों के लिए हानिकारक है। समाधान के स्तर पर हमें बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। सबसे पहले, वनों का संरक्षण और विस्तार आवश्यक है। वृक्षारोपण केवल संख्या बढ़ाने का प्रयास नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहिए कि लगाए गए वृक्ष दीर्घकाल तक जीवित रहें और पारिस्थितिक संतुलन में योगदान दें। इसमें समाज और शासन की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। पर्यावरण संरक्षण के लिए कठोर नियम बनाए जाने चाहिए और उनका पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से लोगों में जागरूकता फैलाना आवश्यक है, ताकि वे अपने कर्तव्यों को समझ सकें।

## जैव विविधता की स्थिति

वन्यजीव इस तंत्र की दूसरी महत्वपूर्ण कड़ी हैं। वे बीजों के प्रसार में सहायक होते हैं, जिससे नए वृक्षों का जन्म होता है। वे खाद्य श्रृंखला का हिस्सा होते हैं, जिससे विभिन्न जीवों की संख्या संतुलित रहती है। यदि यह संतुलन बिगड़ता है, तो इसका प्रभाव पूरे पर्यावरण पर पड़ता है।

तापमान वृद्धि के कारण जल स्रोतों का सूखना भी वन्यजीवों के लिए एक बड़ी चुनौती है। वैज्ञानिक अध्ययनों से यह ज्ञात हुआ है कि वैश्विक ताप वृद्धि के साथ-साथ वर्षा के पैटर्न में भी परिवर्तन हो रहा है। इससे अनेक क्षेत्रों में सूखे की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे जल स्रोत समाप्त हो रहे हैं। जल के अभाव में वन्यजीवों को लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उनकी ऊर्जा खपत बढ़ती है और वे अधिक जोखिम में आ जाते हैं।

जैव विविधता के संदर्भ में भी यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि वर्तमान समय में प्रजातियों के विलुप्त होने की दर प्राकृतिक दर से कई गुना अधिक हो गई है। यह संकेत करता है कि हम एक ऐसे कालखंड में प्रवेश कर चुके हैं, जहां व्यापक स्तर पर जैव विविधता का ह्रास हो रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति दुतेर्ते पर चलेगा मुकदमा

**द हेग।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते पर मानवता के विरुद्ध अपराधों के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा। आरोप है कि दुतेर्ते के कार्यकाल के दौरान मादक पदार्थ-रोधी अभियानों में कार्रवाई के नाम पर अत्याचार किए गए। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने सर्वसम्मति से पाया कि यह मानने के लिए पर्याप्त आधार हैं कि पहले दक्षिणी फिलीपींस के दवाओ शहर के महापौर के रूप में और फिर राष्ट्रपति पद पर रहते हुए दुतेर्ते दर्जनों हत्याओं के लिए जिम्मेदार थे। दुतेर्ते (80) को पिछले साल फिलीपींस में गिरफ्तार किया गया था और उनके स्वास्थ्य को लेकर चिंताओं के कारण अदालती कार्यवाही में देरी हुई है।

### नेपाल: राष्ट्रपति पौडेल ने बुलाए बिना संसद सत्र स्थगित किया

**काठमांडू।** नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने संसद के दोनों सदनों का सत्र बिना बुलाए ही बृहस्पतिवार को स्थगित कर दिया। पौडेल ने 21 अप्रैल को मंत्रिमंडल की सिफारिश पर 30 अप्रैल को संसद का सत्र बुलाया था। राष्ट्रपति कार्यालय के प्रवक्ता रितेश कुमार शाक्य ने बताया कि नेपाल सरकार और मंत्रिमंडल की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने प्रतिनिधि सभा और राष्ट्रीय सभा के सत्र को स्थगित करने के लिए विशेष कारणों का हवाला दिया। संसद सत्र को आहूत किये बिना स्थगित करने के फैसले को लेकर कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। संसद के सबसे वरिष्ठ सदस्य और नेपाली कांग्रेस के नेता अर्जुन नरसिंह केसी ने कहा कि संसद सत्र को बुलाए बिना ही स्थगित करने का सरकार का निर्णय अभूतपूर्व और हतप्रभ करने वाला है।

### अवैध बर्खास्तगी पर 45 लाख रुपये का मुआवजे के आदेश

**जयपुर।** राजस्थान में जयपुर में श्रम न्यायालय ने रेलवे स्टेशन रोड स्थित पांच सितारा होटल राजपूताना शेरेटन से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। न्यायाधीश दिनेश कुमार गुप्ता ने दो कर्मचारियों की सेवा समाप्ति को अवैध करार देते हुए होटल प्रबंधन को एकमुश्त 45 लाख रुपये मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। हालांकि अदालत ने कर्मचारियों को पुन: नौकरी पर बहाल करने के बजाय आर्थिक क्षतिपूर्ति को उचित माना। ये दोनों मामले विद्याधर नगर निवासी शैलेन्द्र कुमार और बनीपार्क निवासी अजय बहादुर द्वारा दायर किए गए थे। दोनों श्रमिकों की ओर से एडवोकेट कुणाल रावत ने पैरवी की।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगों को हटाने में लग सकता है छह महीने का वक्त: पेंटागन

## वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रहने की आशंका उच्चस्तर तक पहुंची

वाशिंगटन, एजेंसी

पेंटागन ने अमेरिकी सांसदों को चेतावनी दी है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने तक का समय लग सकता है। इस चेतावनी के बाद वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में लंबे समय तक व्यवधान की संभावना सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई है। हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग से परिचित अधिकारियों के अनुसार इस समयसीमा से फरवरी के अंत में युद्ध की शुरुआत के बाद से ईरान की ओर से तैनात की गई बारूदी सुरंगों को हटाने की जटिलता का पता चलता है।

सांसदों को बताया गया कि तेहरान ने जलडमरूमध्य में और उसके आसपास कम से कम 20 सुरंगें बिछाई होंगी, जिनमें से कुछ जीपीएस सक्षम प्रणालियों से लैस हैं जो उन्हें बहने या दूर से स्थित किए जाने की अनुमति देती हैं। इस कारण उनका पता लगाना और उन्हें हटाना कहीं अधिक कठिन हो जाता है। इस सप्ताह की शुरुआत में हाउस आर्म्ड सर्विसेज कमेटी के सदस्यों के लिए एक गोपनीय ब्रीफिंग में साझा किए गए पेंटागन के आकलन के अनुसार युद्ध समाप्त होने के बाद ही इस तरह की कोई कार्रवाई शुरू होने की संभावना है। होर्मुज जलडमरूमध्य, समुद्री ऊर्जा आपूर्ति के सबसे महत्वपूर्ण मार्गों में से एक है जहां से आमतौर पर विश्व की तेल आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा गुजरता है, जो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कुल ऊर्जा आपूर्ति का 20 प्रतिशत है। इस मार्ग के बंद होने से ऊर्जा बाजारों में पहले ही हलचल मच गई है, जलडमरूमध्य में टैंकरों का आवागमन पहले की तुलना में काफी कम हो गया है, जबकि तेल और गैस की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं।

### फिर गलत साबित हुआ ट्रंप का दावा

इस ब्रीफिंग ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया दावों का पुरजोर खंडन किया कि ईरान ने पहले ही उस क्षेत्र से बारूदी सुरंगें हटाना शुरू कर दिया है। इसके विपरीत, पेंटागन के आंतरिक आकलन से पता चलता है कि यह प्रक्रिया कहीं अधिक लंबी और तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण है, जिससे रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों दलों के सांसद नाराज हैं। मौजूदा व्यवधानों के अनिश्चितकालीन विस्तार से आने वाले महीनों में तेल और गैस की कीमतें ऊंची बनी रह सकती हैं, जिसका असर मुद्रास्फीति और घरेलू ईंधन लागत पर भी पड़ेगा। पिछले सप्ताह होर्मुज को कुछ समय के लिए फिर से खोला गया था, लेकिन ईरान द्वारा वाशिंगटन पर नौसैनिक नाकाबंदी जारी रखकर प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन करने का आरोप लगाने के बाद इसे तुरंत फिर बंद कर दिया गया।



मिनाब के बच्चे अब भी चित्र बनाते हैं... शीर्षक पर नई दिल्ली में ईरानी दूतावास की आयोजित की प्रदर्शनी।

### ईरान ने होर्मुज से पहली बार वसूला टोल

**तेहरान।** ईरानी संसद के उप अध्यक्ष हामिद रेजा हाजी बाबाई ने कहा कि देश के केंद्रीय बैंक को नवगठित होर्मुज टोल प्रणाली से अपना पहला राजस्व प्राप्त हुआ है। पिछले महीने ईरानी संसद के सुरक्षा आयोग ने रणनीतिक जलमार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर परिवहन शुल्क लगाने की योजना को मंजूरी दी थी। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसे दुनिया के लिए खतरनाक बताया था।

### बर्लिन में रजा पहलवी पर फेंका लाल रंग

**बर्लिन।** ईरान के निर्वासित युवराज रजा पहलवी पर बृहस्पतिवार को बर्लिन की एक इमारत से बाहर निकलते समय लाल रंग का तरल पदार्थ फेंका गया। यह घटना जर्मनी के संघीय प्रेस कॉन्फ्रेंस भवन के बाहर तब हुई जब पहलवी संवाददाता सम्मेलन करके बाहर निकल रहे थे।

### सेंटकॉम ने 31 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन।** ईरान के खिलाफ अपनी समुद्री घेराबंदी को और सख्त करते हुए अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने गुरुवार को पुष्टि की कि उसने ईरान के विरुद्ध अमेरिकी घेराबंदी के हिस्से के रूप में 31 जहाजों को बंदरगाह पर लौटने का निर्देश दिया है। इन जहाजों में अधिकांश तेल टैंकर बताए जा रहे हैं।

### ट्रंप ने होर्मुज में बारूदी सुरंगे बिछा रही नावें नष्ट करने का दिया आदेश

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुबह सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अमेरिकी सेना को होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने वाली छोटी ईरानी नावों को नष्ट करने का आदेश दिया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से बारूदी सुरंगों को हटाने के प्रयास तेज कर रही है। उन्होंने पोस्ट किया, 'मैंने अमेरिकी नौसेना को आदेश दिया है कि होर्मुज के पानी में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव, चाहे वह छोटी ही क्यों न हो, उसे गोली मारकर नष्ट कर दिया जाए। उन्होंने लिखा, हमारे बारूदी सुरंग हटाने वाले यंत्र इस समय जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। मैं यह कार्य तीन गुना अधिक रफ्तार से जारी रखने का आदेश देता हूं।

# ईरान युद्ध अमेरिका की सेना पर भारी अब नौसेना प्रमुख ने दिया त्यागपत्र

वाशिंगटन, एजेंसी



● रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से थे मतभेद, होर्मुज की नाकेबंदी की चुनौती के बीच पद छोड़ा

ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के एक और वरिष्ठ सैन्य अफसर ने त्यागपत्र दे दिया है। ताजा इस्तीफा अमेरिकी नौसेना प्रमुख जॉन सी फेलन का है जिनके बारे में अमेरिका के युद्ध विभाग ने बयान जारी किया है कि वह तत्काल प्रभाव से पद छोड़ रहे हैं। इसके बाद उप प्रमुख हंग काओ नौसेना के कार्यवाहक प्रमुख के रूप में सेवा देंगे।

फेलन की विदाई कई लोगों के लिए आश्चर्यजनक रही। उनके संबंध युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ के साथ ठीक नहीं थे, हालांकि बताया जा रहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उनके संबंध अच्छे थे। एक सूत्र ने कहा, फेलन यह नहीं समझ पाए कि वह सर्वोच्च अधिकारी नहीं थे। उनका काम दिए गए आदेशों का पालन करना था, न कि उन आदेशों का पालन करना जो उनके अनुसार दिए जाने चाहिए। फेलन ने मंगलवार को नौसेना के भविष्य और गोल्डन फ्लीट पहल सहित इसके प्रमुख निवेशों पर चर्चा करने के लिए संवाददाताओं से बात की थी।

फेलन का त्यागपत्र उस महत्वपूर्ण मोड़ पर आया है, जब अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर ईरानी बंदरगाहों में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले सभी समुद्री यातायात की घेराबंदी शुरू कर दी है। दुनिया के तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का लगभग 20 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है।

### संकट: अमेरिका की सेना में एक के बाद एक इस्तीफे

ईरान युद्ध शुरू होने के बाद सबसे चर्चित और बड़ा इस्तीफा नेशनल काउंटर टेररिज्म सेंटर के निदेशक जो केंट का था जिन्होंने यह कहते हुए त्यागतपत्र दिया था कि ट्रंप ने इजराइल के दबाव में ईरान पर हमला किया है और वह इस युद्ध का अंतरात्मा से समर्थन नहीं कर सकते। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस को इसलिए हटाया गया था क्योंकि उनकी रिपोर्ट ने राष्ट्रपति के दावों के विपरीत बताया था कि अमेरिकी हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को केवल कुछ महीनों का नुकसान हुआ है। अब सेना प्रमुख जनरल रैंडी जॉर्ज को भी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ के निर्देश पर पद छोड़ने के लिए कह दिया गया था। जॉन फेलन को हटाए जाने को भी ईरान युद्ध की रणनीतियों से जोड़कर देखा जा रहा है।

## अमेरिकी नौसेना ने किया ईरान से जुड़े एक और तेल टैंकर को जब्त कर अपने कब्जे में लेने का दावा

**दुबई।** अमेरिकी सेना ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उसने ईरान से जुड़ा एक और तेल टैंकर जब्त किया है, जिसका इस्तेमाल ईरानी तेल की तस्करी के लिए किया जा रहा था। अमेरिकी रक्षा विभाग ने कहा कि उसने हिंद महासागर में तेल टैंकर मैजेस्टिक एक्स को जब्त किया है। यह घटना ईरान द्वारा बुधवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में तीन मालवाहक जहाजों पर हमला करने और उनमें से दो को अपने कब्जे में लेने के बाद हुई है। रक्षा विभाग ने तेल टैंकर को जब्त करने का फुटेज जारी किया, जिसमें जहाज पर अमेरिकी सैनिक दिखाई दे रहे हैं।

# लुफ्थांसा एयरलाइन ने रद्द कीं 20,000 उड़ानें

## ईंधन संकट की मार, सहायक कंपनी सिटीलाइन को भी किया बंद

लास वेगास, एजेंसी

लुफ्थांसा एयरलाइंस और अन्य यूरोपीय एयरलाइन का मालिकाना हक रखने वाली जर्मन कंपनी ने मंगलवार को ईरान युद्ध के कारण तेल की कीमतों में वृद्धि और कुछ देशों में विमान ईंधन की कमी की चिंताएं गहराने के मद्देनजर अक्टूबर तक छोटी दूरी की 20,000 उड़ानों में कटौती करने की घोषणा की। लुफ्थांसा समूह के मुताबिक कम मुनाफे वाले मार्गों की उड़ानों को रद्द करने से लगभग 40,000 मीट्रिक टन विमान ईंधन के बराबर बचत होगी।



● कम मुनाफे वाली इन उड़ानों को रद्द करने से होगी 40,000 हजार मीट्रिक टन ईंधन की बचत

कंपनी ने पिछले सप्ताह लागत कम करने के लिए अपनी एक क्षेत्रीय सहायक कंपनी सिटीलाइन को बंद कर दिया। कंपनी ने कहा कि उसने योजनाबद्ध तरीके से कई केंद्रों का एकीकरण किया है जिसमें लुफ्थांसा एयरलाइन, ऑस्ट्रियन एयरलाइन, ब्रसेल्स एयरलाइन, स्विस और आईटीए एयरवेज के साथ-साथ ब्रसेल्स, रोम, वियना और ज्यूरिख में स्थित केंद्र भी शामिल होंगे। फरवरी के अंत में जब अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले किए तब से कुछ बाजारों में विमान ईंधन की कीमत दोगुनी से भी अधिक हो गई है। यात्रियों पर इसका असर पहले से दिख रहा है जो कुछ मार्गों पर उड़ान विकल्पों में कमी और गर्मियों के मौसम में बढ़ते शुल्क तथा किराए में वृद्धि के रूप में देखा जा सकता है, वहीं कई एयरलाइन बैग जांच के शुल्क में वृद्धि कर रही हैं या ईंधन अधिभार जोड़ रही हैं।

ईरान युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास जारी लड़ाई ने दुनिया भर में ईंधन की कीमतों और आपूर्ति को बाधित कर दिया है। लुफ्थांसा ने कहा कि उसने आने वाले हफ्तों के लिए पर्याप्त जेट ईंधन सुरक्षित कर लिया है और गर्मियों के दौरान अपनी ईंधन आपूर्ति को स्थिर रखने के लिए विभिन्न उपायों पर काम कर रही है जिसमें जेट ईंधन की भौतिक खरीद भी शामिल है।लुफ्थांसा एयरलाइन परिचालन में कटौती करने वाली अकेली एयरलाइन नहीं है।

## अमेरिका हार मान लेने तक बातचीत नहीं : हाजी बाबाई

**तेहरान।** ईरान के सांसद हामिद रजा हाजी बाबाई ने कहा है कि जब तक अमेरिका अपनी हार स्वीकार नहीं करता, तब तक उससे किसी भी प्रकार की वार्ता संभव नहीं है।

ईरानी संसद के उपाध्यक्ष हाजी बाबाई ने क्षेत्रीय देशों को चेतावनी देते हुए कहा कि वे ईरान के खिलाफ किसी हमले में सहयोग न करें। जो देश आतंकी गतिविधियों को सुविधाएं देंगे, उनके हवाई अड्डों, होटलों और यहां तक कि नेतृत्व को भी निशाना बनाया जा सकता है। ये बयान ऐसे समय आए हैं, जब ईरान पर इजराइल व अमेरिकी हमलों के बावजूद उसकी सैन्य क्षमता बरकरार बताई जा रही है।

## नोटबंदी में जब्त दो लाख रुपये मूल्य के नोट बदले रिजर्व बैंक : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट की नागपुर पीठ ने भारतीय रिजर्व बैंक को नोटबंदी के दौरान एक व्यक्ति से जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोट बदलने के निर्देश दिए हैं, जिन्हें उसे नोट बदलने के लिए निर्धारित अवधि के बाद लौटाया गया था।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के और न्यायमूर्ति निवेदिता मेहता की पीठ ने आदेश में कहा कि व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि पुलिस ने उसके पास मौजूद नोट चलन से बाहर किए गए नोटों को बदलने की अंतिम तिथि से पहले ही जब्त कर लिए थे और ये नोट उस अवधि के खत्म होने तक पुलिस के कब्जे में थे। पीठ ने गिरीश मलानी की याचिका को स्वीकार करते हुए आरबीआई को नोटबंदी के दौरान उससे जब्त किए गए दो लाख रुपये मूल्य के 500 रुपये के नोटों को बदलने के निर्देश दिए। मलानी ने अपनी याचिका में कहा था कि वह एक दिसंबर 2016 को 500 रुपये के 400 नोटों के साथ माहुर की ओर जा रहा था, तभी नगरपालिका चुनावों के मद्देनजर पुलिस गश्ती दल ने उसके वाहन को रोका और एहतियात के तौर पर दो लाख रुपये नकद जब्त कर माहुर थाने में जमा करा दिए।

# भारत की विदेश नीति में अफ्रीका अहम

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि आज भारत की विदेश नीति में अफ्रीका का अहम स्थान है और नई दिल्ली का अफ्रीका के साथ संबंध समानता, परस्पर सम्मान और साझा प्रगति के सिद्धांतों पर आधारित एक स्पष्ट दृष्टिकोण से निर्देशित है।

जयशंकर ने आगामी 'भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन-4' के लोगो, थीम और वेबसाइट के अनावरण के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए कहा, हम यहां भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन ढांचे के माध्यम से भारत और अफ्रीका के बीच स्थायी साझेदारी में एक नया अध्याय शुरू करने के लिए एकत्रित हुए हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-अफ्रीका संबंध हमारे सभ्यतागत संबंधों पर आधारित हैं, जो सदियों से सांस्कृतिक आदान-प्रदान और लोगों के बीच संबंध के माध्यम से विकसित हुए हैं। उन्होंने कहा, उपनिवेशवाद के खिलाफ संघर्ष में भारत ने अफ्रीकी देशों के प्रति एकजुटता दिखाई थी और इससे हमारे संबंध और मजबूत हुए।





● भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन के लोगो के अनावरण पर हुई सभा में बोले जयशंकर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम की कहानी अफ्रीका से भी गहराई से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा, संघर्ष, एकजुटता, लचीलेपन और आकांक्षाओं का हमारा साझा इतिहास हमारी साझेदारी को आकार देता है। जयशंकर ने कहा कि आज अफ्रीका भारत की विदेश नीति में अहम स्थान रखता है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि विकसित भारत 2047 की परिकल्पना और अफ्रीका का ''एजेंडा 2063'' सतत विकास और समावेशी विकास के माध्यम से समृद्धि और प्रगति की दिशा में पूरक रोडमैप हैं। जयशंकर ने यह भी कहा कि कई उच्च स्तरीय वार्ताओं के साथ भारत और अफ्रीका के बीच प्रमुख स्तंभों पर संबंध मजबूत हुए हैं, और भारत वैश्विक व्यवस्था में अफ्रीका के उचित स्थान का समर्थन कर रहा है।

मंत्री ने कहा कि इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम 2023 में भारत की जी20 की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ को समूह में शामिल करना था। उन्होंने कहा, यह हमारे इस दृढ़ विश्वास को दर्शाता है कि आने वाले समय में वैश्विक शासन को दिशा देने में ग्लोबल साउथ की आवाजों का विशेष महत्व होगा।

# दो पाकिस्तानी चीनी स्पेस स्टेशन जाने वाले पहले विदेशी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ़ ने चीन के अंतरिक्ष मिशन के लिए चयनित पाकिस्तानी अंतरिक्ष यात्रियों खुर्रम दाऊद और मोहम्मद जीशान अली से गुरुवार को मुलाकात कर उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पाकिस्तान की अंतरिक्ष एजेंसी सुपारको की अंतरिक्ष यात्री आताशी हस्नान इफ्तिखार भी उपस्थित थीं।

● दोनों से मिले शरीफ, कहा- यह मिशन पाकिस्तान की उपलब्धि

शरीफ ने अंतरिक्ष यात्रियों से कहा कि उनसे मिलना उनके लिए गर्व का विषय है और यह मिशन पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगा। शरीफ ने चीनी राजदूत के साथ बातचीत में कहा कि अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में पाकिस्तान और चीन की मित्रता नई ऊंचाइयों को छूने के लिए तैयार है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, चीन के मानव अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए विदेशी अंतरिक्ष यात्रियों के पहले समूह के चयन में पाकिस्तान के दो उम्मीदवारों का चयन किया गया है। दोनों चयनित उम्मीदवार प्रशिक्षण के लिए शीघ्र ही चीन जाएंगे और आवश्यक प्रशिक्षण तथा मूल्यांकन पूरा करने के बाद उनमें से एक को अंतरिक्ष मिशन में भेजा जाएगा।

## पाकिस्तानी विमानों पर भारत के हवाई क्षेत्र में प्रतिबंध बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत ने अपने हवाई क्षेत्र में पाकिस्तानी विमानों पर लगाए गए प्रतिबंध को मंगलवार को 24 मई तक के लिए बढ़ा दिया। प्रतिबंध में इस नए विस्तार के साथ पाकिस्तान के विमानों के लिए भारतीय हवाई क्षेत्र बंद रहने की अवधि एक वर्ष से अधिक हो जाएगी। यह फैसला 22 अप्रैल 2025 को हुए पहलगाम आतंकी हमले के कुछ दिनों बाद पहली बार लागू किया गया था।

## भ्रष्टाचार में शहबाज की बेटी-दामाद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट पर रोक

**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की बेटी और दामाद के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को निलंबित कर दिया है। अदालत के एक अधिकारी ने कहा कि लाहौर की जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश राणा आरिफ ने बुधवार को 'पंजाब साफ पानी कंपनी' से संबंधित भ्रष्टाचार मामले में राबिया इमरान और उनके पति इमरान अली यूसुफ के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट निलंबित कर दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को निष्पक्ष और न्यायसंगत सुनवाई का अधिकार है। अदालत ने 2022 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल के दौरान उनकी गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किए थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज भौतिक सुविधाओं का आनंद उठाएंगे। सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियां हो सकती हैं।

**तुला** – आज मेहनत करेंगे, तो परिणाम भी अच्छा मिलेगा। काम को लेकर जिम्मेदारी बढ़ सकती है। खुद को साबित करने का मौका मिलेगा।

**वृष** – आज किसी जरूरी सूचना या व्यक्ति से जुड़कर काम आगे बढ़ सकता है। छोटी कोशिश भी अच्छा परिणाम दे सकती है।

**वृश्चिक** – आज आपका नजरिया पॉजिटिव रहेगा। आप हर स्थिति में रास्ता निकाल लेंगे। कुछ नया सीखने या समझने का मौका मिल सकता है।

**मिथुन** – आज खर्च को लेकर सजग रहने की जरूरत है। सोच-समझकर लिया गया फैसला आगे लाभ देगा। विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं।

**धनु** – आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। किसी बात को लेकर असहज महसूस हो सकता है। धैर्य बनाए रखें।

**कर्क** – आज आपको सफलता मिलेगी। अपनी क्षमताओं का कुशल प्रयोग करेंगे। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पाएंगे।

**मकर** – आज साझेदारी पर ध्यान देना जरूरी रहेगा। संतुलन बनाए रखें। पारिवारिक मामलों को शांतिपूर्ण तरीके से निपटा लें।

**सिंह** – आज थोड़ा शांत रहकर स्थिति को समझना बेहतर रहेगा। हर बात में तुरंत प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। चीजें आपके पक्ष में होंगी।

**कुंभ** – आज सही प्राथमिकता तय करेंगे, तो दिन आपके पक्ष में रहेगा। काम का दबाव बढ़ सकता है। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

**कन्या** – आज किसी के साथ मिलकर किया गया काम सफल होगा। योजनाओं को आगे बढ़ाने का अच्छा समय है। संपर्कों से लाभ मिलने के संकेत हैं।

**मीन** – आज का दिन सकारात्मक रहेगा। आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com





**आज की ग्रह स्थिति :** 24 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, अष्टमी 19.21 तक तत्पश्चात नवमी।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- ग्रीष्म।

**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।

**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

**नक्षत्र**-पुष्य 20.14 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

### सुडोकू - 128 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 | 2 |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 4 | 7 | 8 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 |
| 6 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 1 | 8 | 5 |
| 5 | 2 | 8 | 1 | 6 | 3 | 9 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 1 | 9 | 5 | 8 | 2 | 6 | 3 |

### सुडोकू -129

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 1 | | |
| 4 | | 7 | | | | | | |
| 9 | | | | | 5 | 8 | | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | 3 | | | | | | | |
| | | 2 | 1 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 6 | | 4 |
| 5 | | | | 3 | | | | |

### ईयू ने यूक्रेन के लिए 106 अरब डॉलर का ऋण मंजूर किया

**ब्रसेल्स।** हंगरी द्वारा अपना वीटो वापस लेने के बाद, यूरोपीय संघ ने यूक्रेन को दो वर्षों के लिए आर्थिक और सैन्य जरूरतों को पूरा करने में मदद के वास्ते 106 अरब अमेरिकी डॉलर के ऋण पैकेज को मंजूरी दे दी।

ईयू ने यूक्रेन पर रूस के युद्ध को लेकर उसके खिलाफ नए प्रतिबंधों को भी मंजूरी दे दी है। इन उपायों को साल की शुरुआत में तैयार किया गया था और संघर्ष का चौथा साल पूरा होने पर फरवरी में इनकी घोषणा की जानी थी, लेकिन हंगरी और स्लोवाकिया ने इस कदम का विरोध किया।

कूटनीति

पहलगाम हमले की बरसी पर भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में अमेरिकी सांसदों ने की मांग

# जैश और लश्कर-ए-तैयबा पर कार्रवाई करे पाकिस्तान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सांसदों ने आतंकवाद के विरुद्ध वैश्विक एकजुटता का आह्वान करते हुए पाकिस्तान से लश्कर-ए-तैयबा और जैश जैसे आतंकी संगठनों पर कठोर नकेल कसने की अपील की है। वाशिंगटन डीसी स्थित कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी 'आतंकवाद की मानवीय कीमत' के दौरान सांसदों ने पहलगाम हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

पहलगाम हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित इस विशेष प्रदर्शनी में अमेरिकी कांग्रेस के 19 सदस्य और 60 से अधिक कांग्रेसी कार्यालयों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कांग्रेस के सदस्य ब्रैड शेरमन ने पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए कहा, पहलगाम हमले के लिए जिम्मेदार द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) को लश्कर-ए-तैयबा का ही हिस्सा माना जाता है, जिसे पाकिस्तान में पनाह मिली हुई है। हमें पाकिस्तान सरकार से यह स्पष्ट मांग करनी चाहिए कि वह लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों को पूरी तरह खत्म करे। हाउस रिपब्लिकन कॉन्फ्रेंस की अध्यक्ष लिसा मैकक्लेन और सांसद रिचर्ड मैककॉर्मिक ने भी इस खतरे को साझा दुश्मन बताया।



भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे अमेरिकी सांसद।

### भारत पर बड़े आतंकी हमलों को किया प्रदर्शित

डिजिटल और इंटरैक्टिव डिस्प्ले के माध्यम से इस प्रदर्शनी में 1993 के मुंबई बम धमाकों से लेकर 2008 के मुंबई हमलों और पिछले साल हुए पहलगाम हमले के विनाशकारी परिणामों को दिखाया गया। यह आयोजन उन परिवारों और समुदायों को समर्पित था जिन्होंने आतंकी हिंसा में अपने प्रियजनों को खोया है।



> मशहूर नहीं हुआ हूं, मैं वैसा ही बने रहने की कोशिश कर रहा हूं जैसा मैं पहले था। मुझे नहीं लगता कि मैं बदल गया हूं। मुझे अभी भी बहुत कुछ करना है क्योंकि यह तो बस शुरुआत है। इसलिए मैं चीजों को जितना हो सके उतना आसान रखता हूं।
> –प्रफुल हिंगे, तेज गेंदबाज, सनराइजर्स


# स्टेडियम

लखनऊ, शुक्रवार, 24 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


**IPL 2026**

**आज के मुकाबले**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

बनाम

गुजरात टाइटंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# संजू की शतकीय पारी से चेन्नई ने मुंबई को दिया 208 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : सैमसन का आईपीएल में है पांचवां शतक, बाकी बल्लेबाज रहे फ्लाप



संजू सैमसन

**101*** रन | **54** गेंद | **10** चौके | **6** छक्के

**मुंबई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (नाबाद 101) के सत्र के दूसरे शतक की मदद से बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट पर 207 रन का स्कोर खड़ा किया। सैमसन ने आईपीएल में अपने पांचवें शतक के लिए 54 गेंद खेलीं जिसमें 10 चौके और छह छक्के जडे. थे। खराब शॉट चयन और एकाग्रता की कमी के कारण सैमसन के साथी खिलाड़ी दूसरे छोर पर आउट होते रहे, लेकिन इस भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज ने संयम से खेलते हुए वानखेड़े स्टेडियम में एक और यादगार पारी खेली।

सीएसके की टीम एक समय बड़े स्कोर की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन टीम बीच के ओवरों में लड़खड़ा गई। सैमसन के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सका। मुंबई इंडियंस के लिए जसप्रीत बुमराह (31 रन देकर एक विकेट) ने पहले ओवर में कसी हुई गेंदबाजी की, लेकिन सैमसन ने एक चौका जड़ दिया। इसके बाद उन्होंने हार्दिक पांड्या (38 रन देकर कोई विकेट पर) की गेंद को अपने पैड्स से फ्लिक करते हुए एक छक्का भी लगाया। सीएसके की शुरुआत शानदार रही। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (22) और सैमसन ने पावरप्ले के दौरान हार्दिक के पहले दो ओवरों में 19-19 रन बटोरे। दो विकेट गिरने के बावजूद मेहमान टीम 73 रन बनाकर मजबूत स्थिति में थी। लग रहा था कि गायकवाड़ फॉर्म में वापसी कर रहे हैं।

उन्होंने हार्दिक की गेंद पर ऑन-साइड में एक जोरदार शॉट लगाकर शुरुआत की और फिर एक छक्का जड़ा जिससे दूसरे ओवर में कुल 19 रन बने। तीसरे ओवर में गायकवाड़ ने ए एम गजनफर (25 रन देकर दो विकेट) के खिलाफ शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन तिलक वर्मा ने उनका एक शानदार कैच लपक लिया। सीएसके टीम में मौजूद मुंबई के खिलाड़ियों सरफराज खान (14) और शिवम दुबे (05) के लिए यह 'घर वापसी' बिल्कुल भी सुखद नहीं रही। सरफराज के ऑन-साइड में दो चौके लगाने के बावजूद मिचेल सैंटनर ने अगली गेंद विकेटों की लाइन में ही फेंकी।

सरफराज ने अपना 'ट्रेडमार्क' स्वीप शॉट खेलने की कोशिश की, लेकिन गेंद सीधे उनके विकेटों से जा टकराई। नौवें ओवर में गजनफर की गेंद चौथे नंबर पर उतरे भारत के ऑलराउंडर दुबे के बल्ले के अंदरूनी किनारे से टकराकर सीधे विकेटों में जा लगी।

डेवाल्ड ब्रेविस ने 11 गेंद में 21 रन बनाने के लिए कुछ शॉट लगाए लेकिन अश्विनी कुमार (37 रन देकर दो विकेट) की एक बेहतरीन शॉर्ट गेंद पर आउट हो गए। पर सैमसन ने सतर्कता और आक्रामकता का सही तालमेल बिठाते हुए रन जुटाना जारी रखा।

**चेन्नई सुपर किंग्स**

**207/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| संजू सैमसन नाबाद | 101 |
| रुतुराज गायकवाड़ का तिलक बो गजनफर | 22 |
| सरफराज खान बो सैंटनर | 14 |
| शिवम दुबे का गजनफर | 05 |
| डेवाल्ड ब्रेविस का बुमराह बो अश्विनी | 21 |
| कार्तिक शर्मा का सैंटनर बो बुमराह | 18 |
| जेमी ओवरटन का धीर बो अश्विनी | 15 |
| अकील हुसैन नाबाद | 02 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-32, 2-72, 3-91, 4-122, 5-165, 6-181

**गेंदबाजी** : बुमराह 4-0-31-1, हार्दिक 2-0-38-0, गजनफर 4-0-25-2, सैंटनर 4-0-44-1, अश्विनी 4-0-37-2, कृष भगत 2-0-31-0

### सीएसके ने म्हात्रे की जगह आकाश मधवाल को किया शामिल

**चेन्नई।** आयुष म्हात्रे के चोट के कारण आईपीएल-2026 के बचे हुए सत्र से बाहर होने के कारण चेन्नई सुपर किंग्स ने बृहस्पतिवार को उनकी जगह आकाश मधवाल को टीम में शामिल किया। भारत की अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान म्हात्रे ने सीएसके के लिए इस सत्र में शानदार शुरुआत की थी, उन्होंने छह मैच में दो अर्धशतक बनाए लेकिन सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान उन्हें बाईं हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

**ऑरेंज कैप**



- अभिषेक शर्मा हैदराबाद-323 रन
- हेनरिच क्लोसेन हैदराबाद -320
- संजू सैमसन चेन्नई -293 रन

**पर्पल कैप**



- प्रिंस यादव गुजरात - 13 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई - 13 विकेट
- इशान मलिंगा हैदाबाद- 12 विकेट

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 6 | 5 | 0 | 1 | 11 | 1.420 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 7 | 5 | 2 | 0 | 10 | 0.790 |
| 3. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 7 | 4 | 3 | 0 | 8 | 0.820 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.130 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | -0.821 |
| 7. | मुंबई इंडियंस | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | 0.067 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 9. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 7 | 2 | 5 | 0 | 4 | -1.277 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मिचेल स्टार्क को आईपीएल में खेलने के लिए दी हरी झंडी



**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मिचेल स्टार्क को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने की अनुमति दे दी है और उम्मीद है कि यह तेज गेंदबाज दिल्ली कैपिटल्स के एक मई को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मैच के लिए उपलब्ध रहेगा। कोहनी और कंधे में चोट के कारण बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्टार्क जनवरी से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। उन्होंने एशेज के पांचों टेस्ट मैचों में अहम भूमिका निभाई। उन्हें इस सीरीज का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था। इसके बाद उन्होंने सिडनी सिक्सर्स के लिए बिग बैश लीग के पांच मैच भी खेले थे। क्रिकेट डॉट कॉम एयू के अनुसार उम्मीद है कि स्टार्क भारत में अब कड़ा अभ्यास करेंगे। वह दिल्ली के राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एक मई को होने वाले मैच में खेलने की राह पर हैं, जो उनका आईपीएल के वर्तमान सत्र में अपना पहला मैच होगा। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी की आईपीएल के शुरुआती चरण में अनुपस्थिति ने विदेशी खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर बहस छेड़ दी थी, जिसके चलते स्टार्क को सोशल मीडिया पर स्पष्टीकरण भी देना पड़ा था। उन्होंने इसे बेहद गलत जानकारी करार दिया था। स्टार्क ने पिछले सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से 11 मैचों में 14 विकेट लिए थे। दिल्ली अभी छह मैचों में तीन जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

**हाईलाइट**

### वर्ल्ड कप राइफल में प्राची गायकवाड़ ने जीता गोल्ड मैडल

**काहिरा।** प्राची गायकवाड़ ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने मिस्र के काहिरा में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन इवेंट में जूनियर महिलाओं की 50मी राइफल 3 पोजीशन्स (3पी) स्पर्धा में जीत हासिल की। फाइनल में उन्होंने 354 .6 का स्कोर किया और इंडिविजुअल न्यूट्रल एथलीट (एआईएन ) डार्या चुप्रिस को हराया, जिन्होंने 354 .4 का स्कोर किया था। एक और एआईएन शूटर, एलेना क्रेटिनिना ने 343 .3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता; वह 35-शॉट के फाइनल में 34वें शॉट के बाद बाहर हो गईं। नारायण प्रणव ने भी जूनियर पुरुषों की 10मी एयर राइफल स्पर्धा में फाइनल में 229 .5 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यह इस प्रतियोगिता में भारत का दूसरा गोल्ड मेडल था। पदक तालिका में फिर से टॉप पर पहुंच गया है।

### भारतीय पुरुषों की निगाह थॉमस कप में खिताब पर

**होर्सेंस (डेनमार्क)।** आयुष शेट्टी के हाल में शानदार प्रदर्शन तथा अनुभवी खिलाड़ियों के दम पर भारतीय पुरुष टीम शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले बीडब्ल्यूएफ थॉमस कप फाइनल्स में फिर से खिताब जीतने के लिए कोर्ट पर उतरेगी, जबकि उबर कप में महिला टीम अपनी क्षमता से बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेगी। भारत थामस कप में शुक्रवार को कनाडा के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वह सोमवार (27 अप्रैल) को ऑस्ट्रेलिया और बुधवार (29 अप्रैल) को चीन के खिलाफ खेलेगा। भारत ने चार साल पहले थॉमस कप का खिताब अपने नाम करके अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की थी।

### नाइट राइडर्स का मैदान ओलंपिक में क्रिकेट की मेजबानी करेगा

**लॉस एंजिलिस।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संजोग गुप्ता ने कहा कि 2028 में होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट प्रतियोगिता लॉस एंजिलिस नाइट राइडर्स के घरेलू मैदान पर आयोजित की जाएगी, जिसका गुरुवार को शिलान्यास किया गया। गुप्ता ने कहा दुनिया का दूसरा सबसे लोकप्रिय खेल इतने लंबे समय से ओलंपिक मंच से गायब रहा। जब अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में क्रिकेट को शामिल करने की औपचारिक मंजूरी दी। इससे इस बात का पता चलता है कि ओलंपिक में उन खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए जिन्हें अरबों लोग पसंद करते हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने भारत को 9 विकेट से रौंद श्रृंखला में बनाई अजेय बढ़त

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी**

कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (53 गेंदों में 115 रन) की आतिशी शतकीय पारी और पहले विकेट के लिए सुने लुस (42 गेंदों में नाबाद 64 रन) के साथ 92 गेंदों में 183 रन की साझेदारी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने भारत को तीसरे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में नौ विकेट से करारी शिकस्त देकर पांच मैचों की सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली।

भारत ने कप्तान हरमनप्रीत कौर (66) और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा (64) के अर्धशतकों तथा दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 42 गेंदों में 73 रन की साझेदारी की बदौलत चार विकेट पर 192 रन बनाए थे, लेकिन वोल्वार्ट की ताबड़तोड़ पारी ने इस बड़े स्कोर को भी बौना साबित कर दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 16.3 ओवर में एक विकेट पर 193 रन बनाकर भारत के खिलाफ अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। शानदार फॉर्म में चल रही वोल्वार्ट ने पहले दो मैचों में 51 और 54 रन बनाए थे। यह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट इतिहास में लक्ष्य का पीछा करते हुए तीसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने क्रमशः 2023 और 2018 में ऑस्ट्रेलिया और भारत के खिलाफ 212 और 198 रन के लक्ष्य हासिल किए थे।



कप्तान लॉरा वोल्वार्ट (दाएं)।

- **कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने खेली शतकीय पारी**

### टी-20 विश्व कप से पहले कमजोरियां हुईं उजागर : हरमनप्रीत

भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनकी टीम ने सही समय पर खराब प्रदर्शन किया क्योंकि इससे टीम प्रबंधन को कमजोरियों को दूर करने और जून में होने वाले टी20 विश्व कप में 'मजबूत वापसी' करने के लिए पर्याप्त समय मिल गया है। भारतीय महिला टीम को अक्टूबर 2024 में हुए टी20 विश्व कप में ग्रुप चरण से बाहर होने के बाद पहली बार किसी टी20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरा मैच नौ क्रिकेट से जीतकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली। पिछले टी20 विश्व कप से जल्दी बाहर होने के बाद भारतीय टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया तथा वेस्टइंडीज, इंग्लैंड, श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखलाएं जीती।

# बल्लेबाजी पर फोकस करेंगे बेंगलुरु-गुजरात

**बेंगलुरु, एजेंसी**

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और गुजरात टाइटंस की टीम शुक्रवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। चिन्नास्वामी की थोड़ी चिपचिपी पिच पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में आरसीबी के बल्लेबाज नहीं चल पाए थे जिससे उसकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी की यह इस सत्र में दूसरी हार थी जिससे उसने शीर्ष चार में अपनी स्थिति मजबूत करने का मौका गंवा दिया था।

मौजूदा चैंपियन आरसीबी को यह बात अच्छी तरह से पता होगी कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ कमजोर प्रदर्शन से उसकी मुश्किलें बढ़ सकती हैं क्योंकि उसे अब अपने अधिकतर मैच विरोधी टीम के मैदान पर खेलने हैं। यही नहीं वह अब अपने दो घरेलू मैच भी रायपुर में खेलेगा। आरसीबी अब चिन्नास्वामी स्टेडियम में जीत हासिल करके अपने प्रशंसकों को शानदार विदाई देना चाहेगा लेकिन इसके लिए उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी बड़ा स्कोर बनाने का तरीका ढूंढना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ फिल साल्ट को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया था। कप्तान रजत पाटीदार और टिम डेविड जैसे छक्के जड़ने में माहिर बल्लेबाजों को भी रन बनाने के वैकल्पिक तरीके खोजने पड़े, हालांकि उन्हें इसमें बहुत अधिक सफलता नहीं मिली।



अभ्यास सत्र के दौरान विराट कोहली। एजेंसी

### आरसीबी को प्लान बी तैयार रखना होगा

आरसीबी के बल्लेबाजों को एक प्लान बी तैयार रखना चाहिए, क्योंकि इसकी कोई गारंटी नहीं है कि उनका आक्रामक खेल हर समय कारगर साबित होगा। इसी तरह से गुजरात टाइटंस भी अपने बल्लेबाजों के प्रदर्शन से चिंतित है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उसकी पूरी टीम 100 रन पर आउट हो गई थी और उसे 99 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा था।

- **घरेलू मैदान का पूरा फायदा उठाना चाहेगा बेंगलुरु**

**टीम**

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु** : रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, टिम डेविड, जैकब बेथेल, रोमारियो शेफर्ड, जोश हेज़लवुड, नुवान तुषारा, देवदत्त पडिक्कल, जितेश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार, भुवनेश्वर कुमार, जॉर्डन कॉक्स, सुयश शर्मा, वेंकटेश अय्यर, स्वप्निल सिंह, जैकब डफी, कनिष्क चौहान, अभिनंदन सिंह, मंगेश यादव, फिल साल्ट, सात्विक देसवाल, विक्की ओस्तवाल, विहान मल्होत्रा।

**गुजरात टाइटंस** : शुभमन गिल (कप्तान), साई सुदर्शन, शाहरुख खान, अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, टॉम बैंटन, ग्लेन फिलिप्स, जेसन होल्डर, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, साई किशोर, जयंत यादव, अरशद खान, शाहरुख खान, मानव सुथार, राशिद खान, मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा।

**बोले-जडेजा** | राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं कर पाए हैं 'जड्डू'

# मैदान पर आने से पहले अहंकार छोड़ देता हूं होटल में ही



**नई दिल्ली, एजेंसी**

रविंद्र जडेजा ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र में राजस्थान रॉयल्स की तरफ से खेलते हुए विभिन्न कारणों से अधिकतर मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे नहीं किए हैं लेकिन उन्हें इस बात का कोई शिकवा नहीं है और उनका कहना है कि वह मैदान पर आने से पहले अपना अहंकार होटल के कमरे में छोड़ देते हैं। जडेजा ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अपनी टीम को 40 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इससे पहले कुछ मैचों में अपने कोटे के चार ओवर पूरे न कर पाने के बारे में जडेजा ने जियोहॉटस्टार से कहा जब मैं मैदान पर आता हूं, तो मैं अपना अहंकार होटल के कमरे में ही छोड़ देता हूं। मैं केवल इस बारे में सोचता हूं कि टीम मुझसे जिस तरह की भी अपेक्षा करेगी मैं उसे पूरी करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा अगर इस मैच में बल्लेबाजी की बात करें तो मैं पारी के आखिर तक खेलना चाहता था क्योंकि अगर मैं 17वें या 18वें ओवर में गलत शॉट खेलकर आउट हो जाता तो हम 159 रन तक नहीं पहुंच पाते और शायद 20-25 रन कम बना पाते। जडेजा ने 29 गेंद पर 43 रन बनाए और फिर चार ओवरों में 29 रन देकर एक विकेट लेकर जीत में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा एलएसजी के लिए छोटा लक्ष्य हासिल करना शायद आसान होता। टी20 क्रिकेट में हर पिच, हर परिस्थिति और हर मैच की स्थिति अलग होती है, इसलिए आपको उसके अनुसार खेलना होता है। एकाना स्टेडियम की पिच पर धीमी गेंदबाजी करने के बारे में जडेजा ने कहा जब मैं दिग्वेश राठी के सामने बल्लेबाजी कर रहा था तो उनकी कुछ गेंदें रुक कर विकेट पर आ रही थी। इसलिए मैंने सोचा कि अगर मैं इस पिच पर धीमी गेंदबाजी करूं तो शायद मुझे भी कुछ मदद मिल सके। इस बीच पूर्व भारतीय खिलाड़ी और बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत के बल्लेबाजी के तरीके पर निराशा व्यक्त की। बांगड़ ने कहा अपनी पारी की शुरुआत में उन्होंने जिस शॉट को खेलने की कोशिश की, वह सही तरीका नहीं था। उन्होंने जिन तीन गेंद का सामना किया उन पर 'एक्रॉस द लाइन' शॉट खेलने का प्रयास किया। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने का काफी अनुभव है और अगर वह शुरुआत में स्पष्ट रणनीति के साथ खेलते हैं तो उन्हें बेहतर परिणाम मिलेंगे।

### एकाना की पिच वाका जैसी : मुख्य कोच लैंगर

**लखनऊ :** लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने एकाना की पिच की तुलना पर्थ की बीते जमाने की मशहूर वाका पिच से की और स्वीकार किया कि उनकी टीम इसमें मिलने वाली गति और उछाल से तालमेल बिठाने में नाकाम रही है। एलएसजी अपने घरेलू मैदान पर अब तक खेले गए तीनों मैच हार चुका है। दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात टाइंट्स के खिलाफ उसे यहां क्रमश : छह और सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा जबकि बुधवार को राजस्थान रॉयल्स ने उसे 40 रन से हराया।

# बार्सिलोना ने लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग का खिताब जीता

**बार्सिलोना, एजेंसी**

बार्सिलोना ने एस्पेनयोल को 4-1 से हराकर लगातार सातवीं बार महिला स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस जीत से बार्सिलोना दूसरे स्थान पर मौजूद रियाल मैड्रिड से 16 अंक आगे हो गया है जो खिताब जीतने के लिए पर्याप्त हैं। बार्सिलोना का यह 11वां लीग खिताब है।

बार्सिलोना ने इस साल के टूर्नामेंट में अपने 26 मैचों में से 25 मैच जीते हैं। पिछले साल नवंबर में उसे रियल सोसिडाड के हाथों 1-0 से हार का सामना करना पड़ा था जो उसकी एकमात्र हार थी। बार्सिलोना की महिला टीम ने लीग में अब तक 116 गोल किए हैं और सात गोल खाए हैं। इस तरह से उसका गोल अंतर 109 है।

### प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा मैनचेस्टर सिटी

**लंदन, एजेंसी** (स्टार स्ट्राइकर एर्लिंग हालैंड के गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने बर्नली को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान हासिल करके आर्सेनल के 200 दिनों से पहले स्थान पर चल रहे दबदबे को समाप्त कर दिया। बर्नली के लिए यह हार करारा झटका है क्योंकि इससे वह दूसरे डिवीजन में खिसक गया है। हालैंड ने खेल के पांचवें मिनट में ही जेरेमी डोकु के पास पर लीग का अपना 24वां गोल दागा, जिससे सिटी खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है। अब सिटी और आर्सेनल के 33 मैच में समान 70 अंक हो गए हैं और उनका गोल अंतर भी (37) बराबर है। सिटी ने हालांकि आर्सेनल के 63 गोल की तुलना में 66 गोल किए हैं जिससे वह पहले स्थान पर पहुंच गया है।

### यामल चोटिल, विश्व कप में भाग लेना मुश्किल

बार्सिलोना, एजेंसी : युवा फुटबॉलर लामिन यामल स्पेनिश लीग फुटबाल टूर्नामेंट के मैच में बार्सिलोना की सेल्टा विगो पर 1-0 से जीत के दौरान चोटिल हो गए जिससे उनकी विश्व कप में खेलने को लेकर आशंका बन गई है। यामल ने 40वें मिनट में पेनल्टी पर गोल किया लेकिन इस दौरान वह चोटिल हो गए। जैसे ही उनके साथी खिलाड़ी जश्न मनाने के लिए पहुंचे, वह जमीन पर गिर पड़े और फिर अपने बाएं पैर के पिछले हिस्से को पकड़ते हुए दिखाई दिए। यामल इसके बाद आगे नहीं खेल पाए।